सूर्योदय 6:50 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.8 न्यू | 18.6 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,673 |
| निफ्टी | 25,910 |
| सोना | 1,21,366 |
| चांदी | 1,51,850 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 19 नवंबर 2025 | 4 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 322, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अब बेहतर इलाज के लिए हिमाचल से बाहर जाने की जरुरत नहीं।
सिटी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के
वरिष्ठ विशेषज्ञों की ओपीडी/ आईपीडी की सेवाएं अब कांगड़ा में उपलब्ध है
मटौर, घुरकड़ी खास, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
Facilities / सुविधाएं
• Cardiology, • Neurosurgery, • Nephrology, • Orthopaedics
• Obstetrics & Gynecology, • Urology, • General Medicine
• Plastic, Reconstructive & Vascular Surgery, • Paediatrics
• Laparoscopic & General Surgery, • Gastroenterology
• Critical Care Medicine, • Interventional & Diagnostic Radiology
• Physiotherapy, • IVF Centre
हम आपकी सेवा में तैयार हैं
TPA ECHS
Other Facilities / अन्य सुविधाएं
• आई.सी.यू / ICU , • सी.सी.यू /CCU , • एन.आई.सी.यू / NICU
• ई.ई.जी/टी.एम. टी/ई.सी.जी/इको EEG/TMT/ECG/ECHO
• कैथ लैब (Cathlab), • फाइब्रो स्कैन (Fibro Scan) ,
• डायलिसिस (Dialysis) , • सोनोग्राफी (Sonography),
• Endoscopy/Colonoscopy, • MRI (1.5 Tesla),
• CT Scan, • Ultrasound 3D/4D, • Dietitian & Nutrition
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
8091040556/9015400749/8647970000, Website: www.citysuperspeciality.com
Mataur, Palampur Road, Opp. Petrol Pump, Kangra (HP) 176001
24x7 Emergency, Laboratory, Pharmacy, Radiology Services

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
B.Tech (AI & ML) with IBM
Innovation Centre for Education
PATHANKOT-PUNJAB
www.srisaigroup.in
84271 84271, 9417050602

# आपदा राहत पहुंचाने के बाद ही होंगे पंचायत चुनाव : मुख्यमंत्री सुक्खू

## बोले- चुनाव आयोग की नोटिफिकेशन का किया जाएगा कानूनी अध्ययन

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पंचायत चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अभी डिजास्टर एक्ट लगा हुआ है। प्रदेश में कुछ सड़कें अभी तक पूरी तरह से बहाल नहीं हुई हैं। आपदा प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना मेरा पहला कार्य है। प्रदेश के लोगों को आपदा से पूरी तरह राहत पहुंचाने के बाद ही पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे। ये बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से पालमपुर के निकटवर्ती गांव गुजरेहड़ा में आयोजित एक समारोह के दौरान कहीं। सीएम यहां आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रवि शंकर से भेंट करने विशेष रूप से दिल्ली से सीधे यहां आए थे।

चुनाव आयोग ने पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर निकाली नोटिफिकेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका कानूनी अध्ययन किया जाएगा, जो कानून के आधार पर ठीक होगा वैसा ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शानन प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि हम कोई हिस्सेदारी नहीं मांग रहे हैं, हम हिमाचल का अधिकार मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानन प्रोजेक्ट की 99 साल की लीज खत्म हो चुकी है। अब इस प्रोजेक्ट पर पंजाब का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है हम सिर्फ उनसे अपना अधिकार मांग रहे हैं। जब हिमाचल में कोई भी पावर प्रोजेक्ट लगता है तो सबसे ज्यादा नुकसान भी हिमाचल के लोगों को ही उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जो पावर प्रोजेक्ट फ्री हो गए हैं उनसे भी हमें 50 प्रतिशत रॉयल्टी मिलनी चाहिए।

### विचलित है आज का युवा : श्रीश्री रवि शंकर



पालमपुर के गुजरेहड़ा में श्रीश्री रवि शंकर से भेंट करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**कार्यक्रम** के दौरान आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रवि शंकर ने कहा कि आज के युवा विचलित है जिसका मुख्य कारण तनाव है। युवाओं को नशों से दूर रहकर अध्यात्म से जुड़ना चाहिए। शिक्षा ही काफी नहीं है, उसके साथ संस्कारों का होना भी जरूरी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने डॉक्टरी की पढ़ाई करके लोगों को ठीक करना होता है, वे लोग इतने पढ़े-लिखे होकर दूसरों की जान ले रहे हैं।

### पहली बार लंबा होगा धर्मशाला में शीत सत्र

**धर्मशाला** में शीतकालीन सत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार धर्मशाला में इतना लंबा सेशन होने जा रहा है और यह फैसला भी यहां के लोगों के कारोबार को मद्देनजर रखते हुए लिया गया है। पूर्व में जब सेशन होता था, उस वक्त नया साल शुरू होता था और उस वक्त पर्यटन सीजन पीक पर होता था और होटल कारोबारी प्रभावित होते थे। ऐसे में पहली बार यह फैसला लिया गया है कि सेशन नवंबर अंत में होगा, ताकि होटल कारोबारियों को इसका लाभ मिल सके।

# हिमाचल में डीसी नहीं मान रहे इलेक्शन कमीशन के ऑर्डर

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासनिक असहमति का गंभीर मामला तेजी से उभरकर सामने आया है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन पर स्पष्ट रोक के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि सभी जिलों में यह प्रक्रिया तत्काल थम जाएगी, लेकिन कई जिलों के डिप्टी कमिश्नर आयोग के आदेशों का पालन करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। इससे चुनावी वातावरण में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है और सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जिलों की यह मनमर्जी किसके संकेत पर और किस भरोसे पर चल रही है।

सूत्र बताते हैं कि कुछ डीसी स्तर पर फाइलों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है, जबकि आयोग ने इसे आचार संहिता और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ माना है। आयोग के निर्देशों में साफ उल्लेख किया गया था कि चुनाव की घोषणा से पूर्व किसी भी प्रकार का पुनर्गठन, सीमा परिवर्तन या नई इकाइयों का प्रस्ताव तैयार करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कई जिलों में संबंधित शाखाओं को मौखिक निर्देश देकर कार्य जारी रखने की बात सामने आई है।

**विशेषज्ञ बोले निर्देशों की अवहेलना बनी बड़ा संवैधानिक मुद्दा**

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह स्थिति न केवल आयोग की अधिकारिता को चुनौती देती है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। इस तरह की अवहेलना आमतौर पर उन स्थितियों में देखने को मिलती है, जब प्रशासन और आयोग के बीच समन्वय कमजोर हो जाए या किसी स्तर पर राजनीतिक दबाव महसूस किया जाए।

इस विवाद के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया है कि पंचायत चुनाव तभी कराए जाएंगे जब आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों को पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। सीएम का यह बयान चुनाव कार्यक्रम को लेकर नए संकेत देता है, मगर साथ ही यह भी दर्शाता है कि सरकार चुनाव प्रक्रिया को लेकर फिलहाल अधूरी तैयारियों को लेकर सतर्क है। वहीं, आयोग का यह कहना कि आदेशों की अनदेखी स्वीकार्य नहीं है, प्रशासन की कार्यशैली को और कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### चुनाव की निष्पक्षता पर पड़ सकता है असर

**बता** दें कि चुनावी व्यवस्थाओं में आयोग के आदेश सर्वोपरि माने जाते हैं। ऐसे में यदि डीसी स्तर पर ही निर्देशों की अवहेलना होने लगे तो यह मामला केवल प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि एक गंभीर संवैधानिक मुद्दा बन सकता है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि आयोग इस स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाता है और प्रदेश सरकार जिलों में चल रही इस अवहेलना के लिए क्या जवाबदेही तय करती है। यदि समय रहते इस विवाद को नहीं सुलझाया गया, तो पंचायत चुनावों की राह और भी मुश्किल होती दिख रही है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली की 3 अदालतों व 2 स्कूलों को बम की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था। इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवॉड जांच कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हमले की साजिश नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेंगलुरु हवाई अड्डे पर एक व्यक्ति सोहेल अहमद को शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो टैक्सी चालकों के बीच हुए झगड़े के बाद उन पर चाकू से हमला करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी 25 को राम मंदिर में करेंगे ध्वजारोहण

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या के राममंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 25 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी बटन दबाकर ध्वज को फहराएंगे, उनके साथ मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए 12 बजे से 12.30 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त तय किया गया है। बटन दबाने के बाद 10 सेकेंड में ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे। (अनंत ज्ञान

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ हिमाचल में ऑस्टियोपैथी कॉलेज बनाने की उत्सुक आर्ट ऑफ लिविंग पेज 5
▶▶ गो रक्षा दल ने गउओं से भरा टैंपो किया जब्त -पेज 6
▶▶ गड्ढों में फंसा महादेव-भलवाहन मार्ग, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी -पेज 9
▶▶ मनाली व भुंतर में 6 किलो चरस के साथ 3 गिरफ्तार -पेज 11
▶▶ फांसी की सजा भी कम, अब शेख हसीना को सौंपे भारत -पेज 13

# एक करोड़ का इनामी नक्सली हिड़मा पत्नी सहित ढेर

एजेंसी, छत्तीसगढ़

देश के सबसे खतरनाक नक्सल कमांडरों में शामिल माड़वी हिड़मा छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश बॉर्डर पर मरेडमिल्ली जंगल में मंगलवार सुबह हुए एनकाउंटर में मारा गया है। उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का और 4 अन्य नक्सलियों को भी ढेर कर दिया गया है। मारे गए 6 नक्सलियों में से 4 की पहचान की जा चुकी है। एक न्यूज एजेंसी ने छत्तीसगढ़ पुलिस के हवाले से इसकी पुष्टि की है।



एजेंसी रिपोर्ट के मुताबिक, गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को हिडमा को खत्म करने के लिए 30 नवंबर तक की डेडलाइन दी थी। इसके बाद आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित मरेडमिल्ली के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इसी ऑपरेशन में हिड़मा डेडलाइन से 12 दिन पहले ही मार गिराया गया है।

हिड़मा पिछले 2 दशक में हुए 26 से ज्यादा बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रहा है। इसमें 2010 दंतेवाड़ा हमला भी शामिल है, जिसमें 76 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। इसके अलावा 2013 में झीरम घाटी हमले, 2021 सुकमा-बीजापुर हमले में भी हिडमा की भूमिका रही है। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षाबलों ने 31 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**सुकमा।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा, कृष्णा, एलुरु और एनटीआर जिलों में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 9 केंद्रीय समिति के सदस्य देवूजी के सुरक्षा गार्ड हैं, जबकि अन्य नक्सली दक्षिण क्षेत्रीय समिति से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंजूरी पर रोक लगाने वाला फैसला लिया वापस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं को पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी देने से रोक दिया था। इस फैसले को मंगलवार को 2:1 के बहुमत वापस ले लिया गया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने वनशक्ति फैसले के खिलाफ दायर लगभग 40 समीक्षा और संशोधन याचिकाओं पर तीन अलग-अलग फैसले सुनाए गए हैं। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने 16 मई के फैसले में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं को पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी देने से रोक दिया था। (अनंत ज्ञान)

# आतंकी डॉ. उमर बोला-सुसाइड बॉम्बिंग शहीद होने का मिशन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को आत्मघाती हमला करने वाले आतंकी डॉ. उमर का नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो आतंकी ने ब्लास्ट से पहले बनाया था। इसमें वह आत्मघाती हमले को लेकर बात रख रहा है। इससे माना जा रहा है कि वह फिदायीन हमला पहले से प्लान कर रहा था। वीडियो में उमर टूटी-फूटी अंग्रेजी में बात कर रहा है। उसने कहा कि एक बात जो नहीं समझी गई कि यह शहीद होने के लिए ऑपरेशन (मार्टरडम ऑपरेशन) है, न कि सुसाइड हमला। इसको लेकर कई विरोधाभास हैं। दरअसल मार्टरडम ऑपरेशन के लिए माना जाता है कि कोई व्यक्ति निश्चित रूप से किसी जगह पर निश्चित समय पर जान देता है। (अनंत ज्ञान)



दिल्ली धमाके से पहले बनाया वीडियो

### आरोपी जसीर 10 दिन के रिमांड पर

**दिल्ली** के लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के मामले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को मंगलवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मांग पर कोर्ट ने आरोपी जसीर को 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है। जासिर बिलाल आतंकी उमर का सहयोगी है। उसकी रिमांड मिलने से जांच एजेंसी को धमाके के पीछे की साजिश का पता चल सकेगा।

# दल-बदल मामले में तेलंगाना स्पीकर एक हफ्ते में लें अंतिम फैसला : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा के उस मामले में कड़ा रुख अपनाया, जिसमें बीआरएस से कांग्रेस में गए 10 विधायकों को दल-बदल कानून के तहत अयोग्य घोषित करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने तेलंगाना विधानसभा स्पीकर को चेतावनी दी कि अगर एक हफ्ते के अंदर इस याचिका पर फैसला नहीं हुआ तो अदालत इसे कोर्ट की अवमानना मानेगी।

दरअसल, पिछले साल हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बाद बीआरएस के 10 विधायकों ने कांग्रेस ज्वॉइन कर ली थी। इसके बाद बीआरएस ने इन सभी विधायकों के खिलाफ दसवीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के तहत अयोग्य ठहराने की अर्जी स्पीकर के सामने रखी थी, लेकिन एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद स्पीकर ने कोई फैसला नहीं लिया। (अनंत ज्ञान)

# विमल नेगी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को लगाई कड़ी फटकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत की जांच कर रही सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट ने तीखी फटकार लगाई है।

अदालत ने सीबीआई की जांच रिपोर्ट को बेहद कमजोर बताते हुए टिप्पणी की कि ऐसे अधिकारी सेवा में रहने लायक नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच अधिकारी के पास ठोस तथ्य और सबूतों की जगह केवल बयान दर्ज हैं, जिन्हें आधार बनाकर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत के मुताबिक, सीबीआई आरोपी पक्ष के सहयोग न करने का बहाना बनाती रही, जबकि उसकी पेश की गई रिपोर्ट में कोई भी ठोस पैराग्राफ सबूत के रूप में मौजूद नहीं था।

विमल नेगी केस में आरोपी रहे पावर कॉरपोरेशन के निदेशक देशराज को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त अग्रिम जमानत प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद देशराज ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# बिहार में सरकार गठन को लेकर अमित शाह के घर भाजपा-जदयू के साथ मंथन

एजेंसी, नई दिल्ली

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार के गठन पर मंगलवार को दिल्ली में मंथन हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर भाजपा और जदयू के वरीय नेताओं की बैठक हुई। इसमें एनडीए विधायक दल की बैठक, शपथ ग्रहण समारोह के अलावा नई सरकार में मंत्रिमंडल के सदस्यों के नामों पर भी चर्चा की गई।

शाह के दिल्ली आवास पर हुई बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह समेत एनडीए के वरीय नेता मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि इस बैठक में भाजपा, जदयू और अन्य घटक दलों से कितने और कौन-कौन से मंत्री बनाए जाने हैं, उस पर चर्चा की गई। इसके अलावा शपथ ग्रहण समारोह और सरकार गठन से जुड़ी अन्य बातों पर भी मंथन किया गया। बता दें कि 20 नवंबर को नीतीश सरकार का शपथ ग्रहण होगा। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप बोले-अमेरिका चिप भी नहीं बना पा रहा, जरूरी है बाहरी टैलेंट

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूं तो इमिग्रेशन को लेकर काफी सख्त नीतियां अपना रहे हैं, लेकिन वह इस बात को भी मान रहे हैं कि अमेरिका में इतना टैलेंट ही नहीं है कि उनसे काम कराया जा सके। उन्होंने एक बार फिर दोहराया है एच-वन-बी वीजा अमेरिका के लिए जरूरी है।

उनका कहना है कि विदेशों से आने वाले कामगार जरूरी हैं क्योंकि वे अमेरिकी कामगारों को प्रशिक्षित करते हैं। उन्होंने अपनी बात साबित करने के लिए यह भी कहा कि अमेरिका के लोगों को तो माइक्रोचिप बनाना भी नहीं आता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका में बहुत कम चिप्स बनती हैं, लेकिन आने वाले एक वर्ष में अमेरिका फिर से बड़े स्तर पर चिप निर्माण करेगा।

**राष्ट्रपति ने एच-1बी वीजा का खुलकर किया समर्थन**



बता दें कि इस वक्त अमेरिका घरेलू सेमीकंडक्टर चिप इंडस्ट्री के पुनर्निर्माण का प्रयास कर रहा है। उन्होंने अमेरिकी वर्कफोर्स पर भड़कते हुए कहा कि अमेरिकी लोगों को फिर से चिप बनाना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि पहले अमेरिका यह काम करता था लेकिन अब उसने यह उद्योग ताइवान के हाथों गंवा दिया। पिछले हफ्ते, ट्रंप ने फॉक्स न्यूज की लॉरा इंग्राहम के साथ एक साक्षात्कार में एच-1बी वीजा कार्यक्रम का समर्थन किया था। जब पूछा गया कि क्या उनकी सरकार इस वीजा को कम महत्व देगी, तो ट्रंप ने कहा, हमें बाहर से प्रतिभाशाली लोग लाने ही पड़ेंगे। आपके पास कुछ खास तरह की प्रतिभा नहीं है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी पंक्ति में खड़े लोगों को अचानक मिसाइल बनाने वाले कारखाने में नहीं लगाया जा सकता, इसके लिए विशेष कौशल चाहिए, जो अमेरिकियों में है ही नहीं। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** 70 बड़े डिफाल्टरों पर कसेगा शिकंजा, 27 को गिरफ्तारी के वारंट जारी

# हिमाचल एससी/एसटी विकास निगम में 10 करोड़ का घपला

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम की तरफ से आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना, स्वरोजगार योजना, अवधि ऋण योजना, शिक्षा ऋण योजना, अंबेडकर लघु ऋण योजनाओं के तहत आसान ऋण प्रदान किए गए पर इसमें 70 ऐसे डिफाल्टर है, जिन्होंने निगम के पैसे को डकारने की नियत के ऋण लिया। निगम की पड़ताल में 10 करोड़ रुपए की एनपीए सामने आया है। घोटाला उजागर होते ही निगम ने 27 डिफाल्टरों को गिरफ्तारी का वारंट जारी किए हैं। निगम की लिस्ट में 70 बड़े डिफाल्टर है जिन्होंने करीब 6 करोड़ का ऋण नहीं चुकाया।





### न भैंसों की खरीद की, न ऋण का भुगतान

46 साल में 400 करोड़ से ज्यादा की राशि 2.6 लाख परिवारों को बांटी गई, लेकिन अब निगम को ऐसे डिफॉल्टरों से जूझना पड़ रहा है, जो जान-बूझकर पैसा नहीं लौटा रहे। एससी/एसटी विकास निगम द्वारा सिरमौर जिला में भैंसों की खरीद के लिए दिए गए 22.50 लाख रुपए के ऋण को ऋणधारक ने ही डकार लिया है। उसने न भैंसों की खरीद की और न ही ऋण का भुगतान किया। स्थिति यह हो गई कि अब ऋण की राशि बढ़कर 25 लाख रुपए हो गई है। अब निगम को अपने ऋण की रिकवरी करना टेढ़ी खीर बन गया है। करीब 900 मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू हुई थी, जिनमें बड़ी संख्या आज भी खुली है। निगम अब उन 70 बड़े डिफाल्टरों पर शिकंजा कस रहा है, जिनकी राशि 6 करोड़ रुपए से अधिक है। कई मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं और 22 मामलों में जमीन की नीलामी अंतिम चरण में है। इससे घबराकर कई डिफॉल्टर अब पैसा जमा करने को मजबूर हुए हैं।

### जरूरतमंद की मदद को बना था निगम

14 नवंबर, 1979 को 'हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति विकास निगम' अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके जीवन में और सुधार लाना है। कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत निगम द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं को कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स इत्यादि पारंपरिक और गैर-पारंपरिक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षुओ को प्रति माह 500 से 750 रुपए तक का वजीफा भी दिया जाता हैं।

### क्या कहते हैं एससी/एसटी विकास निगम के एमडी



**एससी**/एसटी विकास निगम के एमडी अजय यादव ने कहा कि अधिकतर केस प्राकृतिक आपदा या मजबूरी के नहीं, बल्कि जान-बूझकर की गई ठगी हैं। सिरमौर का मामला इसका बड़ा उदाहरण है, जहां 22.5 लाख का लोन लेकर पशु खरीदने का दावा किया गया, लेकिन बाद में पूरा सेटअप ही गायब मिला। यादव ने चेतावनी दी है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत पाई गई, तो वे भी कार्रवाई से नहीं बचेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में आज स्थापित होंगे स्मार्ट फीडर मीटर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भोरंज में 33/11 केवी सब-स्टेशन से जुड़े सभी 11 केवी फ़ीडरों पर 19 नवंबर को स्मार्ट फ़ीडर मीटर लगाए जाएंगे। विभाग ने इसे विद्युत आपूर्ति को आधुनिक, सुरक्षित और अधिक कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सहायक अभियंता वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट फीडर मीटर ऊर्जा हानि को कम करने, आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने और उपभोक्ताओं तक निर्बाध बिजली पहुंचाने में सहायक होंगे। इस तकनीक से फीडरों की वास्तविक समय में निगरानी, दोषों का शीघ्र पता लगाना और सेवा बहाली की प्रक्रिया तेज़ होगी। उन्होंने बताया कि मीटर स्थापना कार्य के दौरान सभी 11 केवी फ़ीडरों की बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। जनता से इस अवधि में सहयोग की अपील की गई है।

### 25 तक जमा न किया बिल तो कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल में सभी क्षेत्रों के घरेलू, व्यावसायिक और सरकारी उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग ने चेतावनी दी है कि लंबित बिल 25 नवंबर तक जमा करना अनिवार्य है। सहायक अभियंता वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद बिल न जमा करने वालों की बिजली आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जाएगी। विभाग ने कहा कि यह कार्रवाई नियमों के अनुरूप की जाएगी और उपभोक्ताओं को किसी असुविधा से बचने के लिए समय पर भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही ऑनलाइन या विभागीय कार्यालयों से बिल जमा करने की सुविधा का उपयोग करने की अपील की गई है।

### युवा उत्सव के लिए प्रतिभागियों का चयन 21 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेशनल यूथ फेस्टिवल-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए जिला हमीरपुर के प्रतिभागियों का चयन 21 नवंबर को सुबह 10 बजे सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन परिसर में किया जाएगा। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी विवेक वर्मा ने बताया कि चयन छह प्रतियोगिताओं–समूह लोक नृत्य, समूह लोक गान, भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन और चित्रकला–के लिए होगा। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। उन्होंने पात्र युवाओं से निर्धारित तिथि व समय पर चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने की अपील की है।

### छात्राओं को तनाव व भावनाओं का प्रबंधन सिखाया

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में महिला एंव बाल विकास संस्था की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरियो के लिए तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मनोवैज्ञानिक व करियर कांउसलर शीतल वर्मा, सीडीपीओ नादौन संजय गर्ग व पर्यवेक्षक भागीरथ सहित विभिन्न पंचायतों से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शीतल वर्मा ने छात्राओं को तनाव प्रबंधन व अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखने के बारे में समझाया। उन्होंने छात्राओं को तनाव मुक्त रहते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों को तनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए करियर काउंसलर सहित अन्य सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय में भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे व संस्था की तरफ से बच्चों को फल वितरित किए गए।

### विद्यार्थी ऋण योजना की सुविधाएं बताईं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अब गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना आसान हो गया है। प्रदेश सरकार ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना में संशोधन करते हुए अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय की सीमा 4 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दी है। इसके तहत छात्र केवल एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा केवल बोनाफाइड हिमाचली बच्चों और युवाओं के लिए उपलब्ध है। योजना के अनुसार, संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रमुख द्वारा बैंक को जारी विद्यार्थी संस्तुति पत्र को राज्य नोडल अधिकारी (उच्चतर शिक्षा निदेशक) द्वारा वेरीफाई किया जाएगा। 7.5 लाख रुपए तक के ऋण पर गारंटी की आवश्यकता नहीं है, जबकि इससे अधिक राशि पर गारंटी प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले के योग्य और जरूरतमंद विद्यार्थियों से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### भाजपा हमीरपुर की किसान व आईटी बैठकें संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर ने बाईपास रोड स्थित बसंत रिजॉर्ट में जिला किसान मोर्चा एवं आईटी सेल की परिचयात्मक बैठकें आयोजित कीं। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा विशेष अतिथि रहे। प्रथम सत्र में प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव देशटा एवं उपाध्यक्ष संदीप क्षेम ने जिला किसान मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए किसान हितों की रक्षा और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। संगठनात्मक मजबूती और पंचायत स्तर पर सक्रिय भूमिका पर भी चर्चा हुई। द्वितीय सत्र में प्रदेश आईटी संयोजक अनिल डडवाल और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के आईटी संयोजक जग सिंह ठाकुर ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग और सोशल मीडिया के अनुशासित संचालन पर मार्गदर्शन दिया। भाजपा जिला हमीरपुर ने इन बैठकों के माध्यम से बूथ और मंडल स्तर पर किसान मोर्चा व आईटी टीमों को अधिक सुदृढ़ और सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।

### डिग्री पूरी करने के लिए विद्यार्थियों को विशेष मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी के सत्र 2017-18 (डायरेक्ट एंट्री) और सत्र 2018-19 (लेटरल एंट्री) के विद्यार्थियों को डिग्री पूरा करने के लिए विशेष मौका देने निर्णय लिया है। उपरोक्त सत्र के पहले से आठवें सेमेस्टर तक के विद्यार्थियों को डिग्री पूरा करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म 21 नवंबर तक जमा करना होगा। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि बी फार्मेसी के उपरोक्त सत्र के विद्यार्थियों ईमेल या डाक के माध्यम से परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय भेज सकते हैं। डिग्री पूरा करने के लिए विशेष मौके की परीक्षा देने संबंधित शुल्क के बारे में विद्यार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट देख सकते हैं। परीक्षा का ऑनलाइन फार्म भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### युवाओं के लिए विदेश में नौकरी का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से युवाओं को संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार उपलब्ध करवाने का अवसर प्रदान किया है। भर्ती प्रतिनिधि कंपनी जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के जरिए यूएई में भोजन और अन्य खाद्य वस्तुओं की डिलीवरी के लिए बाइक राइडरों की जरूरत है। पदों के लिए 20 से 37 वर्ष तक के दसवीं पास एवं अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान रखने वाले युवा पात्र हैं। उम्मीदवारों के पास गियर वाली बाइक का ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट होना चाहिए, जिसकी वैधता कम से कम एक वर्ष की हो। चयनित युवाओं को 2500 दिरहम मासिक वेतन के अलावा कमीशन और टिप मिलेंगे, जिससे वे हर माह 70 हजार से एक लाख रुपये तक कमा सकते हैं। सप्ताह में 6 दिन, प्रतिदिन 10 घंटे की ड्यूटी होगी। इच्छुक उम्मीदवार 22 नवंबर तक गूगल फार्म भरकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को औपचारिकताएं पूरी करने हेतु 35,400 रुपए शुल्क अदा करना होगा। पगड़ीधारी युवाओं के लिए हेलमेट अनिवार्य है।

### स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कांगू में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का 18 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. संजीव राणा ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, ट्रैफिक नियम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी फैलाए। मुख्य अतिथि ने युवाओं से नशे से दूर रहने, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी और विद्यालय प्रशासन ने सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन 20 तक करें पूरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान ने जिला के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों तथा मुख्य अध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वे शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए पात्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन और त्रुटियुक्त आवेदनों का पुनः सत्यापन 20 नवंबर तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि अगर स्कूल स्तर पर छात्रवृत्ति का कोई भी मामला लंबित रहता है। सत्यापित या पुनः सत्यापित नहीं होता है अथवा उसमें कोई त्रुटि पाई जाती है तो स्कूल प्रमुख और छात्रवृत्ति प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डॉ. मोही राम चौहान ने कहा कि सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खाते, आधार कार्ड के साथ सीड होने चाहिए और इनके प्रमाण पत्र 30 नवंबर तक उपनिदेशक कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

# लंबित मांगों पर सरकार को चेतावनी

## हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक में उठाया बकाया पेंशन व महंगाई भत्ता मुद्दा



प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम और जिला प्रधान शिव कुमार कौड़ा की अध्यक्षता में हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक संपन्न।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ, जिला इकाई चंबा की सत्र 2025-27 की प्रथम बैठक जिला बनिखेत में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम की उपस्थिति और जिला प्रधान शिव कुमार कौड़ा की अध्यक्षता रही। बैठक का मंच संचालन जिला महासचिव शेर सिंह ने किया और उपस्थित सदस्यों को चम्बा जिला इकाई की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी जैसे प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, महासचिव ओम राज कंवर, वित्त सचिव शम्भू राम जस्वाल और अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। 80 वर्ष पार वरिष्ठतम पेंशनरों को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसमें देवेन्द्र, कन्हैया लाल, जर्म सिंह, धनो देवी, सुदर्शना और प्रेम लत्ता प्रमुख रूप से शामिल थे। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने सरकार द्वारा पेंशनरों के आर्थिक लाभों में लंबितता, विशेषकर जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक की संशोधित ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्यूटेशन, चिकित्सा बिलों का भुगतान न होना, महंगाई भत्ता की पिछली किस्तें जारी न होना और लंबित बकाया राशि की समस्या पर सरकार के सौतेले व्यवहार की कड़ी आलोचना की।

प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम ने बताया कि संघ ने 7 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा था और इसकी प्रति मुख्य सचिव व वित्त सचिव को भी उपलब्ध कराई गई थी। सरकार ने केवल 15 अक्टूबर को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता की किस्त जारी की और छह महीने का एरियर ही जमा किया। 8 नवम्बर को हमीरपुर में मुख्यमंत्री से मिलकर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया और पेंशनरों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर चर्चा की गई। प्रदेश पदाधिकारियों ने पेंशनरों को आश्वासन दिया कि संघ उनकी ज्वलंत आर्थिक मांगों के प्रति सजग और प्रयत्नशील है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करती, तो पेंशनरों को संघर्ष का मार्ग अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में सदस्य कुन्दन लाल सहित अन्य पेंशनरों के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। सिहुन्ता, ककीरा, सलूणी, चम्बा, मैहला और बनीखेत खंडों से सौ से अधिक पदाधिकारी और सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। यह बैठक पेंशनरों की आर्थिक समस्याओं को लेकर सरकार पर दबाव बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# रविंद्र सिंह रवि ने पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की मुलाकात



रविंद्र सिंह रवि पूर्व सीएम प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि मंगलवार को अपने मंडल कार्यकारिणी पदाधिकारियों सहित समीरपुर पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान संगठनात्मक विषयों और प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि प्रो. धूमल पार्टी के मार्गदर्शक हैं और उनका अनुभव भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि भाजपा जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी क्रम में मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जा रही है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भी मंडल पदाधिकारियों से संगठनात्मक मजबूती, जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने और आने वाले चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर पर सशक्त टीम तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान विकास और जनसेवा की राजनीति है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता ने निरंतर आगे बढ़ाना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रो. धूमल के मार्गदर्शन को अपने लिए गर्व और उत्साह का विषय बताया।

## 11 एनआईटी में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद का सौंपा अतिरिक्त प्रभार

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटीएस) के कुलाध्यक्ष के रूप में अपनी क्षमता के अनुसार, संशोधित एनआईटी अधिनियम 14 के खंड (अ) में निहित प्रावधानों के अनुसार, 11 एनआईटी में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से लागू किया है।

इन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार छह महीने की अवधि के लिए या नए अध्यक्ष के नामांकन तक, या अगले आदेश तक रहेगा। एनआईटी, कालीकट (केरल) के डॉ. श्रीधर वेम्बू, अध्यक्ष को आईआईआईटीडीएम, कांचीपुरम, एमएनआईटी, जयपुर (राजस्थान) अर हबीब खान, अध्यक्ष, एसपीए, दिल्ली का, एनआईटी, सिलचर (असम) अगरतला के लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कोन्सम हिमालय सिंह को अध्यक्ष, आईआईटी-पीपीपी, एनआईटी, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) मिलिंद कांबले, अध्यक्ष, आईआईएम जम्मू, एनआईटी, तिरुचिरापल्ली (टी.एन.) अर. अमोघ कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, एसपीए, विजयवाड़ा, एनआईटी, गोवा बोलिनेनी राजा गोपाल नायडू, अध्यक्ष, आईआईआईटी-पीपीपी, रायचूर, एनआईटी, उत्तराखंड डॉ. विवेक लाल, चेयरमैन, एमएनएनआईटी इलाहाबाद, एनआईटी, आंध्र प्रदेश डॉ. पवन गोयनका अध्यक्ष आईआईटी, मद्रास, एनआईटी, दुर्गापुर (डब्ल्यू.बी.) एस.एन. सुब्रह्मण्यन, अध्यक्ष, एनआईटी, राउरकेला, एनआईटी, हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) संजय गुप्ता, अध्यक्ष, आईआईएम, अमृतसर तथा एनआईटी, अरुणाचल प्रदेश का रमेश कुमार सरावग्स, अध्यक्ष, एनआईटी, सिक्किम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके लिए नियम एवं अन्य शर्तें तथा भूमिकाएं, जिम्मेदारियां एनआईटीएसईआर अधिनियम, 2007 और एनआईटी को नियंत्रित करने वाले कानूनों के अनुसार परिभाषित होंगी।

# कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी : सुभाष

## बल्ह विहाल स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह



बल्ह विहाल स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय बल्ह विहाल में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया।

स्कूल के मुख्याध्यापक राजेंद्र कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए स्कूल की वर्ष भर की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान ढटवालिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। ढटवालिया ने कहा कि हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करके अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए दिन रात प्रयासरत रहना चाहिए और तब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डटे रहना चाहिए जब तक लक्ष्य हासिल ना हो सके। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अपनी जेब से 5100 रुपए की गूगल पे के माध्यम से मुख्याध्यापक को सौंपी। स्कूल प्रशासन को भविष्य में स्कूल के विकास का आश्वासन दिया।

रंगारंग कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मेरे देश की धरती सोना उगले, देश भक्ति पांव में पायल हाथ में कंगन हो माथे में बिंदिया आई लव माय इंडिया प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरी कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता पवन कालिया, सुरजीत कुमार, कांग्रेसी नेता कुलदीप ठाकुर, अजय कालिया, पुरूषोतम शर्मा, दीपक शर्मा, अनीता कालिया, वीडीसीए चेयरपर्सन मंजू ढिल्लो सहित कई उपस्थित रहे।

# लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन में अंतर्गत लापरवाही व तेज रफ्तारी से ट्रैक्टर चलाने से ट्रैक्टर पर बैठे व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। थाना नादौन में शिकायतकर्ता राकेश कुमार पुत्र स्व जैसी राम निवासी गांव रतियां ने दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार अजय कुमार पुत्र ज्ञान चन्द गांव बरोटी डा.खा दंगड़ी तहसील नादौन का ट्रैक्टर जिसे अजय कुमार खुद चला रहा था ने समलेह में लापरवाही व तेज रफ्तारी के कारण दुर्घटनाग्रस्त कर दिया जिस कारण इस हादसा से ट्रैक्टर में बैठे चालक अजय कुमार व पवन कुमार को चोटें आई थी तथा पवन कुमार को इलाज के लिए हमीरपुर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने पवन कुमार को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## चकमोह स्कूल में नशे से दूर रहने दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** चकमोह स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के न्यासी कैप्टन सुरेंद्र सोनी ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुरेंद्र सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मोबाइल सीमित उपयोग, नशे से दूर रहने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर प्रोत्साहन स्वरूप 5100 रुपए वितरित किए गए। इस अवसर पर चकमोह पंचायत उप प्रधान हरि कृष्ण, रिटायर्ड शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एंटी चिट्टा अभियान के तहत वाहन जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एंटी चिट्टा कैंपेन के तहत सुजानपुर शहर में आने वाली सभी मार्गों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। सुजानपुर एसएचओ राकेश धीमान ने बताया कि यह अभियान प्रदेशभर में चल रहे एंटी चिट्टा अभियान के तहत आयोजित किया गया है और इसका उद्देश्य चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई को प्रभावी बनाना है। अभियान मंगलवार सुबह शुरू होकर बुधवार तक 48 घंटे तक चलेगा। सुजानपुर पुलिस ने जिला कांगड़ा और जिला हमीरपुर की एंट्री पॉइंट पर व्यास नदी पर बने पुल पर नाका लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की। एसएचओ राकेश धीमान ने कहा कि पुलिस इस अभियान को निरंतर जारी रखेगी और चिट्टा के खिलाफ सतर्कता बनाए रखेगी।

## यशिका का प्री-आरडी कैंप के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बीबीएन कॉलेज एनएसएस इकाई के लिए गर्व का विषय है कि सक्रिय एवं समर्पित स्वयंसेवी याशिका कुमारी का चयन प्रतिष्ठित नॉर्थ जोन प्री-रिपब्लिक डे कैंप के लिए हुआ है, जो चितकारा यूनिवर्सिटी, राजपुरा में आयोजित किया जाएगा। याशिका कुमारी ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण और विभिन्न एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि हमारे संस्थान और एनएसएस इकाई के लिए भी गौरव की बात है। संस्थान के प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ठाकुर ने यशिका कुमारी को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी।

## सुरेंद्र ने कानूनी रूप से गोद ली सारिका

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के ककड़ गांव में गुरुवार को एक भावुक कर देने वाला क्षण आया जब समाजसेवी डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने छठी कक्षा की मासूम सारिका को कानूनी रूप से अपनी बेटी के रूप में गोद लिया। सारिका ने पिता का देहांत, मां का साथ छोड़ना और टूटा मकान जैसी कठिनाइयाँ देखी थीं। 70 साल की दादी के साथ खुले आसमान के नीचे रातें बिताने वाली इस बच्ची को अब डॉ. डोगरा ने सुरक्षित घर, शिक्षा और भविष्य देने का भरोसा दिया। एडवोकेट संजय जसवाल की मौजूदगी में कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों ने इसे सच्ची जनसेवा और इंसानियत का उदाहरण बताया, और कहा कि संकट में साथ खड़ा होना ही असली नेतृत्व है।

## नशामुक्त भारत का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को हमीरपुर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और अन्य परिसरों में अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने नशे का विरोध करने तथा भारत को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी अभियान की सफलता की कुंजी है, क्योंकि वही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं, परिवार और समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय में अमृतसर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

## आपदा प्रभावित 5 परिवारों को दी सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने आपदा से प्रभावित पांच परिवारों को प्रति परिवार 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इससे पहले काउंसिल ने आपदा प्रभावितों को कुल 37 लाख 50 हजार रुपए की राशि वितरित कर चुकी है। इस मौके पर रमेश चंद, केसरी देवी, ज्ञान चंद, कुलदीप चंद और गददी राम को राहत राशि के चेक उनके गांव से हमीरपुर कार्यालय में सौंपे गए। काउंसिल अध्यक्ष विजय पुरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों की मदद करना और उन्हें आर्थिक राहत उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कमल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली बोर्ड की आर्थिक अव्यवस्था पर आक्रोश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई भोरंज की बैठक में पेंशनर्स ने बोर्ड की वित्तीय अनियमितताओं और भेदभावपूर्ण रवैये की कड़ी निंदा की। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति के लिए प्रबंधन की गलत नीतियां पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने बकाया पेंशन, संशोधित ग्रेच्यूटी, और 70-75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स की लंबित राशि का भुगतान न होने पर चिंता व्यक्त की। बोर्ड के 600 करोड़ रुपये से अधिक बिजली बिलों का बकाया और डेड स्टॉप मीटरों की समस्या पर भी आक्रोश जताया गया। पेंशनर्स ने शीघ्र समाधान न होने पर प्रदेश स्तर पर संघर्ष की चेतावनी दी और चेयरमैन प्रबोध सक्सेना से तत्काल बैठक बुलाने की मांग की।

## हिमाचल ने 4 विकेट पर 274 रन बनाए

**नादौन शशि, अनंत ज्ञान, सोनल।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में छतीसगढ़ और हिमाचल की टीमों के बीच जारी रणजी ट्रॉफी मैच में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल ने 94.3 ओवर में 4 विकेट पर 274 रन बनाए। हिमाचल की ओर से अंकित कलसी नाबाद 118 रन और निखिल गांगटा ने 77 रन बनाए, जबकि आकाश वशिष्ट 24 रन पर नाबाद रहे। छतीसगढ़ की टीम की गेंदबाजी में रवि किरण ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि आदित्य और मयंक ने 1-1 विकेट लिए।

# डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिक्षा और खेल में बच्चों की सफलता पर दिया जोर



स्वाहल स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय उच्च विद्यालय स्वाहल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा रहे, जिनका विद्यालय में मुख्याध्यापक संदीप डढ़वाल, समस्त स्टाफ और क्षेत्रीय जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह की शुरुआत हवन के साथ हुई, जिसमें डॉ. वर्मा ने आहुति डालकर इसे संपन्न करवाया। इसके बाद छात्रों द्वारा तैयार साइंस प्रोजेक्ट्स और अन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें पहाड़ी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। डॉ. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में बड़ी संख्या में प्रवासी बच्चों का शिक्षा ग्रहण करना विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने 11 छात्राओं के स्टेट लेवल हॉकी चयन पर बधाई दी और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की।

उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता में हिमाचल की प्रगति को भी रेखांकित किया, जिसमें प्रदेश देश में 21वें स्थान से उठकर शीर्ष 5 में शामिल हुआ। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया, ग्राम पंचायत प्रधान नरेश कुमार, कैप्टन बलदेव राज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## छात्रों ने नशामुक्ति की ली शपथ

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत विशेष जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाएं। अंत में सभी छात्रों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली।

## नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर मंगलवार को यहां मिनी सचिवालय और इसके आस-पास के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशा न करने और देश को नशा मुक्त बनाने में हर संभव योगदान देने की शपथ ली। नायब तहसीलदार रवि कुमार ने मिनी सचिवालय के परिसर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नशे से दूर रहने तथा अन्य को भी इस बारे में जागरुक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा देश के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नशे से ग्रसित व्यक्ति सामाजिक हानि के साथ ही शारीरिक हानि भी उठाता है और अपने परिवार को नष्ट कर लेता है। इतना ही नशे का आदी व्यक्ति जुर्म भी करता है, जिससे क्षेत्र में अशांति फैलती है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र को भी प्रभावित करता है।

**घोषणा** रोगी कल्याण समिति ने सेवा शुल्क तय किए, 71 हजार का बजट प्रस्ताव भी रखा

# बिझड़ी आयुर्वेदिक अस्पताल में बढ़ाई सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

अब मरीजों को राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। मंगलवार को अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के (संचालन) निकाय की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम की अध्यक्षता में संपन्न निकाय की इस पहली बैठक में जहां स्वास्थ्य सेवाओं के शुल्क तय किए गए बल्कि सफाई और अन्य सुविधाओं में सुधार की रूपरेखा भी तय की गई।



आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी की रोगी कल्याण समिति ने मरीजों की सुविधाएं बढ़ाईं।

अस्पताल की नवगठित रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की आज प्रथम बैठक हुई। एसडीएम के अलावा जनप्रतिनिधि, आयुष विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में समिति सदस्यों ने सुझाव रखे और उनपर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि अब अस्पताल में मरीजों से 10 रुपये पर्ची शुल्क लिया जाएगा, जोकि एक माह के लिए मान्य होगा। इसके अलावा शूगर, पंचकर्म क्रियाओं और शल्य चिकित्सा समेत कई अन्य मेडिकल टेस्ट के शुल्क भी तय किए गए।

इसके अलावा अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए बेहतर व्यवस्था तय की गई। बैठक में समिति का 71 हजार रुपये बजट प्रस्ताव भी रखा गया। स्वास्थ्य सेवाओं के शुल्क से प्राप्त होने वाली धनराशि मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने पर खर्च की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम राजेंद्र गौतम ने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नवगठित समिति अस्पताल के प्रबंधन और संचालन के लिए जल्द ही प्रभावी ढांचा खड़ा करेगी। समिति अस्पताल प्रशासन की जवाबदेही तय करती है और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है, ताकि मरीजों को न्यूनतम वित्तीय कठिनाई के साथ उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं मिल सकें। उन्होंने बैठक में पहुंचे कई विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि अस्पताल से जुड़ी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें ताकि रोगियों को असुविधा न झेलनी पड़े।

बैठक में आयुष विभाग के एसडीएएमओ बड़सर आदेश गोयल, जिला परिषद सदस्य मीना धीमान, बिझड़ी ग्राम पंचायत प्रधान संजय शर्मा, बीडीसी सदस्य, अस्पताल के प्रभारी डॉ. सुरेंद्र धीमान, डॉ. विजय कुमार व अन्य कर्मचारियों समेत बीडीओ, जलशक्ति, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भी भाग लिया।

# ड्यूटी समय में निजी कार्यक्रमों से दूर रहेंगे एसडीएम

## उपायुक्त ने प्रशासनिक ढांचे सुदृढ़ करने के लिए दिए निर्देश, विशेष परिस्थिति में अनुमति लेना अनिवार्य

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



जिलास्तरीय राजस्व समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शिमला।

**शिमला।** जिला स्तरीय राजस्व समीक्षा बैठक में उपायुक्त शिमला ने मंगलवार को प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए कई सख्त और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। बैठक की शुरुआत में उन्होंने कहा कि दूर-दराज से लोग अपने काम करवाने एसडीएम कार्यालय पहुंचते हैं, इसलिए अधिकारियों की अनुपस्थिति जनता के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। इसी संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी एसडीएम ड्यूटी समय में निजी कार्यक्रमों में शिरकत नहीं करेगा और यदि किसी विशेष परिस्थिति में जाना आवश्यक हो, तो पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। बैठक में राजस्व कार्य, स्कूलों में अनुशासन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में गठित एफआरए कमेटियों की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। जहां कमेटियां नहीं बनी हैं, वहां उन्हें तुरंत बनाया जाए। साथ ही एफआरए से जुड़ी किसी भी शंका को अगले दो दिनों में उपायुक्त कार्यालय के संज्ञान में लाने को कहा गया। प्रशासनिक कामकाज को समयबद्ध करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय में उपस्थित हों और गोद लिए गए स्कूलों की विजिट रिपोर्ट जल्द भेजें। स्कूलों और कॉलेजों में बढ़ते अनुशासनहीन व्यवहार पर

### स्कूलों में अनुशासन बनाए रखने के लिए पोश कमेटी गठन जरूरी

चिंता जताते हुए उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार या मारपीट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हर स्कूल में पोश कमेटी का गठन अनिवार्य करवाने के आदेश दिए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि हाल के समय में सामने आए कुछ मामले गंभीर हैं और प्रशासन को सख्त रुख अपनाना होगा।

राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में जमाबंदी के कुल 1135 मामले दर्ज हैं, जिनमें 715 का कार्य पूरा हो चुका है जबकि 420 अब भी लंबित हैं। राजस्व अपीलों में रामपुर को छोड़कर बाकी उपमंडलों में कार्य की रफ्तार बेहतर रही। शिमला शहरी में दो वर्षों से 20 और ग्रामीण क्षेत्रों में 33 मामले लंबित हैं। पीपी और रेंट रिकवरी एक्ट के तहत शिमला शहरी में 31, ग्रामीण में 4 और रोहड़ू में 11 प्रकरण दो साल से अधिक समय से अटके हुए हैं। निशानदेही के मामलों में भी शिमला ग्रामीण में 72 और नायब तहसीलदार क्षेत्र में 10 मामले लंबित पाए गए।

### अवैध खनन पर सख्ती करने के आदेश

**अवैध** खनन को लेकर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम को नियमित औचक निरीक्षण करने और क्रेशरों की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। ब्लास्टिंग में इस्तेमाल होने वाले केमिकल की जांच और ब्लास्टिंग से पहले प्रशासनिक अनुमति को भी अनिवार्य बताया गया।

### चिट्टा विरोधी अभियान तेज करने के निर्देश

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने चिटटा विरोधी अभियान को तेज करने की जानकारी देते हुए कहा कि अगले पांच दिनों में हर उपमंडल में एक जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। रैली 30 से 45 मिनट की होगी और इसमें स्थानीय हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि रणनीति और ज्ञान का प्रतीक: अनुराग सिंह ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



अनुराग सिंह ठाकुर ने फिडे विश्व कप में भारत की बौद्धिक विरासत पर जोर दिया।

मंगलवार को फिडे शतरंज विश्व कप 2025 में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की प्रशंसा करते हुए कहा कि महासंघ ने दो दशकों बाद भारत में विश्व कप की मेजबानी कर देश को वैश्विक शतरंज महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि रणनीति, दार्शनिक ज्ञान और बौद्धिक कौशल का प्रतीक है। यह खेल न केवल दिमाग को तेज करता है, बल्कि धैर्य, सहनशीलता और लचीलेपन का महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाता है।

उन्होंने भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी के क्वार्टर फाइनल मैच में औपचारिक रूप से पहला कदम रखा। उन्होंने विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखी गई ट्रॉफी का महत्व बताते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। अनुराग ने भारत के हाल के उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि ओपन और महिला शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ गुकेश डोमाराजू ने 2024 में विश्व चैंपियनशिप जीतकर भारतीय शतरंज की मजबूती और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाया है। गोवा को अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि फिडे शतरंज विश्व कप और फिल्म फेस्टिवल जैसे बड़े आयोजन सफलता पूर्वक हो रहे हैं। उन्होंने एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग के नेतृत्व में खिलाड़ियों को वार्षिक अनुदान देने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेज़बानी करने और खेलों के विकास में उठाए गए कदमों की सराहना की। अनुराग ने कहा कि शतरंज सिर्फ जीत-हार का खेल नहीं, बल्कि जीवन में सफलता के लिए बौद्धिक मार्गदर्शन का साधन है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क पर रखा सामान मौके पर होगा जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के लोअर बाजार और मॉल रोड पर बढ़ते अतिक्रमण और सड़कों पर सामान रखकर लोगों की आवाजाही बाधित करने के बाद नगर निगम ने कड़ा रुख अपना लिया है। निगम की टीम नियमित गश्त कर रही है और नालियों, पटरियों या सड़कों पर फैला सामान मौके पर ही जब्त कर लिया जाएगा, ऐसा नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने स्पष्ट किया है। निगम ने कहा है कि अब किसी भी अतिक्रमणकार को बख्शा नहीं जाएगा। हाल ही में ढली क्षेत्र में कार्रवाई और कर्मचारियों के साथ हुई झड़पों के बाद प्रशासन और भी सख्त हो चुका है। मौके पर सामान उठाने और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने व्यापारियों से नियमों का पालन कर शहर व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़कों के लिए मांगा 200 करोड़ वार्षिक बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि राज्य में सड़क अवसंरचना को हुए बड़े नुकसान और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए वार्षिक बजट आवंटन को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये किया जाए। सरकार ने बताया है कि इस वर्ष अभूतपूर्व बारिश और भूस्खलनों के कारण सड़कों को व्यापक क्षति पहुंची है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य द्वारा 1551.64 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जबकि केंद्र से जारी 1457.23 करोड़ रुपये के अलावा 94.41 करोड़ रुपये अभी लंबित हैं। सरकार का कहना है कि आवंटन बढ़ने से सड़क मरम्मत और निर्माण कार्यों में तेजी आएगी तथा पहाड़ी क्षेत्रों के लाखों लोगों को राहत मिलेगी। राज्य ने यह भी रेखांकित किया कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में हिमाचल ने केंद्र के आवंटन से कहीं अधिक व्यय किया है, जिससे यह स्पष्ट है कि मौजूदा फंड राज्य की आवश्यकता के अनुरूप नहीं हैं। सरकार ने पत्र भेजकर केंद्र से आग्रह किया है कि हिल स्टेट्स के लिए फंड आवंटन मानदंडों में संशोधन कर हिमाचल को निरंतर 200 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट उपलब्ध कराया जाए और लंबित 94.41 करोड़ रुपए तुरंत जारी किए जाएं।

### कंगना की जीत पर हाईकोर्ट में चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में मंडी लोकसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता, किन्नौर निवासी लायक राम नेगी ने अदालत में दावा किया कि उनका नामांकन मनमाने ढंग से रद्द किया गया। उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल करते समय आवश्यक वन विभाग का नो-ड्यूज जमा किया गया था और अन्य प्रमाण पत्र बाद में देने की अनुमति थी, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने दस्तावेज स्वीकार करने से इंकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि यह त्रुटि आसानी से ठीक की जा सकती थी, लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया। अदालत ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अगली सुनवाई पांच से छह हफ्ते बाद तय की। याचिका में मंडी चुनाव 2024 को रद्द कर दोबारा मतदान कराने की मांग के साथ रिटर्निंग ऑफिसर और डीसी मंडी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। इस मामले से कंगना रनौत की जीत पर सवाल उठे हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के साथ हाई-प्रोफाइल मुकाबले को भी चुनावी विवाद में शामिल किया गया है।

### कॉलेज शिक्षक भी बन सकेंगे पीएचडी सुपरवाइजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में कॉलेज शिक्षकों के लिए शोध क्षेत्र में नई राह खुल गई है। अब महाविद्यालयों के शिक्षक भी पीएचडी शोधार्थियों के पर्यवेक्षक बन सकेंगे। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कदम उच्च शिक्षा में शोध-संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पीएचडी सुपरवाइज़र के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करना होगा। आवेदन पत्रों को संबंधित कॉलेज के स्तर पर तथा उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से सत्यापित कराना अनिवार्य रखा गया है। सत्यापन के बाद ही आवेदन पर विचार किया जाएगा और पात्रता का निर्धारण होगा। मान्यता प्राप्त होने के बाद शोधार्थियों का आवंटन विश्वविद्यालय की ओर से किया जाएगा। यह आवंटन संबंधित विषय में उपलब्ध रिक्तियों, प्रयोगशालाओं की स्थिति और शोध सुविधाओं के आधार पर तय होगा। इससे कॉलेज स्तर पर शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और उच्च शिक्षा में नए अवसरों का विस्तार होगा।

# हिमाचल में नशा तस्करों को आजीवन कारावास व 10 लाख जुर्माने का प्रावधान: धनीराम शांडिल



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ जंग को और मजबूत करते हुए सरकार ने संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक-2025 पारित कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने सचिवालय में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने नशा तस्करों पर अब मृत्यु दंड, आजीवन कारावास और दस लाख रुपये जुर्माने जैसे कड़े प्रावधान लागू किए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से अर्जित संपत्ति की कुर्की भी इस कानून में शामिल है, ताकि नशे की जड़ को पूरी तरह खत्म किया जा सके। मंत्री शांडिल ने कहा कि ड्रग्स एवं नियंत्रण पदार्थ (रोकथाम, नशामुक्ति और पुनर्वास) विधेयक-2025 के तहत अवैध व्यापार में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ पुनर्वास, निवारक शिक्षा और आजीविका सहायता के लिए एक राज्य कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने उपस्थित युवाओं और प्रतिभागियों से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया। शांडिल पंजाब के अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में हुए राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर छात्रों को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते नजर आए।

# आपदा राहत छोड़कर उत्सव मनाना शर्मनाक: जयराम

## सरकार ने तीन साल में कोई ऐसा काम नहीं किया जिसे लेकर उत्सव मनाया जाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में तीन वर्ष पूरे होने पर सरकार द्वारा जश्न मनाने की तैयारियों के बीच नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब आपदा में सैकड़ों लोगों की मौत हुई हो और हजारों परिवार बेघर हों, ऐसे समय में जश्न मनाना सरकार की संवेदनहीनता को दिखाता है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार न राहत पहुंचा पाई है और न ही तीन साल में कोई ऐसा काम कर सकी है, जिसे लेकर उत्सव मनाया जाए।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आपदा के दौरान लगभग पांच सौ लोगों ने जान गंवाई और हजारों परिवार तबाह हुए, मगर सरकार अब तक हर पीड़ित तक राहत नहीं पहुंचा पाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने 2023 से अब तक 5500 करोड़ रुपये आपदा राहत के लिए भेजे, साथ ही एनडीआरएफ व एनडीएमएफ के तहत 225 करोड़ रुपये एडवांस में दिए हैं। इसके बावजूद सरकार अपने घोषित 4500 करोड़ के स्पेशल पैकेज में से 400 करोड़ भी जारी नहीं कर सकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक-एक घोषणा पत्थर की लकीर है और हिमाचल को वह धनराशि जरूर मिलेगी, लेकिन राज्य सरकार पहले इतना तो बताए कि केंद्र के 5500 करोड़ रुपए कहां खर्च हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले से हार मान चुकी थी और उसी वजह से वोट चोरी जैसी झूठी कहानियां गढ़ने लगी। बिहार में एनडीए की भारी जीत को उन्होंने नरेंद्र मोदी की नीतियों और सुशासन की स्वीकृति बताया। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि हिमाचल में भी कांग्रेस का यही हाल होगा, क्योंकि जनता अब भ्रम और झूठ पर नहीं, काम और नेतृत्व पर भरोसा करती है।



### सत्र लंबा नहीं, प्रभावी हो

**विधानसभा** सत्र को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल सत्र लंबा करने की बात करते हैं, लेकिन सदन में उनकी गंभीरता नजर नहीं आती। विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर न तो मुख्यमंत्री जवाब देते हैं और न ही संज्ञान लेते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे प्रश्नों पर भी सरकार गलत जानकारी देती है, जिनका जवाब विधायक आरटीआई के माध्यम से पहले ही ले चुके होते हैं।

### मस्जिद विवाद व पंचायत चुनाव संदेह के घेरे में

**संजौली** मस्जिद विवाद पर उन्होंने कहा कि कानून और जनभावनाओं, दोनों का सम्मान होना चाहिए और जब कोर्ट ने निर्माण को अवैध माना है तो सरकार को विधि अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार शुरुआत से ही चुनाव टालने की कोशिश कर रही है और अभी भी मुख्यमंत्री के बयान यही संकेत दे रहे हैं कि वह चुनाव कराने के मूड में नहीं हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि संभव है कि भविष्य में भी सरकार पंचायत चुनाव में अड़ंगा डालने के प्रयास करे।

# संजौली मस्जिद विवाद: देवभूमि संघर्ष समिति ने आमरण अनशन किया शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला के संजौली थाना परिसर के बाहर मंगलवार को देवभूमि संघर्ष समिति ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। समिति का कहना है कि विवादित और अदालत द्वारा अवैध घोषित मस्जिद को अभी तक नहीं हटाया गया है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि नगर निगम और प्रशासन अदालत के स्पष्ट आदेशों के बावजूद ढिलाई बरत रहे हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

समिति के पदाधिकारियों विजय शर्मा और विकास थापटा ने कहा कि अदालत ने संजौली मस्जिद को अवैध ठहराते हुए उसे गिराने के आदेश दिए हैं, फिर भी मस्जिद की बिजली और पानी का कनेक्शन जारी है। समिति का आरोप है कि सरकार और नगर निगम जानबूझकर कार्रवाई को टाल रहे हैं, जबकि संघर्ष समिति के लोगों को उल्टा पुलिस मामलों में फंसाया जा रहा है। समिति ने कहा कि बीते हफ्ते नमाज पढ़ने आए लोगों को रोकने के दौरान हुए विवाद में पुलिस ने उनके छह सदस्यों पर समुदाय विशेष की भावनाएं आहत करने के आरोप में केस दर्ज किया है, जो गलत है।

### मस्जिद की बिजली-पानी न काटने पर नाराजगी

समिति ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के भीतर एफआईआर वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और प्रदेशभर में विरोध होगा

### पीछे हटाने के लिए प्रलोभन देने के आरोप

**विजय** शर्मा ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय का एक व्यक्ति उन्हें आंदोलन से पीछे हटाने के लिए प्रलोभन दे रहा था, लेकिन समिति के लोग किसी भी दबाव या लालच में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेश स्पष्ट हैं और अब प्रशासन को तुरंत कदम उठाने चाहिए। समिति ने शुक्रवार को बड़े स्तर के आंदोलन की घोषणा भी कर दी है

### दो साल से कानूनी व सड़कों पर संघर्ष जारी

**विवाद** की शुरुआत 2023 में नगर निगम आयुक्त की अदालत द्वारा नोटिस जारी करने के बाद हुई। सितंबर 2024 में विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच प्रशासन ने मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन वक्फ बोर्ड की अपीलें और अदालतों में लगातार स्टे आदेश लगते रहे। अक्टूबर 2025 में जिला अदालत ने वक्फ बोर्ड की अपील खारिज करते हुए पूरी मस्जिद को अवैध घोषित किया और उसे दो महीने में गिराने के आदेश दिए। इसके बाद से मस्जिद हटाने की कार्रवाई को लेकर लगातार विवाद और तनाव बना हुआ है।

## राहुल गांधी के आरोपों पर युवा कांग्रेस का भाजपा पर हमला तेज

# हरियाणा में वोट चोरी व जनादेश हरण का आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



हिमाचल युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में 25 लाख से अधिक वोट चोरी के आरोप लगाने के बाद युवा कांग्रेस ने भाजपा पर मोर्चा खोल दिया है।

शिमला स्थित राजीव भवन में राष्ट्रीय महासचिव और हिमाचल युवा कांग्रेस प्रभारी शेष नारायण ओझा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा पेश किए गए तथ्य लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी भाजपा की सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस की जांच में काल्पनिक मकानों, मृत व्यक्तियों और एक ही व्यक्ति के नाम पर कई वोट दर्ज मिलने जैसे मामलों ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओझा ने कहा कि ब्राज़ील की एक मॉडल के नाम पर 22 वोट और एक ही महिला की 100 तस्वीरों के साथ मतदाता सूची में दर्ज होने जैसी घटनाएं बेहद चौंकाने वाली हैं। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि इन सभी खुलासों से साफ है कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मिलीभगत से हरियाणा का जनमत हड़पा है। ओझा ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए घोषणा की कि युवा कांग्रेस 20 नवंबर को राज्यपाल भवन का घेराव करेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक रजनीश मेहता, हिमाचल युवा कांग्रेस महासचिव रणजीत वर्मा, आर्यन चौहान, मुकुल गुप्ता और शिमला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुणाल चौहान भी मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की जयंती पर संकल्प पदयात्रा शुरू

## सांसद सुरेश कश्यप ने जुब्बल-कोटखाई से की कार्यक्रम की शुरुआत




सरदार पटेल की जयंती पर संकल्प पदयात्रा की अगुवाई करते सांसद सुरेश कश्यप और चेतन बरागटा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर केंद्रीय कार्यक्रमों के तहत भाजपा जिला शिमला द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा की शुरुआत आज जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के कोटखाई बाज़ार से की गई। सांसद सुरेश कश्यप ने इस पदयात्रा का नेतृत्व किया, जिसमें प्रदेश भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा, मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा, मीनाक्षी मांटा, गोपाल जबैईक, प्रवीन छाजटा, अनिल कालटा, रावेन्द्र चौहान, यशवीर जस्टा सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। सांसद कश्यप ने कहा कि यह संकल्प यात्रा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जनजागरण का प्रतीक है और सरदार पटेल के योगदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना इसका उद्देश्य है।

इस अवसर पर भाजपा नेता तथा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा ने कहा कि सरदार पटेल भारत की राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे और आज की संकल्प यात्रा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केंद्र सरकार की नीतियों, विकास योजनाओं और राष्ट्र निर्माण को लेकर जनता को जागरूक करने का माध्यम बनेगा। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर राष्ट्रीय एकता, विकास और जनभागीदारी के संदेश को आगे बढ़ाएंगे।

### प्रदेश में बढ़ी ठंड पारा 10 डिग्री से नीचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ठंड तेजी से बढ़ रही है। राज्य के 28 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ है। ताबो, कुकुमसेरी और केलांग में पारा माइनस में पहुंच गया है। शिमला में भी ठिठुरन बढ़ गई है और मंगलवार को रात का पारा गिरकर 7.8 डिग्री सेल्सियस रह गया। सुंदरनगर और बिलासपुर में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जबकि दिन में धूप खिली रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पूरे प्रदेश में 24 नवंबर तक शुष्क मौसम बने रहने का अनुमान है। अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस बीच, भारी बर्फबारी और ब्लैक आइसिंग की आशंका के चलते मनाली-लेह मार्ग को 20 नवंबर से आधिकारिक रूप से यातायात के लिए बंद किया जा रहा है। प्रदेश के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। शिमला में 7.8, भुंतर 4.5, मनाली 2.9, सेऊबाग 2.0, कल्पा 2.6 और केलांग -0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। कुकुमसेरी का तापमान -5.1 डिग्री तक पहुंच गया।

**गर्माहट** हिमाचल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, पंचायत चुनाव को लेकर बढ़ी हलचल

# राजेश हटाए, अब सी पाल रासु पंचायतीराज सचिव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर बन रहे संशय और बढ़ती राजनीतिक गर्माहट के बीच सरकार ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। पंचायती राज विभाग के सचिव राजेश शर्मा का तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह अब सी पालरासु को नई जिम्मेदारी दी गई है। चुनावी माहौल में इस बदलाव को सरकार की नई तैयारी और तेज होती चुनावी गहमागहमी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पंचायत चुनावों का खाका अब तेजी से बदलता दिख रहा है। चुनाव आयोग पहले ही पंचायतों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन पर रोक लगा चुका है। वहीं उच्च न्यायालय ने भी देरी को लेकर सरकार व आयोग दोनों से जवाब मांगा है। ऐसे में सचिव स्तर पर यह फेरबदल पूरे चुनावी ढांचे को नए सिरे से व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बीते दिनों हिमाचल हाईकोर्ट की नोटिस और पुनर्सीमांकन पर लगी रोक के बाद प्रशासनिक ढांचे में यह पहला बड़ा झटका है। जानकारी के अनुसार पूर्व सचिव राजेश शर्मा 8 से 27 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगे, जिससे विभाग की कमान सी पालरासु के हाथों में और अधिक मजबूत हो जाएगी। राजनीतिक गलियारों में इसे चुनावी प्रक्रिया को फिर से व्यवस्थित करने की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि राज्य में आपदा प्रबंधन एक्ट लागू है और सरकार का पहला दायित्व आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब सड़कें ही बंद हों, तो लोगों से उनके मताधिकार का प्रयोग करने की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। सड़कें खोलना, पुनर्स्थापन करना और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव समय पर होंगे और इसमें किसी तरह का अनिश्चितता नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना का कानूनी अध्ययन चल रहा है और कानून की दायरे में अगली कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि कुछ पंचायतों के पुनर्सीमांकन और नई पंचायतों के गठन पर मंत्रिमंडल पहले ही निर्णय ले चुका है। मगर आयोग की रोक के बाद यह प्रक्रिया ठहर गई है। अब देखा जाना है कि आयोग और सरकार किस रास्ते पर सहमति बनाते हैं और चुनावों की अंतिम रूपरेखा कब तक सामने आती है।

### अगले कुछ दिनों में आ सकता है बड़ा फैसला

**बताते** हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग अब दबाव में आ गया है और माह के अंत तक चुनाव कार्यक्रम जारी करने पर विचार किया जा रहा है। पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन का 90 प्रतिशत काम पूरा बताया जा रहा है। वहीं सरकार भी विभागीय फेरबदल कर चुनावी प्रक्रिया को तेज़ करने की कोशिशों में जुट गई है। चुनावी तैयारी, कानूनी प्रक्रिया, राहत कार्य और प्रशासनिक फेरबदल चारों मोर्चों पर सरकार अब अधिक सक्रिय दिख रही है। कुछ दिनों में चुनावी तस्वीर और साफ होने की पूरी उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीन व्यू पब्लिक हाई स्कूल डाढ में होगी मेडिकल, नॉन मेडिकल आर्ट्स की पढ़ाई

अनंत ज्ञान, चामुंडा। ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल डाढ को शिक्षा विभाग द्वारा जमा एक एवं जमा कक्षाओं की मान्यता प्रदान कर दी गई है। शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2026 से विद्यालय में मेडिकल,नॉन-मेडिकल, आर्ट्स की कक्षाएं लगना शुरू हो जाएगी। विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुभवी स्टाफ, श्रेष्ठ शिक्षण वातावरण तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है। जमा एक व जमा दो कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया संबंधित सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी।

### डाडासीबा बाजार क्षेत्र में वाहन पार्किंग पर प्रतिबंध

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा पंचायत ने मुख्य बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था और लगातार लगने वाले जाम को देखते हुए बस स्टैंड से पुलिस थाना और आईटीआई रोड तक वाहन पार्किंग पर स्थायी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया। पंचायत प्रधान सुचिता कंवर ने बताया कि संकीर्ण सड़क पर मनमानी पार्किंग से जाम और दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा था। दुकानदारों व ग्राहकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। पंचायत ने पुलिस प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। डीएसपी राजकुमार ने बताया कि प्रस्ताव की प्रति मिलते ही थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### जंबल स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंबल में एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य परमजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 25 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं और यह विशेष शिविर 7 दिन तक चलेगा। एनएसएस के स्वयंसेवी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार महिला कार्यक्रम अधिकारी सरोज शर्मा व सारा स्टाफ उपस्थित रहा।

### तंबाकू के दुष्प्रभावों की दी बच्चों को जानकारी

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत दिलावर देओल के निर्देशानुसार विनवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में डॉ. अभिषेक ठाकुर और खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने छात्रों व स्टाफ को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। रवि स्याल ने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी को प्रभावित करता है तथा कई बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी छुड़ाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। सिविल अस्पताल बैजनाथ में नशा मुक्ति के लिए निशुल्क काउंसलिंग उपलब्ध है।

### श्वेता ठाकुर ने रोशन किया हिमाचल का नाम

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ की छात्रा श्वेता ठाकुर ने बरेली, उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चौथा स्थान हासिल करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। विद्यालय लौटने पर श्वेता का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा और डीपीई सुधीर बिष्ट ने शुभकामनाएं दीं। श्वेता ने अपनी सफलता का श्रेय कोच, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और माता-पिता को दिया। एनएसएस स्वयंसेवक मोनिश और जानवी को भी चयनित होने पर सम्मानित किया गया।

### श्री महावीर हनुमान मंदिर में लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान, पठानकोट। श्री महावीर हनुमान मंदिर बदहानी में वार्षिक हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे हवन कुंड में धार्मिक पूजन के साथ यज्ञ आरंभ किया गया, जिसमें श्री साई ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज, मेडल तृप्ता पुंज, कंवर तुषार पुंज, रिया पुंज व मंदिर कमेटी ने पूर्णाहुति डाली। भजन मंडलियों ने प्रभु गुणगान किया। दोपहर 1 बजे से लंगर में ग्रामीणों व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए 40 खिलाड़ियों का चयन

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। आट्या पाट्या जिला कांगड़ा जयसिंहपुर के सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि 16 नवंबर को 40 लड़कों और लड़कियों का चयन राजपुर खेल के मैदान में हुआ। ये खिलाड़ी बिलासपुर जिले के शाहतलाई में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया में कांगड़ा जिला के सतीश कुमार, कुनिका, साहिल, कोमल कौशल, कृति ठाकुर,संदीप चौहान, सुनील कुमार, सुरेश कुमार और अनिल सोंखला मौजूद रहे।

### डाडासीबा में छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। पीएम श्री बाबा कांशी राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर, बाजार और तालाब क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी सपेहिया और देवना कुमारी के निर्देशन में चले इस अभियान ने साबित किया कि सेवा ही सच्ची देशभक्ति है। अश्वनी सपेहिया ने कहा कि स्वच्छता जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक है। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, सूरज वर्मा, रजत सूद, कृष्ण दत्त शर्मा व प्रवीण मेहता भी मौजूद रहे।

### लंज कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। लंज कॉलेज में सड़क सुरक्षा विषय पर मंगलवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सुरक्षित वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा पर अपने रचनात्मक एवं प्रभावशाली पोस्टर मेकिंग के माध्यम से अपने विचार अभिव्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर बल दिया।

### संसाल स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। पीएमश्री मॉडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई के सात दिवसीय शिविर संपन्न हो गया। एसएमसी प्रधान कृष्णा देवी मुख्य अतिथि रहीं। प्रधानाचार्य सुनील सिंह और मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवियों को राष्ट्र निर्माण, नशा-उन्मूलन और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारियों विनय आचार्य और पल्लवी जोशी ने सात दिनों की गतिविधियों की जानकारी दी।

### शाहपुर कॉलेज में कविता वाचन का आयोजन

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा कविता वाचन और गीत गायन के माध्यम से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सतीश ठाकुर ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और जागरूक प्रहरी बनने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विद्यार्थियों की रचनात्मकता व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने साहित्यिक गतिविधियों को बहुआयामी विकास का आधार माना। संयोजिका डॉ. शिवानी अग्रवाल ने बताया कि 25 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# धर्मशाला में वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिलास्तरीय यूनिटी मार्च

## भूलाए नायकों के बारे में देश को बताने का पीएम ने उठाया बीड़ा : डॉ. राजीव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

देश के जो अनसंग हीरोज आजादी के बाद, इतिहास के गर्त में दबा दिए गए थे, कि 50 से 60 वर्षों तक उन नायकों को जानता तक नहीं था। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की युवा पीढ़ी सहित पूरे देश को ऐसे नायकों के बारे में बताने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में देश के लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

सरदार पटेल ने देश को एक करने में अहम भूमिका निभाई थी, उन्हें पूरा देश उनकी जयंती पर नमन करते हुए याद कर रहा है। यह बात कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मंगलवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार धर्मशाला में आयोजित जिलास्तरीय यूनिटी मार्च में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। इस दौरान राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने भी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही। भारद्वाज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश भर से एक लाख युवा देने का आह्वान किया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम हो, जो निस्वार्थी और देशभक्त हों, जिससे कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना देखा गया है, उसे साकार किया जा सके। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने सीयू से डीसी कार्यालय धर्मशाला तक यूनिटी मार्च के तहत पदयात्रा की। पदयात्रा को डॉ. राजीव भारद्वाज व इंदु गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाई। सांसद ने कहा कि स्वदेशी के प्रति पीएम ने बहुत बड़ा जन जागरण शुरू किया है। विदेश का कोई सामान यदि भारत में बन रहा है तो वो भी हमारा है, क्योंकि उसकी बिक्री भी देश में होगी। उन्होंने कहा कि नशा इंटरनेशनल नेक्सस है, हिंदुस्तान, विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है, जिस तरह से देश विश्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है, जो देश के भीतर और बाहर की देश विरोधी ताकतों को पसंद नहीं आ रहा है, ऐसी ताकतें देश के युवा को समाप्त करने पर तुली हैं, लेकिन ऐसे लोगों के यह मंसूबे पूरे नहीं होंगे।



पदयात्रा को डॉ. राजीव भारद्वाज और इंदु गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाई।

## रविंद्र सिंह रवि को बनाया ट्रेड यूनियन कॉ-ऑर्डिनेशन सेंटर का राष्ट्रीय सचिव



रविंद्र रवि 35 वर्षों से उठा रहे सरकार और न्यायलयों में मजदूरों की आवाज।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

दिल्ली में 15 से 17 नबंबर तक चले ट्रेड यूनियन कॉ-ऑर्डिनेशन सेंटर सेंट्रल यूनियन, जो भारत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा स्वीकृत है, के अधिवेशन में रविंद्र सिंह प्रभारी पंजाब, हरियाणा ओर हिमाचल को राष्ट्रीय सचिव चुना गया है।

रविंद्र सिंह पिछले 35 वर्षों से मजदूरों की आवाज सरकारों और न्यायलयों में उठा रहे हैं और लाखों श्रमिकों को शोषण से मुक्त करवाया है। 35 वर्षों से आंदोलन ओर श्रम कानूनों की सहायता से करोड़ों रुपए मजदूरों के बैंक खातों में डलवाए, जिसके वो कानूनी पात्र थे। जिन श्रमिकों के आवेदन और कई कानूनी अधिकार सरकारों ने रद्द किए थे, उनको कई अदालतों के माध्यम से इंसाफ दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश न्यायपालिका बहुत मजबूत है, जो गरीब मजदूरों को इंसाफ दिलाने के लिए काम करती हैं, लेकिन जब तक मजदूर अपना अधिकार मांगता नहीं है, तब तक कुछ भी नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला और राष्ट्रीय महासचिव एवं सदस्य सीबीटी भविष्य निधि भारत सरकर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि देश के श्रमिकों को सरकारों ओर अन्य से शोषण से मुक्त करवाया जाएगा और अगर किसी ने भी श्रम कानूनों का उल्लंघन किया तो कारवाही अमल में लाई जाएगा।

## भाजयुमो ने '1 बूथ-10 यूथ' अभियान की बनाई रणनीति

### 1 से 20 दिसंबर तक प्रदेशभर में चलेगा संपर्क अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए '1 बूथ - 10 यूथ' कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 7800 बूथों पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर और व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुंचकर युवाओं से संवाद स्थापित करेंगे। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला ने स्पष्ट किया कि आज प्रदेशभर के युवा वर्तमान कांग्रेस सरकार से गहरी नाराजगी व रोष व्यक्त कर रहे हैं। सरकार द्वारा पहली कैबिनेट में 1 लाख नौकरी देने तथा 5 वर्ष में 5 लाख रोजगार देने के घोषणाओं पर कोई प्रगति न होने से युवा वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। बैठक में निर्णय लिया कि युवा मोर्चा बूथ स्तर से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर तक अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करेगा। प्रदेशभर में यह संपर्क अभियान 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। युवा मोर्चा के प्रदेश, जिला और मंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर पर जाकर युवाओं से संवाद करेंगे और प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 नए युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य पूरा करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला ने अभियान के सफल संचालन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए और कहा कि युवा मोर्चा प्रदेश के हर कोने में भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक मूल्यों को लेकर पहुंचेगा।



## मांगों पर कार्रवाई न हुई तो उग्र होगा आंदोलन : नैंसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ सत्ता में आई प्रदेश सरकार ने देवभूमि हिमाचल की सरल-सहज जनता को बड़े सपने दिखाए थे। मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में नैंसी अटल ने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, युवाओं को अवसर मिलेंगे और कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी, लेकिन पिछले तीन वर्षों में सुधार तो दूर, प्रदेश लगातार व्यवस्था पतन की ओर बढ़ता गया है। शिक्षा, कानून व्यवस्था, नशा नियंत्रण हर क्षेत्र में हालात बद से बदतर होते चले गए। उन्होंने एबीवीपी की ओर से छात्र संघ चुनाव बहाली, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी के कम किए गए दायरे को बढ़ाने सहित 12 विभिन्न मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो एबीवीपी उग्र आंदोलन शुरू करेगी।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान, जवाली

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में दो दिवसीय इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सीबीएसई के निर्देशों द्वारा कार्यशाला में स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल को रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया।

रिसोर्स पर्सन डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि सामाजिक विज्ञान के कई विषय हैं, जैसे इतिहास (अतीत और संस्कृति का अध्ययन), भूगोल (प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधनों का वितरण), अर्थशास्त्र (धन का सृजन और अर्थव्यवस्था का विकास), नागरिक शास्त्र राजनीतिक विज्ञान सरकार (राजनीति और शासन) तथा समाजशास्त्र (सामाजिक संबंधों और संस्थाओं का अध्ययन)। इसके अतिरिक्त मनोविज्ञान और मानव शास्त्र भी सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने बताया कि इतिहास में अतीत की घटनाओं समाजों, संस्कृतियों और कला का अध्ययन है। इसे प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक भारत और विश्व के इतिहास में विभाजित किया जा सकता है। भूगोल में पृथ्वी पर प्रकृति और मानव निर्मित संसाधनों के वितरण और न्याय संगत उपयोग का विश्लेषण किया जाता है। अर्थशास्त्र में अर्थव्यवस्थाओं के विकास धन के सृजन, आर्थिक भविष्य के मॉडल तैयार करने से संबंधित है। समाजशास्त्र में मानवीय सामाजिक संबंधों संस्थाओं और समाज के विकास का अध्ययन करता है। कानून में सामाजिक विज्ञान के तहत एक अन्य महत्वपूर्ण विषय आता है। भाषा विज्ञान में भाषा के सामाजिक संदर्भ का अध्ययन सामाजिक विज्ञान के तहत आता है। इसके अलावा रोल प्ले, केस स्टडी की मदद से अध्यापकों को क्लास में आने वाले व्यावहारिक विषय को सुलझाना भी सिखाया।



कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन रहे प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल।

## स्पोर्ट्स मीट में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन, जीते मेडल



जूनियर और सीनियर वर्ग में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा के छात्रों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

अनंत ज्ञान, इंदौरा

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल अनुमीत कौर की अध्यक्षता में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह ने विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत की।

जूनियर और सीनियर वर्ग में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रिंसिपल अनुमीत कौर ने बताया कि छात्रों ने दो दिनों तक चली इस स्पोर्ट्स मीट में शानदार कौशल एवं ऊर्जा का प्रदर्शन किया और अधिकतम मेडल अपने नाम किए चेयरमैन रणवीर सिंह ने छात्रों के उत्साह और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है।

उन्होंने बताया कि दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में नर्सरी कक्षा के विहान ठाकुर व आविश थापा, एलकेजी के शिवांश पठानिया एवं कार्तिक, यूकेजी के मनप्रीत व गौरव, पहली कक्षा के परवजोत व कविरा, दूसरी कक्षा के सुहाना सिंह, तीसरी कक्षा के आरव, ईशान, जय व आयान, चौथी के सक्षम ठाकुर व अर्शिया, पांचवीं के कनव व काव्या, छठी की अकांशा व रक्षिता, जयविन व समर्थ, सातवीं के नक्षित व रणवीर, आठवीं की मेहक, साहिल, रुफूस व रणवीर, नौंवी की स्नेह नंदा, दिवयांश, प्रीतिका व अभिनीत एवं दसवीं की आरुषि, प्रयाष, सलोनी एवं बबलू ने मेडल प्राप्त किए।

## आरक्षण में क्रीमीलेयर पर पुनर्विचार जरूरी : शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा आरक्षण से संबंधित क्रीमीलेयर प्रणाली पर दूसरी बार सवाल उठाना सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण संकेत है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि आरक्षित वर्गों में कुछ प्रभावशाली परिवार लगातार आरक्षण का लाभ उठाते रहते हैं, जबकि उसी वर्ग के गरीब लोग अब भी वंचित रह जाते हैं। इससे आरक्षण की मूल भावना कमजोर होती जा रही है। शांता ने कई गांवों के उदाहरण देते हुए कहा कि आरक्षित वर्गों में कुछ परिवार बार-बार लाभ लेकर अत्यधिक सम्पन्न हो चुके हैं और एक ही परिवार से कई सदस्य सरकारी अधिकारी बने हैं। वहीं, उसी गांव में उसी जाति के कई परिवारों को आज तक कोई लाभ नहीं मिला। इससे इन वर्गों में असमानता बढ़ रही है और वास्तविक जरूरतमंद पीछे छूट रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि हिमाचल और राजस्थान में जब अन्त्योदय योजना शुरू हुई थी, तब क्रीमीलेयर की समस्या स्वत: समाप्त हो गई थी, क्योंकि इस योजना में लाभ सबसे पहले उन परिवारों को दिया जाता था जो पहले कभी किसी योजना के दायरे में नहीं आए थे। शांता ने कहा कि देश में विकास तो हो रहा है, लेकिन सामाजिक न्याय का लक्ष्य अभी अधूरा है। आर्थिक असमानता बढ़ रही है, अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीबों तक विकास का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।

## थरियाल गांव में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, खैर से भरी दो गाड़ियां जब्त



अनंत ज्ञान, पठानकोट

यूबीडीसी माधोपुर से डिफेंस रोड पर स्थित गांव थरियाल के निकट वन विभाग ने सोमवार रात नाकाबंदी के दौरान खैर माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। वन रेंज अधिकारी वरिंदरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र के जंगलों में अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई की जा रही है। सूचना के आधार पर विभाग ने तुरंत अपनी टीम के साथ चारों ओर नाकाबंदी कर दी। रात लगभग 2 बजे माफिया के लोग कटे हुए खैर के पेड़ों को दो गाड़ियों में भरकर ले जाने लगे, लेकिन नाकाबंदी देखकर वे गाड़ियां छोड़कर मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम जब गाड़ियों तक पहुंची तो अंदर करीब 20 खैर के कटे पेड़ भरे मिले। विभाग ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से फरार हुए माफिया के आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए भी प्रयास जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि जंगलों में खैर कटाई को रोकने के लिए आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**बैठक** कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने भाजपा नेताओं पर कसा तंज, बोले-

# भाजपा सरकार में बंद हुई थी ट्रेनें, सांसद जिम्मेदार

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

देहरा। कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने नगरोटा सूरियां विश्राम गृह में एक बैठक के दौरान स्थानीय भाजपा नेताओं पर तंज करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, तब से कांगड़ा घाटी की रेल गाड़िया बंद पड़ी हैं, उसके लिए हिमाचल से चुनकर गए सांसद जिम्मेदार हैं।

भाजपा के नेता कांगड़ा घाटी की रेलगाड़ियों को ब्रॉड गेज करने की बड़ी-बड़ी बातें तो करते हैं, लेकिन धरातल पर दस वर्षों से नेरोगेज रेल गाड़ियों का आवागमन भी बंद पड़ा है। इस आधुनिक युग में केंद्र की निकम्मी सरकार से पिछले 3 वर्षों से चक्की पुल का एक पिल्लर भी तैयार नहीं हो पा रहा है, जबकि अंग्रेजों ने इस 164 किमी लंबे अति दुर्गम पूरे ट्रैक को जिसमे 993 पुल व दो सुरंगे मात्र तीन वर्षों में तैयार कर रेल यातायात भी शुरू कर दिया था, लेकिन वर्तमान भाजपा की निकम्मी केंद्र सरकार के सांसद केवल मौज मस्ती में ही लगे हैं। इस कारण गरीब जनता महंगे दामों पर सफर करने को मजबूर हैं। मंगलवार को नगरोटा सूरियां में कार्यकर्ताओं से बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री ने भाजपा की पूर्व सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जवाली में तो भाजपा की पूर्व में ट्रिपल इंजन की सरकार थी। इसमें जवाली से भाजपा का एक विधायक था। वहीं, नगरोटा सूरियां से एक वाइस चेयरमैन था। केंद्र की मोदी सरकार में भाजपा का ही सांसद भी रहा, लेकिन तीनों मिलकर जवाली में एक ईंट तक भी नहीं लगा पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के तथाकथित नेता कई तरह की अफवाहें फैलाने में लगे हुए हैं, लेकिन चंद्र कुमार खुद चाहेगा तब ही राजनीति छोड़ेगा। किसी की अफवाहों को फैलाने पर राजनीति नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि नगरोटा सूरियां में 86 करोड़ लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में पौंग झील को जोड़ कर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। नगरोटा सूरियां में 36.54 करोड़ लागत से सीवरेज व 256 करोड़ रुपये लागत से सूखा हार परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिल गई है और दिसंबर महीने में मुख्यमंत्री इनका शिलान्यास करेंगे।



नगरोटा सूरियां में कृषि मंत्री चंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक।

## देहरा में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, देहरा। हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम कांगड़ा द्वारा गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज देहरा में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहरा समेत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल ने की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। युवाओं से उन्होंने सकारात्मक सोच अपनाने, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने सीएम सुक्खू द्वारा नशा, विशेषकर चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की सराहना की और कहा कि समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उपमहाप्रबंधक सतीश ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशे के खतरों से सतर्क रहने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के दो छात्रों का राज्यस्तरीय कुश्ती स्पर्धा के लिए चयन

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय अंडर-14 कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव दिलाया। प्रतियोगिता में 52 किलो वर्ग में रूद्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, 75 किलो वर्ग में विनायक ने स्वर्ण पदक, 62 किलो वर्ग में नक्ष ने रजत पदक तथा 35 किलो वर्ग में अमनदीप ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

वहीं, जुडो प्रतियोगिता में कमलप्रीत ने शानदार कौशल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। रूद्र प्रताप सिंह और विनायक का चयन राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि यह प्रतियोगिता देहरा में आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने निष्ठा, अनुशासन और खेल भावना के साथ मुकाबला किया तथा प्रताप वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। प्रिंसिपल रेणु परमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



प्रिंसिपल रेणु परमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज हथियार से हमला करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत सालन में विशाल निवासी सालन डाकघर सुलह तहसील पालमपुर ने गुरप्रित हाल निवासी सालन व अनमोल निवासी सालन के ऊपर किसी तेज हथियार से हमला किया व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### वाहन से 3,24,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस ने एक वाहन से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को सूरी में टैंपो से 3,24,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि इस संदर्भ में उपरोक्त टैंपो के चालक हनी निवासी धीरा तहसील धीरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### बलहार में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में कांगड़ा जिले के बलहार गांव स्थित वेदव्यास परिसर में एक सप्ताह से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सामाजिक शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की परागपुर स्थित शाखा के शाखा प्रबंधक अनुपम शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने की। वहीं, बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक कवि पंकज उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया व उपस्थित समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को एनएसएस की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए एकता का पाठ पढ़ाया।

### गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वीर सावरकर अध्ययन मंडल की ओर से प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र मोहली धर्मशाला में हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय त्याग, जीवन दर्शन तथा मानवता की रक्षा के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। मुख्य वक्ता भगवती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कांगड़ा में विभाग प्रचारक हैं, ने गुरु तेग बहादुर के त्याग एवं मानवीय मूल्यों पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर अवतार सिंह ने की, जो हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से उपमंडलीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने गुरु तेग बहादुर को त्याग और साहस का अमर प्रतीक बताया। अध्ययन मंडल के संयोजक आशीष एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र, ने संगोष्ठी की रूपरेखा और अध्ययन मंडल की गतिविधियों का परिचय दिया।

# हिमाचल में ऑस्टियोपैथी कॉलेज बनाने की उत्सुक आर्ट ऑफ लिविंग

## सीएम सुक्खू ने शीतला माता मंदिर में श्रीश्री रविशंकर के साथ की पूजा-अर्चना

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



पालमपुर के निकट पंजपीरी शीतला माता मंदिर में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर के साथ पूजा-अर्चना करते सीएम सुखविंद्र सुक्खू।

**पालमपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कांगड़ा जिले के पालमपुर के निकट गुजरेहड़ा स्थित पंजपीरी शीतला माता मंदिर में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने नवनिर्मित मंदिर में दीप प्रज्वलित किया और श्रीश्री रविशंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीश्री रविशंकर ने बताया कि उनका संगठन हिमाचल प्रदेश में एक ऑस्टियोपैथी कॉलेज स्थापित करने का इच्छुक है, ताकि स्थानीय युवा इस आधुनिक उपचार पद्धति को सीख कर स्थायी आजीविका अर्जित कर सकें। सीएम सुक्खू ने श्रीश्री रविशंकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह समाज में शांति, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए दुनियाभर में अथक प्रयास कर रहे हैं। सुक्खू ने घोषणा की कि आर्ट ऑफ लिविंग के अनुयायियों को इस क्षेत्र में आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, उसके लिए गुजरेहड़ा संपर्क मार्ग को पक्का किया जाएगा। श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के ठीक सामने भव्य पंजपीरी शीतला माता मंदिर का निर्माण किया गया है। उन्होंने जीवन में साधना के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ईश्वर हमसे दूर नहीं हैं, बल्कि वे हमारे भीतर ही निवास करते हैं। इस अवसर पर विधायक आशीष बुटेल, सुनील शर्मा, बिट्टू, गोकुल बुटेल, एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, संजय सिंह चौहान, मनोज ठाकुर, निशु मोंगरा, देवेंद्र जग्गी, डीसी हेमराज बैरवा, एसपी अशोक रत्न उपस्थित थे।

### आर्ट ऑफ लिविंग के राज्य कैलाश आश्रम में शीतला माता और पंजपीरी पिंडी की स्थापना

आर्ट ऑफ लिविंग के राज्य कैलाश आश्रम में दक्षिण भारतीय शैली में नवनिर्मित देवी मंदिर में शीतला माता और पंजपीरी पिंडी की विधिवत स्थापना गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर ने की। इस अवसर पर बेंगलुरु आश्रम से आए प्रमुख पंडित सुंदर मूर्ति और अन्य छह पंडितों ने गहन मंत्रोच्चारण किया। पूजा-अर्चना सुबह 8 बजे संपन्न हुई। श्रीश्री रविशंकर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए भक्ति और मुक्ति आवश्यक है, जबकि समाज में सफलता के लिए युक्ति और शक्ति आवश्यक है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने माता का आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय बेंगलुरु से 10 नवंबर को शीतला माता देवी यात्रा शुरू हुई थी, जो हैदराबाद, नागपुर, जबलपुर, दिल्ली और चंडीगढ़ आश्रमों से होती हुई 16 नवंबर को धर्मशाला आश्रम में पहुंची। देवी आगमन पर स्थानीय और प्रदेशभर के श्रद्धालुओं ने कुल्लू से आए विशेष वाद्ययंत्रों द्वारा भव्य स्वागत किया। 17 नवंबर को रुद्र पूजा संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने श्रीश्री रविशंकर का आभार जताया और कहा कि वह धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा।

# मुख्यमंत्री ने रखी पालमपुर हेलिपोर्ट की आधारशिला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

- कहा, अगले वर्ष अप्रैल तक होगा कार्य पूरा
- शिमला-चंडीगढ़ के लिए मिलेंगी हेलिकॉप्टर सेवाएं

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पालमपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान 19.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पालमपुर हेलिपोर्ट की आधारशिला रखी। हेलिपोर्ट में यात्री टर्मिनल भवन, फायर स्टेशन, उपयोगिता भवन और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस हेलिपोर्ट को अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा कर दिया जाएगा, जिसके पश्चात चंडीगढ़ और शिमला के लिए किफायती किराए पर हेलिकॉप्टर सेवाएं शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिले के लिए कई विकासात्मक योजनाएं तैयार कर रही हैं। पालमपुर में एक पर्यटन गांव विकसित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था, लेकिन भाजपा के कुछ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और इस पर रोक लगवा दी। उन्होंने कहा कि इन बाधाओं को दूर करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले के लोगों के लिए आय के नए अवसर सृजित हो सकें।

### सीएचसी गोपालपुर का किया निरीक्षण

**मुख्यमंत्री** ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर का भी निरीक्षण किया और मरीजों व कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से लेकर अन्य अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों, यह सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। विधायक आशीष बुटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा कर लगभग 300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने तथा साथ ही डिजिटल एक्स-रे और एंबुलेंस सुविधा का भी आश्वासन दिया।

# बंदाहू पंचायत की मोल खड्ड में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

- पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

पुलिस थाना लंबागांव के तहत आने वाली बंदाहू पंचायत की मोल खड्ड में मंगलवार सुबह महिला का शव मिला है। महिला की पहचान सुती देवी (70) पत्नी स्व. पर्स राम गांव व डाकघर संन्हू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह बिना बताए घर से चली जाती थी।

13 नवंबर को भी मृतका बिना बताए घर से चली गई थी। 14 नवंबर को मृतका के परिजनों ने भवारना पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मंगलवार सुबह जैसे ही बंदाहू पंचायत के प्रधान यशपाल चौहान को खड्डु में शव के पड़े होने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल लंबागांव पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जहां महिला का शव वह इलाका थुरल पुलिस चौकी के अधीन आता है। इस संबंध में लंबागांव पुलिस द्वारा थूरल पुलिस चौकी को सूचना दी गई। थुरल पुलिस भी मौके पर पंहुच गई व संन्हू गांव की महिला के परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया गया। परिजनों के मौके पर पहुंचते ही उन्होंने शव की शिनाख्त कर ली। थुरल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि थुरल पुलिस चौकी के एसएसआई सुनील कुमार ने की है।

# तीसरी-पांचवीं; आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को जांचेगा बोर्ड

## दिसंबर माह के पहले सप्ताह में कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्र पर परीक्षा का होगा आयोजन: डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों को कम्पीटेंसी बेस्ड परीक्षा में बेहतर तरीके से तैयार करने की पहल की है। इसके तहत दिसंबर माह के पहले सप्ताह में जिला कांगड़ा में कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्न पत्र आधारित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशानिर्देशानुसार विद्यार्थियों को कम्पीटेंसी बेस्ड परीक्षा में बेहतर तरीके से तैयार करने के उद्देश्य से बोर्ड की ओर से कांगड़ा जिले के विद्यालयों में कक्षा तीसरी, पांचवीं, आठवीं, दसवीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्र पर आधारित परीक्षा दिसंबर माह के पहले सप्ताह में करवाने जा रहा है। यह परीक्षा कक्षा तीसरी व पांचवीं के लिए अंग्रेजी, गणित, ईवीएस व हिंदी विषयों में व आठवीं, दसवीं के लिए अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों में तथा 12वीं कक्षा के लिए अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, जीव विज्ञान विषयों के लिए करवाई जा रही है।

- शिक्षा स्तर में कमी पाए जाने पर कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक से करवाई जाएगी तैयारी

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा से विद्यार्थियों की शिक्षा के स्तर को जांचा जा सकेगा। यदि विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में कमी पाई जाती है, तो बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्न बैंक की सहायता से उनकी तैयारी करवाई जा सके, ताकि परीक्षा परिणाम में सुधार हो सके। उक्त परीक्षा से बोर्ड को यह ज्ञात होगा कि आगामी वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र में कठिनाई स्तर को कितने प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है।

# कृषि विवि की एबीवीपी इकाई ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर इकाई ने विश्वविद्यालय में बढ़ रही शैक्षणिक, प्रशासनिक और अनुसंधान संबंधी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने सरकार से इन मुद्दों का तत्काल समाधान करने की मांग की। एबीवीपी यूनिट सचिव अंकित कौंडल ने बताया कि एबीवीपी ने स्थायी कुलपति की नियुक्ति, विश्वविद्यालय बजट में वृद्धि, 112 हेक्टेयर विश्वविद्यालय भूमि की सुरक्षा, रिक्त पदों को भरने, एईओ की भर्ती शीघ्र शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। परिषद ने कहा कि हिमाचल में छह वर्षों से कृषि विस्तार अधिकारी (एईओ) की भर्ती नहीं हुई। हर वर्ष 150 से अधिक बीएससी कृषि स्नातक निकलते हैं, पर रोजगार नहीं मिल रहा। इससे कृषि विस्तार प्रणाली भी कमजोर हुई है। एबीवीपी ने मांग की कि एईओ भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू कर युवाओं को अवसर और किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाए।

# हरिपुर टीम बनी बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता बीहन टीम उपविजेता

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बैडमिंटन क्लब बीहन की ओर से मंगलवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें क्षेत्रभर की कई टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता में हरिपुर टीम विजेता रही, जबकि बीहन टीम उपविजेता बनी। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने मैदान में मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जेई राकेश चंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, क्लब की पहल और आयोजन समिति की मेहनत की खुलकर प्रशंसा की। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने 5100 रुपए की राशि टीमों व क्लब को भेंट की। इस मौके पर सेवानिवृत्त एसपी अशोक कुमार, रजनीश, अमित गुलेरिया और विपन सहित कई सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करती हैं और समाज में स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करती हैं। प्रतियोगिता का समापन विजयी टीमों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान कर किया गया।

# नारी राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति: अनीता

## सरस्वती विद्या मंदिर पपरोला में महिला सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित



कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संतुलन और भारतीय विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** सरस्वती विद्या मंदिर पपरोला में महिला सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अनीता सूद, मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुनीता, मुख्य वक्ता डॉक्टर प्रियंका व कार्यक्रम अध्यक्ष मनीषा उपस्थित रही। मुख्य अतिथि अनीता सूद ने कहा कि नारी केवल भावना नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति है। मुख्य वक्ता के द्वारा कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संतुलन पर अपने विचार रखे गए व भारतीय विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। विद्यालय की शिशु वाटिका दीदी की ओर से विद्यालय में शिशु नगरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्य व महिला सप्तशक्ति संगम जिला कांगड़ा की संयोजिका शैलजा के मार्गदर्शन से किया गया।

## शादी के नाम पर ठगी का मामला

# आरोपियों के बैंक खाते और कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में सामने आए शादी के नाम पर ठगी मामले की पुलिस गहनता से जांच कर रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार पांच आरोपियों के खातों व कॉल डिटेल को खंगाला जा रहा है। पुलिस यह पता करने का प्रयास कर रही है कि

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शादी के नाम पर गिरोह के सदस्यों ने कितनी राशि ठगी है तथा कहां-कहां ट्रांसफर की गई है। इस मामले में गिरफ्तार लोगों से पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान भी कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, गिरोह से जुड़े कुछ अन्य लोगों को जल्द ही हिरासत में लेकर पूछताछ होने की बात भी सूत्र कह रहे हैं। ऐसे में इस गिरोह के भंडाफोड़ होने के साथ ठगी के कई अन्य मामले भी सामने आ सकते हैं। उधर, इस संबंध में डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान गिरोह के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पुलिस गिरोह के सदस्यों की कॉल डिटेल के अलावा इनके बैंक खातों को भी खंगाल रही है ताकि ठगी के शिकार लोगों तथा ठगी की रकम का आंकड़ा सामने आ सके। उन्होंने कहा कि पुलिस गहनता से मामले की छानबीन कर रही है ताकि कोई भी आरोपी बच न सके।

# धर्मशाला में हिमाचल प्रीमियर लीग 21 से, 32 टीमों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**श्रीराम** जन कल्याण फाउंडेशन कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की ओर से हिमाचल प्रीमियर लीग का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक किया जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस मैदान धर्मशाला में 32 टीमों के बीच आठ-आठ ओवर के मैच खेले जाएंगे। इसके लिए प्रदेशभर से 32 टीमों का चयन किया कर लिया गया है, जिनकी एंट्री फीस 800 रुपए रखी गई है। विजेता टीम को 51 हजार, उपविजेता को 31 हजार प्रदान किए जाएंगे, जबकि तीसरे व चौथे नंबर पर रहने वाली टीमों को भी 11-11 हजार रुपए इनामी राशि प्रदान की जाएगी।

- विजेता को 51 हजार, उपविजेता को मिलेगा 31 हजार का नकद पुरस्कार

वहीं, सेमीफाइनल में पहुंचने वाले टॉप-चार टीमों को क्रिकेट किट भी प्रदान की जाएगी। श्रीराम जन कल्याण फाउंडेशन कांगड़ा से आयोजक सभ्य लोटिया व समस्त टीम ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रीमियर लीग में में स्थानीय नेता, डीसी कांगड़ा, एसपी सहित अन्य मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि सी बीड्स चंडीगढ़ संस्थान की ओर से आत्याधुनिक डिजिटल एजुकेशन पर भाग लेने वाली टीमों को एक करोड़ की स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। इसमें सभी 32 टीमों में से टॉप-20 में रहने वाली टीमों को एक-एक लाख स्कॉलरशिप सी बिड्स चंड़ीगढ़ की तरफ से प्रदान की जाएगी। साथ ही अरनी यूनिवर्सिटी इंदौरा हिमाचल प्रदेश की ओर से मैच में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज सहित आत्यधिक रन व विकेट लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार व इनामी राशि भी प्रदान की जाएगी।

# वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- धर्मशाला कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के वाणिज्य विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना और सुरक्षित जीवन के लिए आवश्यक नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पोस्टर, स्लोगन और लघु निबंध के माध्यम से भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राकेश पाठानिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन शैली है। यदि हम स्वयं सुरक्षित रहेंगे तभी समाज सुरक्षित बन सकेगा। युवाओं के रूप में आप देश के भविष्य हैं; आपकी जागरूकता कई अनमोल जीवन बचा सकती है। हर कदम पर सावधानी अपनाएं और जिम्मेदार नागरिक बनें। वहीं, कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से 'एंटी-टबैको एंड एंटी ड्रग अवेयरनेस कैंपेन' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ व सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

# हॉलीफेथ स्कूल पठियार के होनहार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**हॉलीफेथ** सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार का वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। उपमंडल अधिकारी नगरोटा बगवां मुशीष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने 'मेरा दादा जी की छड़ी' गाने की धुन पर अपनी प्रस्तुति दी। मोबाइल के दुष्परिणाम के बारे मे जागरूक करते हुए छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका पेश की। कक्षा नवमी के छात्रों ने पहाड़ी नाटी 'ओ नीलमा' गाने पर नृत्य पेश कर सबका मन मोह लिया। कक्षा जमा दो की छात्राओं ने पहाड़ी गिद्दा प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। स्कूल के प्रबंध निदेशक दीपक सूद ने स्कूल की वर्षभर की उपलब्धियों के बारे मं अवगत करवाया। मुख्यातिथि मुशीष शर्मा ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों को स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ व छात्र-छात्राओं को इस वार्षिक समारोह की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी जीवन मे अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए व उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल के होनहार व मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य शशि सूद व प्रबंध निदेशक दीपक सूद ने मुख्यातिथि मुनीश शर्मा को सम्मानित किया व कार्यक्रम मे पधारने पर आभार व्यक्त किया।

# हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संस्थान किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति धर्मशाला की अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित

**नगर** राजभाषा कार्यान्वयन समिति धर्मशाला की दूसरी अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह दो सत्रों में संपन्न हुआ। बैठक में केंद्र सरकार के 38 सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता भरत ठाकुर, उपाध्यक्ष द्वारा की गई, जबकि जेके मंडल, सहायक निदेशक गृह मंत्रालय विशिष्ट अतिथि रहे।

नराकास सचिव की ओर से समस्त सदस्य कार्यालयों की समीक्षा के उपरांत पुरस्कार वितरण का कार्यगिम आरंभ किया गया। इसमें जून अक्तूबर, 2025 की अवधि में आयोजित की गई गतिविधियों के विजेताओं को उपाध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। दूसरे सत्र में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के पुरस्कार वितरण समारोह में लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। इस सत्र में नराकास धर्मशाला के सदस्य कार्यालयों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 7 कार्यालयों राष्ट्रीय फैशन प्रोद्यौगिकी संस्थान, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्व विद्यालय धर्मशाला, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय योल, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला, मेरा युवा भारत, वैमानिक मौसम स्टेशन कांगड़ा हवाई अड्डा, भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय धर्मशाला को मुख्य अतिथि डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा समस्त सदस्य कार्यालयों से हिंदी को बढ़ावा देने और हिंदी के अधिक प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने आह्वान किया कि जब हमने स्तर पर हिंदी को अपनाएंगे, तभी ये पूरे देश से विश्व स्तर तक पहुंच बनाएगी।

## डाडासीबा में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत किया निरीक्षण

# दुकानदारों को समझाए नियम और नशे के घातक प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**पिंकी, अनंत ज्ञान**



संयुक्त टीम के औचक निरीक्षण से दुकानदारों में मचा हड़कंप।

**डाडासीबा।** डाडासीबा में मंगलवार को बीड़ी-सिगरेट व तंबाकू मुक्त अभियान के तहत प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुख्य बाजार में कार्रवाई की। खंड चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार, तहसीलदार बीरबल और पुलिस टीम की अगुवाई में बाजार में अचानक निरीक्षण किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

टीम ने दुकानों में जाकर बीड़ी-सिगरेट और तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू बिक्री पर पूरी रोक, खुली सिगरेट और बीड़ी बेचने पर सख्त प्रतिबंध, दुकानों में वैध लाइसेंस अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने पर फोकस किया गया। कई दुकानदारों को नियम समझाए गए और नशे के घातक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे बीएमओ डॉ. सतीश फोतेदार ने कहा कि युवाओं को तंबाकू के जाल से बचाने के लिए ऐसे कड़े प्रवर्तन अभियान अनिवार्य हैं। स्वस्थ समाज के लिए तंबाकू मुक्त वातावरण बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि तंबाकू मुक्त डाडा सीबा के मिशन को सफल बनाने के लिए सभी मिलकर आगे आएं और आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य दें। इस अभियान में तहसीलदार बीरबल, डॉ. पंकज कौडल, व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, पंचायत प्रधान सुचिता कंवर और विभाग के कई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा महोत्सव में बिलासपुर कॉलेज अव्वल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के संगीत विभाग ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में शानदार उपलब्धि हासिल की है। 12 से 15 नवंबर तक राजकीय महाविद्यालय ऊना में आयोजित इस महोत्सव के ग्रुप-थ्री वर्ग में कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बिलासपुर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 44 महाविद्यालयों ने भाग लिया, जिनमें लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और कोरियोग्राफी प्रमुख श्रेणियां रहीं। लोक नृत्य श्रेणी में 40 टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बिलासपुर कॉलेज की टीम ने जिले के लोक नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान अपने नाम किया। वापसी पर टीम प्रभारी डॉ. मनोहर लाल और डॉ. रवि प्रकाश के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि संगीत और नृत्य जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों की बढ़ती प्रतिभा गर्व का विषय है और ये क्षेत्र युवाओं के लिए उत्कृष्ट करियर संभावनाएं प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सीनियर/सब जूनियर खो-खो ट्रायल 23 को

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** बिलासपुर सीनियर पुरुष एवं महिला खो-खो टीम तथा सब जूनियर गर्ल्स टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 23 नवंबर को जुखाला में होंगे। सीनियर वर्ग में चयनित खिलाड़ी 13 व 14 दिसंबर को मंडी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं सब जूनियर गर्ल्स टीम ऊना में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। यह जानकारी देते हुए जिला एमच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर महासचिव चुनी लाल ठाकुर ने बताया कि यह ट्रायल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुखाला के खेल मैदान में होंगे। सब जूनियर गर्ल्स वर्ग के ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 4 फरवरी 2012 के बाद हुआ हो। वहीं, सीनियर वर्ग में कोई भी खो-खो खिलाड़ी भाग ले सकता है। उन्होंने जिला भर के खिलाडियों से आग्रह किया कि सभी सुबह 9 बजे खेल प्रांगण में पहुंच जाएं। अपना आधार कार्ड भी साथ लाएं। बिना आधार कार्ड कोई भी खिलाड़ी ट्रायल में भाग नहीं ले सकेगा।

### मुख्यमंत्री 21 को करेंगे 'जल तरंग जोश महोत्सव' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा 21 से 23 नवंबर तक गोबिंदसागर झील के तट पर आयोजित किए जा रहे 'जल तरंग जोश महोत्सव-2025' की तैयारियों के संदर्भ में मंगलवार को बचत भवन में उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने पत्रकारों को बताया कि इस वर्ष महोत्सव को और अधिक प्रभावशाली, आकर्षक तथा सहभागी स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसमें जल क्रीड़ा गतिविधियों, सांस्कृतिक संध्याओं, सामुदायिक कार्यक्रमों, रेडक्रॉस मेले, आजीविका मेले तथा युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, एसडीएम सदर राजदीप सिंह और सहायक आयुक्त राजकुमार भी मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय पाइप बैंड प्रतियोगिता में घुमारवीं अव्वल

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** पीएमश्री जीबीएसएसएस घुमारवीं के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय पाइप बैंड प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। यह प्रतियोगिता जीएसएसएस भूनतर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के कई विद्यालयों की टीमें शामिल थीं। घुमारवीं की बैंड टीम ने अनुशासित मार्च, सटीक ताल और बेहतरीन समन्वय के दम पर जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया। दमदार प्रस्तुति के बाद टीम को विजेता घोषित किया गया, जिसके साथ ही स्कूल प्रबंधन, प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया है। टीम के प्रदर्शन ने न केवल स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि बिलासपुर जिला और घुमारवीं क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, लेकिन घुमारवीं की टीम का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। विजेता घोषित होते ही पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन और शिक्षा के प्रति विद्यालय के उत्कृष्ट वातावरण का प्रमाण है।

# सख्त कानून और जन-जागरूकता से नशे का जाल जड़ से उखाड़ेंगे : राजेश धर्माणी

## कंदरौर में डेरीका फार्म के दुग्ध उत्पाद किए लॉन्च, मैराथन प्रतियोगिता के विजेता किए पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टे नशे के संपूर्ण उन्मूलन को लेकर बेहद गंभीर है और इसके लिए कड़े कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं। कंदरौर में डेरीका फार्म द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 15 नवंबर को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से चिट्टा विरोधी जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। आने वाले दिनों में यह अभियान बिलासपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा सके।



मैराथन के विजेताओं को सम्मानित करते मंत्री राजेश धर्माणी।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। इसके तहत अब चिट्टे नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों को पुलिस बिना अदालत की अनुमति तीन महीने तक हिरासत में रख सकेगी। उन्होंने बताया कि नशा व्यापार में लिप्त सरकारी कर्मचारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 60 से अधिक कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ की जा चुकी है, जिनमें 15 पुलिस विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं।

युवाओं से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि नशा व्यक्तित्व को नष्ट कर देता है और देश की युवा शक्ति को कमजोर करने का प्रयास विदेशी ताकतों द्वारा किया जा रहा है, जिसे किसी भी हालत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशा न करें और दूसरों को भी इससे दूर रखें। यदि कोई व्यक्ति चिट्टा नशे में संलिप्त दिखे तो उसकी सूचना 112 नंबर पर तुरंत दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

धर्माणी ने कहा कि युवा शक्ति देश और समाज की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने युवाओं को जीवन में सशक्त और सक्षम बनने, लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने डेरीका फार्म द्वारा लुहणू मैदान से कंदरौर तक आयोजित नशा-विरोधी मैराथन की सराहना की। उन्होंने महिला एवं पुरुष वर्ग के विजेताओं को मेडल और नकद पुरस्कार प्रदान किए। पुरुष वर्ग में गौरव, नगेंद्र पाल और अनमोल कुमार, जबकि महिला वर्ग में सविता वालिया, तनीक्षा ब्राल और रिदिमा ठाकुर क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने डेरीका फार्म के दूध, दही, पनीर सहित कई नए दुग्ध उत्पादों को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानीय उद्यम न कार्यक्रम में पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम राजदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण भाखड़ा विस्थापितों ने मुख्यमंत्री को भिजवाया ज्ञापन


उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य और ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर ने अध्यक्ष देश राज शर्मा की अगुवाई में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा।

समिति ने कहा कि भाखड़ा बांध बनने के बाद हजारों परिवार विस्थापित हुए, लेकिन 60 वर्ष बाद भी उनका सही पुनर्वास नहीं हो पाया है। बड़ी संख्या में परिवारों के पास न खेती योग्य जमीन है और न पक्का मकान, जबकि बरसात में झील का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों का आपसी संपर्क टूट जाता है और खेत-खलिहान नष्ट हो जाते हैं। समिति ने यह भी कहा कि पौंग बांध विस्थापितों को सुविधाएं मिल चुकी हैं, लेकिन भाखड़ा विस्थापित आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि विस्थापित बहुल क्षेत्रों का मिनी बंदोबस्त कर कब्जे वाली भूमि का मालिकाना हक दिया जाए और कटे हुए बिजली व पानी के कनेक्शन तुरंत बहाल किए जाएं। समिति ने कहा कि झील से सिंचाई और पेयजल की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा विस्थापितों और उनके वारिसों को बीबीएमबी में रोजगार का प्रावधान किया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि प्रदेश को मिलने वाली रॉयल्टी का 25 प्रतिशत हिस्सा भाखड़ा विस्थापितों की मूलभूत सुविधाओं पर खर्च किया जाए, इसके अलावा अन्य कई मांगें भी रखी गईं।

## श्री नयना देवी-नंगल सड़क निर्माण तेज करने को लेकर विधायक रणधीर शर्मा ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रणधीर शर्मा ने क्षेत्र की सड़कों की जर्जर हालत को लेकर भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन को चीफ इंजीनियर नंगल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बीते बरसात में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई श्री नयना देवी जी-नंगल वाया भाखड़ा सड़क की तुरंत मरम्मत करवाने की मांग उठाई। साथ ही नैला-बरमला सड़क निर्माण में हो रही देरी पर भी कड़ा रोष व्यक्त किया।

> **नैला-बरमला सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए**

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता पिछले तीन महीनों से टूटी सड़क के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रही है, लेकिन बीबीएमबी की ओर से अभी तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्य आरंभ न हुआ तो जनता का सब्र टूट सकता है। प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में ये प्रमुख मांगे रखी गईं, जिनमें नंगल-श्री नयना देवी जी वाया भाखड़ा सड़क की त्वरित मरम्मत, बरसात के दौरान सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई थी और क्षतिग्रस्त हिस्सा बीबीएमबी के अधिकार क्षेत्र में आता है। तीन माह बीतने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू न होने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने बोर्ड से तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की।

उन्होंने यह भी कहा कि नैला-बरमला सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। अक्तूबर 2022 में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा भूमिपूजन होने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य बीच में ही अटका हुआ है। इससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। प्रतिनिधि मंडल ने इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी। विधायक रणधीर शर्मा ने उम्मीद जताई कि बीबीएमबी प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए इन महत्वपूर्ण सड़कों पर शीघ्र कार्यवाही करेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## गो रक्षा दल ने गउओं से भरा टेंपो किया जब्त

**राकेश कुमार, अनंत ज्ञान**


पुलिस में मामला दर्ज
गउओं से भरा पकड़ा ट्रक तथा जानकारी देते निक्सन शर्मा व अन्य।

**स्वारघाट।** कीरतपुर नेरचौक फोरलेन पर देर रात गरामौड़ा टोल प्लाजा के पास गो रक्षा दल के जिलाध्यक्ष निक्सन शर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक रैकेट का भंडाफोड़ किया और पुलिस से एक 407 टेंपो जब्त करवाया, जिसमें 7 गउएं थीं, जिन्हें भूसे के नीचे छिपाकर तस्करी की जा रही थी।

पुलिस अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कैंटर में भूसे से ढककर गायों की तस्करी की जा रही है। जब वे गरामोड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचे तो गौ रक्षा दल ने उनकी गाड़ी को घेर लिया, जिसे जम्मू-कश्मीर निवासी मोहम्मद बिलाल पुत्र फकीर मोहम्मद चला रहा था। और उसके साथ गाड़ी में एक अज्ञात कंडक्टर बैठा था। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो भूसे के नीचे से सात गउएं बरामद हुईं, जिन्हें प्रताड़ित करके गाड़ी के अंदर डाला गया था। चारे और पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे साफ है। जिसके बाद चालक मोहम्मद बिलाल को मौके पर ही पकड़ लिया गया जबकि अज्ञात कंडक्टर भागने में कामयाब हो गया। कीरतपुर साहिब थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

निक्सन कुमार ने कहा कि यह घटना नई नहीं है, कुछ महीने पहले भी एक बड़ी गाड़ी जिसमें बड़ी संख्या में गायें मौजूद थीं। उसे आलू से ढककर ले जाया जा रहा था जो श्री कीरतपुर साहिब थाने में बंद है। पंजाब में हो रही ऐसी घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। राज्य सरकार को इस मामले पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि हिंदू धर्म में गाय की पूजा की जाती है। ऐसे में उनकी तस्करी करके, उन्हें काटकर, उन पर अत्याचार करना पूरे हिंदू धर्म को ठेस पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। सरकार को इनके खिलाफ सख्त कानून बनाने चाहिए।

## मलांगन पंचायत ने श्मशानघाट तक सड़क के लिए मांगी भूमि की निशानदेही

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



ग्राम पंचायत मलांगन (विकास खंड झंडूता) की बैठक पंचायत प्रधान ज्ञान चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी 9 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम मलांगन (पीपलूघाट) क्षेत्र में स्थित लगभग 62 बीघा सरकारी भूमि की निशानदेही करवाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

पंचायत के अनुसार शीर खड्ड के किनारे स्थित इस भूमि मे खसरा नंबर 417/390/322: 48 बीघा 16 विस्वा, खसरा नंबर 356/326: 24 बीघा के क्षेत्रफल दर्ज हैं। इस भूमि से सटे क्षेत्र में दो पंचायतों के लगभग पांच गांवों का श्मशानघाट स्थित है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है। पंचायत ने बताया कि सरकारी भूमि के बड़े हिस्से पर अवैध कब्जे होने के कारण ग्रामीणों को श्मशानघाट तक लकड़ी और शव ले जाने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। पंचायत ने कहा कि यदि भूमि की उचित निशानदेही करवा दी जाए, तो श्मशानघाट तक सड़क निर्माण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना संभव होगा। पंचायत ने उपायुक्त बिलासपुर से अनुरोध किया है कि प्रभावित क्षेत्र की सरकारी भूमि की शीघ्र निशानदेही करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

## श्री रामानुज संस्कृत कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया लाहौल-स्पीति व मनाली का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** श्री रामानुज संस्कृत महाविद्यालय पंजगाई, बिलासपुर के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. चिंत राम शर्मा एवं अन्य आचार्यों के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति और कुल्लू-मनाली का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्षेत्र की संस्कृति, परंपराओं, इतिहास तथा प्राकृतिक विरासत के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय मंदिरों, ऐतिहासिक स्थलों व प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण विभिन्न दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। आचार्यों ने विद्यार्थियों को प्राचीन संस्कृति, साहित्य और क्षेत्रीय विशेषताओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव बढ़ाने में अत्यंत सहायक होते हैं। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए संचालक संचालक राम मोहन दास जी महाराज एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिला भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में कृषि योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला भाजपा किसान मोर्चा की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष रामगोपाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर, श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में रामगोपाल ठाकुर ने सभी नेताओं और पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने संगठन की कार्यप्रणाली पर अपने विचार रखे। कृष्ण लाल चंदेल ने किसान मोर्चा के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए और नए परिवारों को पार्टी से कैसे जोड़ा जाए, इस पर सभी कार्यकर्ताओं को संगठित रूप से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि, बागवानी और पशुपालन से जुड़े प्रकल्पों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में कमेटियां बनाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा सकता है। संजीव देष्टा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र की योजनाओं का लाभ अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीतियां बनाई जाएंगी। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय बताया, ताकि किसानों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और समय पर समाधान प्रदान किया जा सके। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि कल्याण योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और किसान हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन का 'स्वराज साथी संकल्प शिविर' संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन बिलासपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्वराज साथी संकल्प शिविर का समापन मंगलवार को दोपहर 2 बजे हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक बिलासपुर सदर डॉ. बाबूराम गौतम को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा।

समापन अवसर पर राजेश धर्माणी ने संगठन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार संगठन को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी।

मंत्री ने बताया कि राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर दिसंबर माह में पंचायत और नगर निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार, राष्ट्रीय महासचिव गगनदीप, राष्ट्रीय महासचिव एवं हिमाचल प्रभारी डॉ. संजय, तथा संगठन के प्रदेश मुख्य संयोजक सचिन निरूपा भी उपस्थित रहेंगे। दो दिनों तक चले इस शिविर में जिलेभर से आए लगभग 40 स्वराज साथियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर जिला संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, प्रकाश चंदेल, डॉ. विजय गुलेरी, प्यार चंद, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना कंडल, सतीश शर्मा, नंदलाल वर्मा, बिशन सिंह ठाकुर, जगदीश संख्या आदि उपस्थित थे।

## शहीद अश्विनी कुमार स्मारक झंडूता स्कूल के सालाना समारोह में स्टूडेंट्स सम्मानित

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के अंतर्गत शहीद अश्विनी कुमार स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि झंडूता क्षेत्र के कांग्रेस नेता विवेक कुमार रहे। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने उनका बुके भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक गतिविधियों, खेलकूद और अन्य उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया।


स्टूडेंट्स को सम्मानित करते मुख्यातिथि विवेक कुमार, साथ हैं अन्य।

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि विवेक कुमार ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विवेक कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मेहनत और अनुशासन पर जोर दिया और बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी तथा विद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की।

उन्होंने शिक्षकों व प्रधानाचार्य को भी बेहतर कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष निरंजन नड्डा, रिटायर्ड प्रिंसिपल रमेश धीमान, राम गोपाल चौहान, सोहन सिंह, रमेश धीमान, शकुंतला देवी, शशि कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

छठी कक्षा की आराध्या, सानवी नड्डा, पारूस ठाकुर, सातवीं कक्षा में डॉली, अजय बब्बू, भार्गव, आठवीं कक्षा में बबली, शिवानी चंदेल, शीतल, नौवीं कक्षा में श्रेया शर्मा, मृदला, अक्षरा, दसवीं कक्षा में अभय चंदेल, शिवांश, हिमांशी, 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में रिया देवी, प्रांची धीमान, आकांक्षा, वाणिज्य संकाय में प्रिंस ठाकुर, मनीष कुमार, सन्नी कुमार, ह्यूनटी स्ट्रीम में साक्षी, पलक कुमारी, कनिका ठाकुर, शैक्षणिक गतिविधियों में 11वीं कक्षा की वांशिका, कृति चंदेल, शिवांश शर्मा, वाणिज्य संकाय में निशांत धीमान, अक्षय राणा, शिवांश ठाकुर, ह्यूमनटी स्ट्रीम में रोहित चंदेल, शिवानी, हितेश ठाकुर को मुख्यातिथि विवेक कुमार ने सम्मानित किया।

## एम्स बिलासपुर ने कुल्लू में लगाया गठिया जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग, एम्स बिलासपुर की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, कुल्लू के सहयोग से 16 नवंबर को क्षेत्रीय अस्पताल, कुल्लू स्थित जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र में गठिया जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त) के मार्गदर्शन और संरक्षण में आयोजित किया गया।

शिविर में लगभग 90 मरीजों की जांच की गई, जिनमें गठिया और जोड़ों से संबंधित समस्याओं वाले मरीज शामिल थे। डॉ. अंकिता देवांगन और डॉ. एपी निर्मल द्वारा मरीजों की जांच की गई। कई मरीजों में इंफ्लेमेटरी आर्थाइटिस, ऑस्टियोआर्थाइटिस तथा अन्य रूमेटोलॉजिकल विकार पाए गए और उन्हें उचित दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मरीजों के लिए निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर जांच तथा बोन डेंसिटी जैसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई। सुश्री ज्योति कुपवान ने पूरे कार्यक्रम के दौरान पंजीकरण एवं मरीजों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सृजन** पत्रिका लेखकों के हस्तलिखित लेखों का अनूठा संकलन

## देशभर में पहचान बना रही अनोखी पत्रिका 'ओस'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


मंत्री राजेश धर्माणी और अन्य विशिष्ट अतिथियों को 'ओस' पत्रिका का भेंट करते पत्रिका के संपादक मंडल के सदस्य।

प्रिंटिंग की भीड़ में जहां एक जैसी किताबें और पत्रिकाएं बाजार में भरी पड़ी हैं, वहीं 'ओस' नाम की पत्रिका आजकल देशभर में खास चर्चा का विषय बनी हुई है। एआई और आधुनिक प्रिंटिंग तकनीक के दौर में, यह पत्रिका अपने अद्वितीय और प्रयोगधर्मी प्रकाशन शैली के कारण साहित्य जगत में तहलका मचा रही है।

'ओस' की विशेषता यह है कि इसमें प्रकाशित लेख टाइप या प्रिंट नहीं होते, बल्कि लेखकों की मूल हस्तलिपि (हैंडराइटिंग) में हू-ब-हू प्रकाशित किए जाते हैं। लेखक की अपनी लिखावट को जस का तस पृष्ठों पर उकेरना इस पत्रिका को देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग बनाता है। इसी अनूठी अवधारणा ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है। मंगलवार को पत्रिका के संपादक मंडल के सदस्य रतन चंद 'निर्झर' ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और अन्य विशिष्ट अतिथियों को यह विशेष अंक भेंट किया।

उन्होंने बताया कि पत्रिका का यह अनियमित कालीन प्रकाशन पूरी तरह संपादक मंडल के तीन सदस्यों के निजी व्ययों से चल रहा है। जिनमे रतन चंद 'निर्झर' (बिलासपुर), वरिष्ठ लेखक रतन चंद्र रत्नेश (चंडीगढ़) तथा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त जॉइंट डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध साहित्यकार रोशन जायसवाल शामिल हैं। निर्झर ने बताया कि पत्रिका को व्यापक पाठक सराहना मिली है और अब आगामी फरवरी अंक के प्रकाशन की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई हैं। 'ओस' साहित्य की दुनिया में एक ऐसा रचनात्मक प्रयोग है, जो न केवल लेखकों की मौलिकता को सम्मान देता है, बल्कि पाठकों को भी लेखन की आत्मा से जोड़ने का काम करता है।

न्यूज ब्रीफ

## महिला से मारपीट व छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने मंगलवार को एक गंभीर मामले पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत एक अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस के अनुसार यह मामला 17 नवंबर की शाम को घटित हुआ, जब एक महिला अपने परिवार के साथ धन संबंधी विवाद निपटाने के लिए सनवाल के पास पहुंची थी। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता अपने परिवार सहित मौके पर पहुंची, तो केवल कृष्ण सहित अन्य आरोपी, निवासी सनवाल, ने उनके रास्ते में रुकावट डाल दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने पीड़िता के बाल खींचे, थप्पड़ मारा और छेड़छाड़ करने की कोशिश की। इस घटना के बाद महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई जारी है।

## व्यवस्था परिवर्तन केवल दावा : नरेश रावत

**अनंत ज्ञान, चुराह।** भाजपा नेता एवं प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश रावत ने प्रदेश सरकार पर व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। चुराह में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि चुनावों के समय सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन ढाई साल बीतने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस बदलाव दिखाई नहीं देता। रावत ने कहा कि सरकार की नीतियां आम जनता, किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों के हितों के विपरीत साबित हो रही हैं। विकास कार्य ठप पड़े हैं और लोग रोजमर्रा की समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार केवल घोषणाओं और बयानबाज़ी तक सीमित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है, जिससे समुदाय में रोष बढ़ रहा है। रावत ने सरकार से आग्रह किया कि वह अपने चुनावी वादों को याद करे और जनता की उम्मीदों के अनुरूप कार्य करे।

## चंबा के कराटे खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कराटे संघ हिमाचल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'स्पिरिट ऑफ हिमाचल' इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप एवं सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 15 से 16 नवम्बर 2025 को महाराजा पैलेस, बैजनाथ, जिला कांगड़ा में आयोजित की गई थी। कराटे संघ चम्बा की ओर से कुल 19 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिनमें 8 सीनियर श्रेणी, 7 सब-जूनियर तथा 4 जूनियर श्रेणी के खिलाड़ी थे। प्रतियोगिता में चम्बा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। इनमें सीनियर श्रेणी से 8, जूनियर से 4 और सब-जूनियर श्रेणी से 6 स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। उपायुक्त ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों तथा कराटे संघ चम्बा को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षा सचिव कल करेंगे स्कूलों की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव राकेश कंवर (भाप्रसे) 20 नवंबर 2025 को जिला चंबा के दौरे पर रहेंगे। इस अवसर पर वे जिले के सभी सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों, हाई स्कूलों, ब्लॉक एलीमेंट्री एजुकेशन अधिकारियों, सेंटर हेड टीचर्स और सभी सरकारी माध्यमिक व प्राथमिक स्कूलों के इंचार्ज के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। बैठक प्रातः 10 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के सभागार में आयोजित होगी। मुख्य एजेंडा में विद्या समीक्षा केंद्र, डेटा प्रबंधन और कॉम्पलेक्स स्कूलों के पुनर्गठन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा शामिल होगी। उपनिदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक, प्रारंभिक, गुणवत्ता) और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## 60वां राज्यस्तरीय स्थापना दिवस कल मनाएंगे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 60वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस इस वर्ष बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता ने बताया कि यह कार्यक्रम 20 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ध्रुव सिंह, उपाध्यक्ष एल.डी. चौहान, राज्य महासचिव राजीव चौहान और प्रदेश के सभी जिलों से 500 से अधिक पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। अध्यक्ष मेहता ने कहा कि स्थापना दिवस का उद्देश्य संगठन की 60 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों, पूर्व नेताओं के योगदान और कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों को याद करना है। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, कर्मचारी हितों की सुरक्षा और सरकार के समक्ष उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है।

## चंबा में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन कल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** चंबा में 20 नवंबर को जिला स्तरीय 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता और अखंडता के संदेश को समर्पित है। दौड़ अखंड चंडी पैलेस से शुरू होगी, जिसमें जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 16 मंडलों के कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं और नागरिक भाग लेंगे। इस अवसर पर चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज मुख्य वक्ता होंगे। विधायक और जिला संयोजक डीएस ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम के माध्यम से एकता और राष्ट्रीय अखंडता का संदेश फैलाएं। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## टेरियर सिक्योरिटी में 25 युवाओं को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा एसओईई सुंडला (सलूणी) में मंगलवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज ने 40 युवाओं की चयन प्रक्रिया में से 25 को रोजगार देने का निर्णय लिया। इस ड्राइव का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था, जिसमें सफलता हासिल हुई। टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज के प्रतिनिधियों ने युवाओं का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता और कौशल का मूल्यांकन किया। चयनित उम्मीदवार जल्द ही विभिन्न पदों पर कार्य शुरू करेंगे। युवाओं ने अपनी खुशी व्यक्त की और जिला रोजगार कार्यालय का धन्यवाद किया। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन युवाओं के लिए किए जाएंगे।

## मजदूर पर किया हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला की तहसील बल्ह के निवासी वेद प्रकाश ने पिछली रात पुलिस थाना बल्ह में शिकायत दी कि मजदूरी का कार्य समाप्त कर वह घर लौट रहा था और सत्संग भवन के समीप लगभग बीस मीटर की दूरी पर उसे उसका चचेरा भाई मेहर चन्द मिला, तभी वहां मौजूद राहुल, कौशल और संजू ने उसका रास्ता रोक लिया तथा राहुल ने पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया और गाली-गलौज भी की, जिस पर पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने राहुल, कौशल और संजू के विरुद्ध धारा 126(2), 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस अधिनियम 2023 के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर आगामी अन्वेषण आरम्भ कर दिया है और पुलिस इस प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच कर रही है।

## चालान कर वसूला 3500 रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से की जा रही कार्रवाई के तहत मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 338 चालान, कोटपा के अंतर्गत 35 चालान जिनमें कुल 3500 रुपये का जुर्माना वसूला गया तथा माइनिंग एक्ट के अंतर्गत 1 चालान किया गया, जबकि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि जिले में सुरक्षित तथा अनुशासित वातावरण बना रहे।

## नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति क्लब एवं रेड रिबन क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता एवं नारा लेखन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने की, जबकि कार्यक्रम का संयोजन प्रो. संजीव और डॉ. प्रीति द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर रचनात्मक, प्रभावशाली और सारगर्भित संदेश प्रस्तुत किए। डॉ. मुनीष ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

# आयुर्वेदिक सेवाएं की जाएं बहाल

## चंबा मेडिकल कॉलेज में आयुर्वेदिक विंग शुरू करने की मांग फिर तेज

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



एमसी अध्यक्ष नीलम, सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सूरी व अन्य ज्ञापन सौंपते हुए।

**एमसी अध्यक्ष नीलम और सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सूरी ने उठाई आवाज**

**चंबा।** जिला अस्पताल/पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में आयुर्वेदिक विंग शुरू करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। शहर की बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं व बुजुर्गों, महिलाओं तथा बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह मुद्दा अब जनता की प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर पहुंच चुका है।

इसी संदर्भ में नगर परिषद चंबा की अध्यक्ष तथा सदर चंबा विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी रही नीलम नैय्यर और सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सूरी ने अलग-अलग दृष्टिकोणों के साथ लेकिन एक ही उद्देश्य से प्रशासन के समक्ष यह मुद्दा मजबूती से उठाया। नीलम नैय्यर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मंगलवार को मुलाकात कर आयुर्वेदिक विंग की स्थापना को शीघ्र प्राथमिकता देने की मांग की। नीलम नैय्यर ने कहा कि पूर्व में आयुर्वेदिक अस्पताल शहर के बीचों-बीच सुचारू रूप से कार्य करता था, लेकिन अब अस्पताल को 6-7 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने से शहरवासियों के स्वास्थ्य अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को उपचार हेतु दूर स्थित अस्पताल तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो चुका है, क्योंकि वहां उचित बस सेवा भी उपलब्ध नहीं है। नीलम नैय्यर ने सुझाव दिया कि मेडिकल कॉलेज के सरोल स्थानांतरण के बाद जिला अस्पताल परिसर में दो कमरे तत्काल उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जहां आयुर्वेदिक विभाग अपनी ओपीडी, पंचकर्म और दवा वितरण सेवाएं शुरू कर सकता है।

सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सूरी ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा केवल उपचार नहीं, बल्कि जीवनशैली सुधार और रोग निवारण का एक व्यापक मार्ग है। उन्होंने अपने लिखित प्रस्ताव में उल्लेख किया कि पूर्व में सीएमओ चंबा के कार्यालय की पहली मंजिल पर चल रहे आयुर्वेदिक अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी दोनों सेवाएं चलती थीं और जनता इससे अत्यंत संतुष्ट थी। लेकिन अस्पताल के दूर चले जाने से अब हजारों लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

नीलम नैय्यर और चंदन सूरी, दोनों ने अपने-अपने स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया है कि चम्बा शहर की जनता अब आयुर्वेदिक विंग की पुन:बहाली चाहती है। प्रशासन ने भी प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि इसे उचित स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

# डीसी ने सीडी रेशो सुधारने व सरकारी योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक जिले के बैंकिंग क्षेत्र की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष के लिए 1932.83 करोड़ रुपये का वार्षिक ऋण लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 842.70 करोड़ रुपये वितरित कर जिले ने 43.60 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

उपायुक्त ने जमा-ऋण अनुपात (सीडी रेशो) में सुधार पर विशेष जोर देते हुए भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सहित सभी बैंकों को शाखा स्तर पर विस्तृत विश्लेषण करने और मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चम्बा आकांक्षी जिला है, इसलिए पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, किसान क्रेडिट कार्ड और शिक्षा ऋण जैसे सभी संकेतकों में नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक है।

उन्होंने बैंकों को जागरूकता शिविर बढ़ाने और पीएम स्वनिधि, ग्रामीण/शहरी आजीविका मिशन सहित सभी प्रायोजित ऋण प्रस्तावों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में आरबीआई और नाबार्ड अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# भाजपा ने चुनावी रणनीति तय की, बूथ से लेकर जिला स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का दिया संदेश



भाजपा मंडल करियां व खज्जियार की संयुक्त बैठक बचत भवन चंबा में संपन्न।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा मंडल करियां और मंडल खज्जियार की संयुक्त बैठक मंगलवार को बचत भवन चंबा में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला चंबा प्रभारी शिशु धर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की, जबकि पूर्व सदर चंबा विधायक पवन नैय्यर, भाजपा प्रत्याशी नीलम नैय्यर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक का मुख्य आकर्षण नवगठित नई कार्यकारिणी और नए मोर्चों का औपचारिक परिचय रहा। प्रदेश और जिला नेतृत्व ने नई टीम को संगठन की रीढ़ बताते हुए आगामी महीनों की व्यापक रणनीति तय की। नेताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि चुनावी वर्ष में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत और जनसंपर्क केंद्रित बनाना होगा। नई कार्यकारिणी को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिसमें जनसंपर्क अभियान तेज करने, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए जनता से जुड़ने और भाजपा नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने भी पूर्ण उत्साह के साथ संगठन की अपेक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लिया। चंबा में आयोजित यह संयुक्त बैठक भाजपा की आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए मजबूत आधारशिला मानी जा रही है और जिले में पार्टी की सक्रियता को नई गति देने वाली सिद्ध होगी।

## चार दिवसीय इंटर कॉलेज फुटबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ऐतिहासिक चौगान नंबर एक में मंगलवार से चार दिवसीय इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि चंबा के सदर विधायक नीरज नैय्यर रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने स्वागत भाषण में बताया कि इस बार लगभग 320 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था राजकीय महाविद्यालय चंबा में की गई है, और प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयों के छात्र हिस्सा ले रहे हैं। विधायक नीरज नैयर ने अपने संबोधन में कहा कि चंबा में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए वह दो नए खेल मैदानों का निर्माण करवाने का कार्य करवा रहे हैं। आज के पहले दिन कुल चार मैच खेले गए। राजकीय महाविद्यालय संजौली और खड्डु के बीच पहला मैच हुआ, जिसमें खड्डु की टीम ने 4 गोल से जीत हासिल की। सोलन ने नगरोटा बंगवा को 4-0 से हराया। राजकीय महाविद्यालय चंबा और डीएवी कांगड़ा के बीच मैच 3-5 से कांगड़ा के नाम रहा। चौथे मैच में राजकीय महाविद्यालय ऊना ने शिमला को 5-0 से हराया। कार्यक्रम में प्राचार्य, कोच, जिला एथलेटिक्स संघ और फुटबॉल संघ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंबा वेटरन क्रिकेट टीम जीती



**अनंत ज्ञान, चंबा**

सुजानपुर टीहरा मैदान में खेले गए रोमांचक मुकाबले में चंबा वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन (सीनियर सिटीजन) की टीम ने हमीरपुर टीम को 9 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

टीम के कप्तान मेजर एससी नैय्यर ने बताया कि मैच की शुरुआत में हमीरपुर टीम के ओपनर संजीव और दिनेश ने 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी बनाई, लेकिन चंबा टीम की कसी हुई गेंदबाजी ने हमीरपुर को 70/2 पर सीमित कर दिया। मोनू ने 3 विकेट लिए, जबकि वरिंदर ने 1 विकेट झटका। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंबा की टीम ने कृष्णन और बलवीर की दमदार पारियों की बदौलत मात्र 16 ओवर में 130 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के बाद टीम ने उपायुक्त चंबा, मुकेश रेपसवाल (आईएएस) से मुलाकात की, जिन्होंने टीम को लगातार जीतों पर बधाई दी। कप्तान मेजर एससी नैय्यर ने बताया कि चंबा वेटरन टीम अब तक मंडी, सुंदरनगर, नाहन, ऊना, कुल्लू, सोलन, कांगड़ा, शिमला और लाहौल समेत कुल 11 जिलों की टीमों को हराकर अपना विजय अभियान जारी रखे हुए है।

उन्होंने यह भी बताया कि टीम वर्ष 2026 में बिलासपुर में होने वाले आगामी टूर्नामेंट में भाग लेगी। टीम के खिलाड़ियों में कृष्णन, बलवीर, सुशील और वरिंदर सहित अन्य प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की जीत सुनिश्चित की। टीम सदस्य में मेजर एस.सी. नैय्यर (कप्तान), सुशील, अनिल, कृष्णन, संजय , मोनू, रमेश, जोगेंद्र, वरिंदर, बलवीर, नरेंद्र, पवन और दिनेश रहे।

## चकमोह में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चकमोह में 42 वर्षीय महिला ने पंखे से लटका कर फंदा लगाकर जीवन लीला खत्म कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 42 वर्षीय बबीता कुमारी निवासी चकमोह शास्त्री नगर की रहने वाली बताई जा रही है। उसने अपने घर के कमरे में पंखे के साथ चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। महिला का पति जालंधर में प्राइवेट नौकरी करता है अपने पीछे दो लड़के छोड़ गई है एक लड़का 12वीं कक्षा में पड़ता तथा दूसरा लड़का सुंदर नगर मे बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। इसकी सूचना उसके रिश्तेदारों ने पुलिस को दी पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर लाश का पंचनामा करके मृत्यु का आरकेजीएमसी हमीरपुर में करवा कर शव को परिवार जनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार मायके वालों का सुनकर कोई भी शक जाहिर नहीं किया है। मृतका की लगभग 20-22 वर्ष पहले शादी हुई थी । इसकी पुष्टि डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने की। उन्होंने बताया की महिला ने सुसाइड किया है मायके वालों ने कोई शक जाहिर नहीं किया है।

# नादौन में विकास कार्यों को मिलेगी गति जल्द बनेगा श्मशानघाट और बस स्टैंड



**अनंत ज्ञान, नादौन**

नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि नादौन के शमशान घाट का शीघ्र ही कायाकल्प किया जाएगा। अंतिम संस्कार में इस्तेमाल होने वाली लकड़ियों के लिए बड़े कमरे का निर्माण किया जाएगा, साथ ही लोगों के बैठने के लिए ओपन हॉल भी बनाया जाएगा।

अध्यक्ष सोनी ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से नादौन के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। माननीय मुख्यमंत्री ने शमशान घाट और प्रस्तावित बस स्टैंड के कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

सोनी ने बताया कि नादौन के खरीड़ी मैदान में 120 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश का पहला अंतरराष्ट्रीय इनडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिसमें 17 खेलों और एयर शूटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा हॉकी, फुटबॉल और 35 करोड़ रुपये लागत से पांच सितारा टूरिज्म होटल का निर्माण भी किया जा रहा है।

# धरवाला बाजार में राहगीरों का गुजरना मुश्किल

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरवाला नामक स्थान पर नालियों का जमा हुआ पानी रोड पर बहने से राहगीरों का गुजरना हुआ मुश्किल। स्थानीय लोगों के अनुसार धरवाला बाजार के मुख्य द्वार पर गंदी नालियों का पानी पिछले कई दिनों से बीच रोड पर बह रहा था। जिससे राहगीरों तथा वाहन चालकों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पानी की निकासी प्रणाली जो अच्छी तरह से काम नहीं कर रही थी जिस कारण समस्या पेश आई थी। जिसे लेकर आज लोक निर्माण विभाग की मशीनरी वह विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, खबर लिखे जाने तक निकासी प्रणाली को ठीक किया जा रहा था।

# 'टेट' में छूट का मामला शिक्षा सचिव ने निदेशक को सौंपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत दिलाने की पहल**

प्रदेश में वर्ष 2010 से पूर्व भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से राहत दिलाने हेतु कार्रवाई जारी है। इस विषय पर प्रदेश शिक्षा सचिव कार्यालय ने स्कूल शिक्षा निदेशक को राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर द्वारा सौंपा गया ज्ञापन अग्रेषित किया है। 10 नवंबर 2025 को शिक्षा सचिव द्वारा निदेशक स्कूल शिक्षा को टेट की शर्त में राहत देने संबंधित पत्र भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्राप्त दस्तावेजों व अपील को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की जाए। इससे राज्य सरकार अपने स्तर पर भी इस विषय में हस्तक्षेप कर सकती है।

वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट दिलवाने हेतु संघ के महासचिव विजय हीर द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी गई याचिका को पीएमओ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को प्रेषित किया था जिस पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 13 अक्टूबर को इस प्रकरण को प्रदेश शिक्षा सचिव को भेजा था। इस पर आगे बढ़ते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 29 अक्तूबर को आयोजित विभागीय रिव्यू बैठक में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका दायर करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी और विभाग को आवश्यक डेटा तथा मसौदा तैयार रखने के निर्देश दिए। राष्ट्रपति संघ का कार्यालय ने इस मामले को विधि मंत्रालय को भेजा है ताकि विधि विभाग इसका न्यायसंगत हल निकल सके। इसके लिए संसद में अध्यादेश या संशोधन विधेयक लाना मुख्य मांग इस ज्ञापन में शामिल की गई है। हीर का कहना है कि यह केवल शिक्षकों का नहीं बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है, इसलिए वर्ष 2010 से पूर्व सेवाएं दे रहे पात्र शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से छूट दिलाने के लिए तुरंत स्पष्ट सरकारी निर्णय लिया जाए।

## राज्यपाल आज मंडी जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 19 नवंबर को सायंकाल मंडी पहुंचेंगे। 20 को राज्यपाल सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी में आयोजित विकसित भारत युवा संवाद एवं नशामुक्त भारत अभियान के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके उपरांत दोपहर बाद वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**मैं अशोक कुमार** 49 साल पुत्र श्री भोंका राम वासी गांव व डाकघर पन्याली, तहसील गलोड़, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री आकांक्षा शर्मा मेरे कहने से बाहर है। अत: मैं अपनी पुत्री आकांक्षा शर्मा को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT BHORANJ DISTT. HAMIRPUR (H.P.)**

No.NPB/Civil works/V-(C)-1-2025-26- Dated: -November, 2025

## NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are hereby invited for mentioned work from registered contractors of Nagar Panchayat area and its surroundings. The tender form /NIT can be obtained on cash payment as mentioned below (Which is Non refundable) from the office of the undersigned on 5-12-2025 up to 11:00 A.M. Sealed tenders shall be received in this office on 5-12-2025 up to 1:30 P.M. and will be opened at 3:30 P.M. on dated 5-12-2025 in the presence of tenders or their authorized representatives who may like to be attend the same. Undersigned reserves the right to reject the tenders without assigning any reason.

| Sr. No. | Name of Items | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Tender | Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing pavers to existing path from main road towards Desh Raj house via Dina Nath house W. no. 6 Bhoranj. | 1,43,923/- | 3,598/- | 500/- | 6 Months |
| 2. | Restoration of Path from H/O Sh. Pawan Kumar towards Shamsher Singh in W. No. 6 Bhoranj. | 3,56,751/- | 8919/- | 500/- | 6 Months |
| 3. | C/O New foot path from house to Sh. Baldev Singh Pathania. towards Cow Shed of Shri Krishan Chand in W. No. 1 Bhoranj. | 4,99,404/- | 12,485/- | 500/- | 6 Months |
| 4. | Restoration of Path/Road from Community Center upto Well in W. No. 5 Bhoranj. | 3,43,731/- | 8593/- | 500/- | 6 Months |
| 5. | Restoration of road from H/o Sh. Ajeet Singh toward Sh. Prem Singh in W. No. 4 Bhoranj. | 2,36,020/- | 5,900/- | 500/- | 6 Months |
| 6. | Restoration of Path by means of paver from Main road towards S.C. Basti upto Sh. Vijay Kumar House in W. no. 2 Bhoranj. | 1,78,596/- | 4,465/- | 500/- | 6 Months |
| 7. | Restoration of path from H/o Sh. Purshotam Lal s/o Sukh Ram towards Sh. Ramesh Chand in W. No. 1 Bhoranj. | 1,93,417/- | 4,835/- | 500/- | 6 Months |
| 8. | C/O Toilet block/W.C. unit near Old Bus Bhoranj (Basi Chowk) | 4,99,271/- | 12,485/- | 500/- | 6 Months |
| 9. | C/O, R/Wall near Shamshanghat shed in W. No. 1 Uprla Bhoranj | 1,38,889/- | 3,472/- | 500/- | 6 Months |
| 10. | C/O Boundary Wall with Gate to Existing Shamshanghat, P/L paver to courtyard-of-Existing Shamshanghat in W. No. 1 Bhoranj | 1,94,353/- | 4,860/- | 500/- | 6 Months |

**Term and conditions:-** 1. The rates are based on HPPWD SR-2020. 2 . The application should accompany current registration; copy of GST, Pan, EPF No & Tan no copy. 3. The materials for execution shall be used on the basis of PWD standards and specifications. 4. The drawings, specifications & estimates can be seen in the o/o undersigned during working hours. 5. The technical and financial bid should accompanied earnest money in shape of FDR/cash duly pledged with the Administrator-Cum- SDM Nagar Panchayat Bhoranj. 6. The Conditional/incomplete tender shall not be entertained.

**Administrator**
**Cum-SDM, Bhoranj,**
**Nagar Panchayat Bhoranj, Distt. Hamirpur (H.P.)**

पानी से न डरना एक बात है, और बिना तैरना जाने अथाह समुद्र में कूद पड़ना दूसरी बात है। दूसरी दशा में आदमी मूर्ख ही कहा जाएगा।
-सर्वदानम्व

# संपादकीय

## बढ़ती मेहरबानियां

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार एक बार फिर सुर्खियों में है। वजह वही पुरानी-आर्थिक तंगहाली का रोना और उसी के समानांतर विधायकों तथा मंत्रियों पर बढ़ती मेहरबानियां। एक ओर सरकार बार-बार कह रही है कि प्रदेश गहरे वित्तीय संकट से गुजर रहा है, उसकी आय सीमित है, संसाधन खत्म हो रहे हैं, कर्जों का बोझ बढ़ता जा रहा है, और दूसरी ओर सुविधाओं का ऐसा पिटारा खोला जा रहा है जिससे आम जनता हैरान भी है और परेशान भी। लोग अब खुलकर सवाल पूछ रहे हैं कि जब प्रदेश के हालात इतने खराब हैं तो विधायकों व मंत्रियों की सुविधाओं में बेवजह बढ़ोतरी क्यों की जा रही है? क्या सरकारी खजाना सिर्फ सत्ता में बैठे लोगों के लिए है?

हकीकत यही है कि हिमाचल प्रदेश आर्थिक मोर्चे पर बीते कई वर्षों से दबाव में है। राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है, कर्मचारियों का वेतन और पेंशन बिल हर साल भारी बोझ डालता है, और राज्य की आय सीमित है। पर्यटन, जलविद्युत या कृषि-किसी भी क्षेत्र में ऐसा उछाल नहीं है कि सरकारी खजाने पर पड़ा दबाव कम हो। इस बीच सरकार लगातार कर्ज ले रही है और इन कर्जों पर ब्याज का भुगतान ही खजाने का बड़ा हिस्सा ले जाता है। हिमाचल उस स्थिति में पहुंचता जा रहा है जहां आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया होता जा रहा है। ऐसे माहौल में उम्मीद यही की जाती है कि सरकार खर्चों में कटौती करे, मितव्ययिता अपनाए, अनावश्यक खर्चों और सुविधाओं की समीक्षा करे, लेकिन दिखाई इसके उलट दे रहा है।

पहले पूर्व विधायकों की पेंशन में बढ़ोतरी कर इसे लगभग सवा लाख रुपए के करीब पहुंचाया गया, जबकि देशभर में यह बहस जारी है कि पूर्व विधायकों की पेंशन व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि यह जनता के टैक्स से चलती है और कई राज्यों ने इसे खत्म या सीमित भी किया है, लेकिन हिमाचल में इस पेंशन को घटाने की बजाय बढ़ा दिया गया, जिससे सामाजिक और राजनीतिक दोनों हलकों में असंतोष है। छोटे से हिमाचल राज्य में जब सरकार अपने खर्च घटाने के बजाय इन्हें बढ़ाती है तो इसका सीधा असर वित्तीय स्थिरता पर पड़ता है।

सरकार ने एक और 'उदारता' भी दिखाई है। अब मंत्रियों के दैनिक भत्ते को 1800 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया गया है। न सिर्फ यह, बल्कि यात्रा भत्ता भी 18 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 25 रुपए कर दिया गया है। सरकार का तर्क है कि यात्रा खर्च बढ़ गए हैं और नए प्रावधान वास्तविक व्यय के अनुरूप हैं, लेकिन जनता इस तर्क को स्वीकारने को तैयार नहीं। उनका कहना है कि जब महंगाई आम लोगों को परेशान कर रही है, बेरोजगारी बढ़ रही है, सड़कें टूटी पड़ी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, पानी के संकट से गांव जूझ रहे हैं, बिजली के बिल बढ़ रहे हैं, तब सरकार की प्राथमिकता विधायकों और मंत्रियों के भत्ते क्यों हैं? क्या जनता की परेशानियां किसी सूची में नहीं आतीं?

दिलचस्प पहलू यह भी है कि जब भी विधायकों या मंत्रियों की सुविधाएं बढ़ती हैं तो विपक्षी भाजपा भी चुप हो जाती है। यह राजनीतिक समीकरण का बड़ा उदाहरण है कि चाहे सत्ता में कांग्रेस हो या भाजपा-विधायकों से जुड़े इन मुद्दों पर दोनों दलों की चुप्पी एक जैसी होती है। वजह साफ है, क्योंकि इन सुविधाओं का लाभ विपक्ष के नेताओं को भी मिलता है। यही कारण है कि जनता के मन में यह भावना और गहरी होती जा रही है कि सभी राजनीतिक दल जनता को सिर्फ वोट बैंक की तरह देखते हैं, उनकी समस्याओं के समाधान को जरूरत भर का मुद्दा मानते हैं।

जनता की नाराजगी भी बेवजह नहीं है। रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े बुनियादी सवालों को देखें तो तस्वीर साफ हो जाती है। हिमाचल में कई सड़कें ऐसी हैं जहां सालों से मरम्मत नहीं हुई। बारिश होते ही जगह-जगह भूस्खलन और सड़कें टूटने की खबरें आम हैं। कई गांवों में आज भी नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं है। अस्पतालों में दवाइयां नहीं मिलतीं, डॉक्टरों की कमी है, उपकरण वर्षों से खराब पड़े रहते हैं। शिक्षा, परिवहन और कृषि-हर क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है, लेकिन सुविधाएं बढ़ाने की प्राथमिकता सिर्फ सत्ता के गलियारे तक सीमित है। क्या मितव्ययिता सिर्फ जनता पर लागू होती है? बेहतर यही होगा कि सरकार सुविधा विस्तार की जगह जनता के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पानी जैसी प्राथमिकताओं पर ध्यान दे, क्योंकि सरकार का असली काम जनता की सेवा है, न कि सत्ता से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की 'आयरन लेडी'



इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी
जन्म : 19 नवंबर,1917
मृत्यु : 31 अक्तूबर,1984

इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को इलाहाबाद के आनंद भवन में एक संपन्न और प्रभावशाली राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री तथा दादा मोतीलाल नेहरू स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में थे। बचपन से ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वातावरण से प्रेरित रहीं। उन्होंने बाल चरखा संघ और बच्चों की वानरी सेना जैसी गतिविधियों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्हें जेल भी जाना पड़ा।

आजादी के बाद सामाजिक संस्थाओं, अस्पतालों, बाल कल्याण संगठनों तथा सांस्कृतिक संस्थाओं में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस की राजनीति में वे शीघ्र ही महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंच गईं। 1959-60 में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं। उनकी राजनीतिक सूझबूझ का परिचय केरल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और ओडिशा में समयोचित निर्णय कराने से स्पष्ट हुआ। 1966 में वे भारत की प्रधानमंत्री बनीं और 1971 व 1980 में पुन: इस पद पर चुनी गईं। उनके नेतृत्व में 1971 का भारत-पाक युद्ध हुआ, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का जन्म हुआ। उन्होंने औद्योगिक विकास, समाजवादी नीतियों और सोवियत संघ के साथ मजबूत संबंधों को आगे बढ़ाया। आपातकाल (1975-77) उनके राजनीतिक जीवन का विवादास्पद अध्याय रहा, जिसके बाद भी वे पुन: सत्ता में लौटने में सफल रहीं। स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार के प्रतिकार स्वरूप 31 अक्तूबर 1984 को उनके दो अंगरक्षकों ने उनकी हत्या कर दी। इंदिरा गांधी अपने साहस, दृढ़ निश्चय, निर्णायक नेतृत्व और संकटों का सामना करने की क्षमता के लिए हमेशा याद की जाती हैं। भारत की राजनीति में वे सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली प्रधानमंत्रियों में गिनी जाती हैं। ■



कविता

## पिता : मेरी शक्ति, मेरा आधार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्वस्तिका, हिम अकादमी
विकासनगर, हमीरपुर

वो छांव भी हैं, धूप भी हैं, दिखलाते नई राह,
थक जाए जब मन जीवन से, बढ़ा जाते नई चाह।
कंधों पर बिठाकर हमको, सपनों को आकार दिया,
खुद गिरकर भी मुस्कुराकर, हर सपना साकार किया।
उनकी चुप सी बातों में भी, अनुभव के मोती हैं,
उनकी डांट की परतों में, कोमल रोशनियां होती हैं।
हर मुश्किल से आगे बढ़ने का, हौसला वो भर देते हैं,
खुद कम में रहकर भी, खुशियों पर बलिदान कर देते हैं।
पिता वही जो आंधियों में भी चट्टान-सा खड़ा रहे,
जीवन के हर मोड़ पे जिसका साया साथ चला रहे।
उनके पसीने की हर बूंद ने सपनों का कल संवारा है,
उनकी मेहनत के दम पर ही घर-आंगन प्यारा है।
चलो आज एक वादा करें, सम्मान उनका कम न हो,
हर पल उनके चरणों में ही, हमारा प्रण नतमस्तक हो।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# बुजुर्गों पर बढ़ते अत्याचार : बदलती संवेदनाओं की वास्तविकता



तुलसी राम डोगरा
वरिष्ठ साहित्यकार, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आए दिन प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मध्यम से सुर्खियों में पढ़ने और सुनने को मिलता है कि फलां इलाके में बहू-बेटे ने बुजुर्ग मां-बाप की बेरहमी से पिटाई कर दी अथवा उनका तिरस्कार किया जा रहा है। यह सुनकर व पढ़कर मन द्रवित और व्यथित हो जाता है कि वास्तव में यही कलयुग है।

कई मर्तबा ऐसे गंभीर मामले भी प्रकाश में आते हैं कि बहू-बेटा मिलकर अपने बुजुर्ग मां-बाप के साथ अमानवीय और जघन्य अत्याचार कर रहे हैं। इन कृत्यों की जितनी भी निंदा की जाए शायद कम होगी। सवाल यह उठता है कि जिन बुजुर्गों ने अपनी औलाद के भविष्य को संवारने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर जो स्वप्न और उम्मीदों का दर्पण देखा था कि हमारी वृद्धावस्था में उनकी औलाद उनकी बैसाखी का सहारा बनेंगी, लेकिन आज ऐसे वृद्धजन इस उम्र के पड़ाव पर प्रतिदिन अपनी बेटों द्वारा दी जा रही मानसिक-शारीरिक निर्मम यातनाओं का शिकार होने पर विवश हो गए हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा व सुख- सुविधा देने के लिए जिन्होंने अपनी सारी पूंजी अपनी औलाद की परवरिश में लगा दी, वही औलाद अब इन्हें खून के आंसू रूला रही है। पुराने समय में माता-पिता के एक ही आदेश पर संतानें सब कुछ करने के लिए तत्पर रहती थीं, लेकिन यह कैसी विडंबना है कि आज संतानें विवाहोपरांत उनसे विमुख होती जा रही हैं। हम कई सदियों से यह कहते नहीं थकते है कि हमारा देश अपनी, संस्कृति- सभ्यता और परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखने के लिए विश्व में एक अलग स्थान रखता है। क्या हमारे देश के आज यही मूल्य रह गए?

क्या आज हमारी भावी पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर हो रही है या वे अपनी संस्कृति-सभ्यता के मूल्यों से विमुख होते जा रही है। मां-बाप जो अपनी जिंदगी कि समस्त पूंजी अपनी औलाद के भविष्य को संवारने के लिए आशा के स्वप्न लेकर चल रहे थे कि आने वाले समय में औलाद उनकी बुढ़ापे की लाठी का सहारा बनेगी, वही लाठी उन पर पर आए-दिन निर्मम यातनाएं दे रही हैं। यह यक्ष प्रश्न है कि जिस मां ने अपने बेटे- बेटी को नौ महीने अपनी कोख में रखा और प्रसव के दौरान असहनीय पीड़ा व वेदना को सहन किया, कई वर्षों तक उसका पालन पोषण किया तथा खुद गीले में सोई और अपने बच्चे को सूखे में सुलाती रहीं। यही नहीं,अपने सुख-दुख की परवाह न करते हुए मां अपनी दूध की धारा से औलाद को पोषित करती रही। ममता की छांव में उसका लाडला कब बड़ा हो गया उसे पता ही नहीं चला, लेकिन, ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान समय में रिश्तों में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है। आज परिवार टूटने की कगार पर पहुंच रहे हैं। आज बुजुर्गों के साथ अमर्यादित भाषा व आचरण कर घोर अन्याय हो रहा है।



देश की राजधानी दिल्ली में कुछ वर्ष पहले किए गए सर्वेक्षणों में पाया गया कि लगभग 30 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग अपने ही परिवारों द्वारा उपेक्षित किए जा रहे हैं। कई माता-पिता, जिनके पास स्वयं कोई आय का साधन नहीं है, रोजमर्रा की जीवन-जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। विडंबना यह है कि आज की पीढ़ी बेटा-बहू संतान प्राप्ति के लिए धार्मिक स्थलों पर हजारों रुपए खर्च कर सकती है, परंतु जिन माता-पिता ने उन्हें जन्म दिया, उनके लिए दो वक्त की रोटी, कपड़े और सम्मानजनक जीवन देने से कतराती है। देवी-देवताओं से मन्नत मांगना आसान है, लेकिन मां-बाप की सेवा करने से बचना कैसा नैतिक आचरण है? जब वे अपने ही माता-पिता की उपेक्षा करते हैं, तो क्या गारंटी है कि आने वाली उनकी संतानें उनके साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगी? कई बुजुर्ग अपमान, मारपीट और मानसिक तनाव का सामना करते हुए भी परिवार की बदनामी के डर से चुपचाप सब सहते रहते हैं।


वृद्धावस्था में जब शरीर और मन दोनों कमजोर हो जाते हैं, तब उन्हें सहयोग और संवेदना की आवश्यकता सबसे अधिक होती है। शहरी क्षेत्रों में 64 प्रतिशत वृद्ध महिलाएं और 46 प्रतिशत वृद्ध पुरुष अपनी दैनिक जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। संयुक्त परिवार व्यवस्था पहले बुजुर्गों के संरक्षण का आधार थी, लेकिन आधुनिकता और व्यस्त जीवनशैली के चलते यह व्यवस्था तेजी से टूट रही है। बुजुर्गों के हितों की रक्षा के लिए सरकार और न्यायालय दोनों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 कानून के अंतर्गत माता-पिता, दादा-दादी या वे वरिष्ठजन जो आय के अभाव में पालन-पोषण करने में सक्षम नहीं हैं, अपनी औलाद से भरण-पोषण का दावा कर सकते हैं। सीनियर सिटिजन हेल्पलाइन 14567 भारत सरकार द्वारा जारी यह टोल-फ्री नंबर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहता है।

इसके माध्यम से वरिष्ठजन- पेंशन संबंधी जानकारी, कानूनी सलाह, मानसिक सहायता, दुर्व्यवहार की शिकायत जैसी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भी सराहनीय है। यदि कोई संतान या परिवार सदस्य बुजुर्गों को शारीरिक, मानसिक या आर्थिक रूप से प्रताड़ित करता है, तो बुजुर्ग अपने नाम की वह जमीन-जायदाद वापस ले सकते हैं, जिसे उन्होंने संतान को वसीयत या उपहार में दी हो।

यह निर्णय न केवल संवेदनशील है बल्कि बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा में अत्यंत प्रभावी भी है। बुजुर्गों के लिए सुझाव यह है कि वह अपनी संपत्ति तुरंत संतान के नाम ट्रांसफर न करें। इससे वे अपने जीवन के अंतिम दिनों में सुरक्षित रहते हैं। अपने अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के प्रति सजग रहें। जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन 14567 का उपयोग करें। बुजुर्ग केवल परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कारों के स्तंभ होते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सुरक्षा एजेंसियों ने बेनकाब किया आतंकवाद का बदलता स्वरूप



योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी,
मो. 94591-35322

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश की राजधानी दिल्ली लाल किले के नजदीक कार ब्लास्ट धमाके की घटना से आतंकवाद का घिनौना चेहरा एक बार पुन: उजागर हुआ, जो दुखद व निंदनीय है। धमाके में अनेक निर्दोष हताहत व घायल हुए। घटना के तार पढ़े लिखे ऐसे वर्ग से जुड़े हैं, जो लोगों को स्वास्थ्य लाभ देते हैं, परंतु इन्होंने तो दूसरों का जीवन समाप्त करने की योजनाओं को अंजाम देने का लक्ष्य तय कर रखा था।

कट्टरता का जहर समाज में किस तरह फैल रहा है, यह समाज के ताने बाने के साथ देश को कमजोर करने की साजिश है। कश्मीर से शुरू हुई जांच अन्य स्थानों जैसे सहारनपुर, गुजरात, फरीदाबाद आदि तक पहुंच रही थी और संधिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ हथियार व विस्फोटक सामग्री को कब्जे में लेकर सुरक्षा एजेंसियां जांच आगे बढ़ा रही थी, तभी दिल्ली में धमाके को अंजाम दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सीरियल धमाके सहित 26/11 जैसी बड़ी वारदातों को रोकने में सफलता प्राप्त की, परंतु 10 नवंबर की दिल्ली घटना को रोक नहीं पाई।

पार्किंग में खड़ी कार में कोई व्यक्ति 3 घंटे से अधिक समय तक बैठा रहे और किसी को भी उस व्यक्ति पर शक क्यों नहीं हुआ ? शायद यहां चुक हुई, अन्यथा वह जिंदा पकड़ा जाता और अप्रिय घटना भी घटित ना होती। सीमा पार से आंतकवाद व अलगाववाद का जहर जो आ रहा था, उसका स्वरूप बदला हुआ दिख रहा है। देश के अंदर महजबी कट्टरपंथी सोच पनपने लगी है। अलगाववाद का बीज 30 वर्ष पूर्व कश्मीर में बोया गया था।

महजब खतरे में है, जो यह पढ़ाया जा रहा है, यही मानवता के प्रति खतरनाक दुश्मनी सोच है। गुनाह के रास्ते पर चलने वाले क्यों बुद्धि हीन हो रहे हैं? कटटर पंथी सोच का जहर स्वयं को भी हानि पहुंचाता है। यह सोचना उस व्यक्ति को है जो दूसरों के बहकावे में आकर गुनाह की राह चल पड़ता है। कहा जाता है कि आतंकवाद का कोई चेहरा नहीं होता, इसलिए इसको धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए। मात्र कह देने से नहीं बल्कि आतंकवाद सोच की जड़ों को कोई व्यक्ति या समूह सींचता है, तो घटनाएं स्वयं उनके धर्म से जुड़ जाती है। सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद और देश में घटित घटनाओं से तो यही परिचय मिल रहा है। फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी में अलगाववादी मानसिकता के तार पनपने और आंतक फैलाने की योजना बनाने से जो सवाल उठ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। शिक्षण जैसे स्थानो में किस तरह ब्रेनवाश किया जा रहा था।



हैरान करने वाले तथ्य जो सामने आ रहे हैं, वह तो यही सिद्ध कर रहे हैं कि देश के अंदर खतरनाक खेल चल रहा है और जिसे बाहरी ताकतें हवा, पानी, खाद देकर सींच रही हैं। शिक्षित व्यक्तियों का पकड़ा जाना, यही दर्शाता है कि आतंकवाद का जहर कैसे फैलाया जा रहा है ? डॉक्टरी पेशे से जुड़े सफेद कोट पहने लोगों पर किसी को शक नहीं होगा, इसलिए आतंकवाद को सिंचने वालों ने यह नया रास्ता चुना है। सुरक्षा एजेंसियां घटनाओं की जांच में जुटी है। जांच दौरान दिल्ली धमाका हुआ और चार दिन बाद श्रीनगर के नौकाम थाने में अन्य विस्फोट हो गया, जहां सरकारी अधिकारी कर्मचारी घायल और हताहत हो गए। बताया गया कि यह घटना दुर्भाग्य से घटित हुई।

दिल्ली घटना में सरकार ने स्पष्ट कहा कि दोषियों को तह तक जाकर ढूंढा जाएगा और कठोर सजा दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार ने कहा था कि आतंकवाद की प्रत्येक घटना एक्ट ऑफ वॉर मानी जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। एजेंसियां जांच कर रही हैं और स्पष्ट तथ्य सामने आने पर सरकार जवाब देने का कदम उठाएगी, इंतजार करना होगा। घटना की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है परंतु घटना के तार आतंकवाद प्रायोजित करने वालो से जुड़े दिख रहे हैं। देश के अंदर या बाहर जो भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शामिल पाए जाते हैं, उन पर प्रहार करना होगा ताकि आतंकवादी सोच का जड़ से नाश हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार का जनादेश : लोकतंत्र की गूंज और बदलते सियासी समीकरण



मनीश वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार और विचारक
अधिकारी, भारतीय राजस्व सेवा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार के लोगों ने अपनी रायशुमारी जोरदार ढंग से जाहिर कर दी है। डंके की चोट पर, बता दिया है कि वे आखिर चाहते क्या हैं? अब इसमें कोई किंतु-परंतु नहीं, किसी तरह का शक सुबहा नहीं। लगभग एक वर्ष से पूरे बिहार में एक मंथन सा चल रहा था कि बिहार का क्या होगा ? हर कोई यह जानना चाहता था कि आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा, पर अब तो ऊंट सिर्फ बैठ ही नहीं गया है, वो तो अब पसर भी गया है।

जिनका बिहार से लेना-देना है, उनका तो उत्सुक होना यहां के बारे में जानकारी रखना स्वाभाविक है, पर आश्चर्य तो उन लोगों पर होता है जो वर्षों पहले बिहार छोड़ चुके हैं, जिनकी आने वाली पीढ़ियों की तमाम उपलब्धियां बिहार से बाहर की हैं-वे भी बिहार चुनाव में असाधारण रुचि दिखा रहे थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जातिवाद यहां की मिट्टी में पूरी तरह रचा बसा हुआ है, पर यह कहां नहीं है? कोई हमें बताए तो सही। जातिवाद रूपी दैत्य पूरे देश में किसी न किसी रूप में मौजूद है। दरअसल बात यह है कि यहां के लोग इमोशनल होते हैं इसलिए भी उनकी संबद्धता कहीं न कहीं जातियों और संबंधों से गहरे जुड़ी होती है, पर इस बार यहां के लोगों ने तो अपना हित देखा, आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचा और बड़े ही व्यावहारिक तरीके से मतदान किया।

जातियां कम से कम इस चुनाव में टूटती नजर आईं। लोगों ने कुछ जगहों पर स्थापित लोगों को छोड़ नए चेहरों पर अपना विश्वास जताया। कुछेक अपवाद हो सकते हैं। शत-प्रतिशत तो कुछ भी नहीं होता है, पर इस बार तो बिहार ने पूरे देश को बता दिया, बल्कि पूरी ताल ठोंककर बताया कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण लोग हैं। अगर ऐसा न हो, तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही अर्थहीन हो जाए। सुखद बात यह रही कि इस चुनाव में फैली सारी आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं। अव्यावहारिक लुभावने वादे को दरकिनार कर उनका मतदान करना इस बात का द्योतक है कि लुभावने वादे और नारों से उन्हें अब छला नहीं जा सकता है। सोशल मीडिया पर चुनाव नहीं लड़े जाते। चुनाव एक जमीनी हकीकत है।



जितना आप लोगों से जुड़ेंगे, सफलता की संभावना उतनी ही बढ़ेगी। यह बात शायद बाहर वाले न समझ पाएं। उनके लिए बिहार एक अति पिछड़ा प्रदेश, और 'बिहारी' एक तिरस्कृत शब्द भर है, पर वे भूल जाते हैं-बिहार वह धरती है जिसने हमेशा नाखुदा की भूमिका निभाई है। इस बार फिर बिहार ने दिखा दिया कि चाहे तो वह बहुत कुछ कर सकता है। एक छोटी सी बात-बिहार हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलता है, फिर भी उफ्फ तक नहीं करता। नियति मानकर आगे बढ़ जाती है। इसके विपरीत वे प्रदेश हैं जहां कभी-कभार बाढ़ आती है और वे रो-रोकर पूरी कायनात को अपनी कहानी सुनाते फिरते हैं। बिहार को वही लोग कभी नहीं समझ पाएंगे जिन्होंने इसे नजदीक से देखा ही नहीं। सुनी-सुनाई बातों पर अपनी राय बना लेते हैं, और वर्षों तक उसी पर अड़े रहते हैं। मेरी गुजारिश है उनसे, एक बार तो आइए बिहार में और समय बिताइए बिहार और बिहारियों के साथ। कुछ दलों या कहें कुछ लोगों का एक बार फिर हाशिए पर चले जाना भी इस बात का संकेत है कि चुनाव धरती पर उतरकर, लोगों के बीच जाकर ही लड़े जाते हैं। नेतृत्व थोपना संभव नहीं। देर-सवेर जब भी हकीकत लोगों को समझ आती है, निशाना वही बनता है जो जमीन से कट चुका होता है।

आखिर क्यों हमारे देश का शीर्ष नेतृत्व रात-दिन एक करके लोगों के बीच जाकर अपनी बात कह रहा था? क्यों स्थानीय स्तर पर बिहार के नेता मौसम की कठिनाइयों के बावजूद गांव-गांव, घर-घर पहुंच रहे थे, क्योंकि यही चुनाव की सच्चाई है। हताशा में कई लोग बहुत कुछ कह रहे हैं, पर वे हकीकत से नजरें चुरा रहे हैं। सच्चाई तो सामने है-जनमत को स्वीकार करें। उनके निर्णय को सिर आँखों पर रखकर बिहार और बिहारियों के सम्मान के लिए काम करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस : जिम्मेदारियों, संवेदनाओं और संतुलन का दिवस



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हर वर्ष 19 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जाता है। यह दिन पुरुषों की समाज, परिवार, राष्ट्र और मानवता के प्रति भूमिकाओं, योगदानों और जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है। अक्सर महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चाएं प्रमुख होती हैं, परंतु पुरुष भी अनेक सामाजिक, भावनात्मक और मानसिक दबावों के बीच जीते हैं। यह दिन उन वास्तविकताओं को समझने और संतुलित समाज की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

हमारा समाज पुरुषों को बचपन से ही मजबूत, कठोर और भावनाहीन बनने की शिक्षा देता है। अक्सर लड़के नहीं रोते,जैसी धारणाएं उन्हें भीतर से तोड़ती हैं। करियर, परिवार, आर्थिक स्थिरता,हर क्षेत्र में उनसे अपेक्षाएं इतनी अधिक होती हैं कि वे कई बार अपनी भावनाओं को व्यक्त ही नहीं कर पाते। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं पुरुषों में उतनी ही आम हैं, लेकिन उन्हें सहायता लेने में झिझक अधिक होती है। अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता को उजागर करता है। पुरुष सिर्फ एक कमाने वाले की भूमिका तक सीमित नहीं है। वह एक पिता, भाई, पुत्र, मित्र, मार्गदर्शक और जिम्मेदार नागरिक भी है। आज के समय में पुरुष घर की जिम्मेदारियों से लेकर बच्चों की शिक्षा तक में बराबर भागीदारी निभा रहे हैं। पुरुष जहां परिवार का सहारा होते हैं, वहीं दूसरी तरफ वे समाज का नेतृत्व भी करते हैं।

कठिन परिस्थितियों में पुरुष ही पूरे परिवार व समाज को सुरक्षा प्रदान करते हैं तथा मेहनत और समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इन सभी भूमिकाओं में पुरुष के योगदान को मान्यता देना आवश्यक है। अक्सर पुरुष घरेलू या कार्यस्थल संबंधी जोखिमों को नजरअंदाज कर देते हैं,जिस कारण हृदय रोग, मधुमेह, तनाव, अवसाद, नशे की लत जैसे अनेक खतरे पुरुषों को अधिक प्रभावित करते हैं। यह दिन का यही संदेश देता है कि स्वास्थ्य, सुरक्षा और मानसिक संतुलन पुरुषों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना किसी और के लिए। अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस का उद्देश्य किसी अन्य दिवस का विकल्प बनना नहीं है। यह लैंगिक समानता को एकतरफा नहीं बल्कि संतुलित दृष्टिकोण से देखने का आह्वान करता है। जहां महिलाओं के अधिकार महत्वपूर्ण हैं, वहीं पुरुषों के अधिकार, समस्याएं और भावनाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। अत: समानता तभी सार्थक है,जब दोनों पक्षों को समान सम्मान और समझ मिले। प्रत्येक पुरुष अपने जीवन में कई अदृश्य जिम्मेदारियां उठाता है। कभी वह किसी के पिता बनकर, किसी का पति बनकर, किसी का बेटे बनकर या किसी का सहकर्मी बनकर, वह अपनी हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाता है। पुरुषों के योगदान को पहचानना,उनके संघर्षों को समझना और उनकी मानसिक-भावनात्मक जरूरतों पर ध्यान देना ही इस दिवस की मुख्य सार्थकता है। यह दिन यह भी बताता है कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार और सदाचारी पुरुष किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि पुरुष भी भावनाओं, सपनों, थकान और संघर्षों से भरे हुए इंसान हैं। उनके योगदान को स्वीकार करना, उनकी चुनौतियों को समझना और उन्हें सम्मानपूर्वक आगे बढ़ने का अवसर देना एक विकसित समाज की पहचान है।




आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य,उनके अधिकारों, उनकी सुरक्षा और उनके सम्मान के लिएओ जागरूकता फैलाएंगे और एक संतुलित तथा संवेदनशील समाज का निर्माण करेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा राहत कार्यों में लाएं तेजी : डीसी

## जोगिंद्रनगर में उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोग्रिंदनगर में विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ आपदा राहत एवं पुनर्वास कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक करते उपायुक्त अपूर्व देवगन।

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जोगिंद्रनगर उपमंडल के विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ आपदा राहत एवं पुनर्वास कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल के अंतर्गत चल रहे राहत कार्यों, पुनर्वास योजनाओं तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों और वित्तीय जरूरतों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

उपायुक्त ने विभागों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित राहत एवं पुनर्वास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाने में किसी भी तरह की देरी अस्वीकार्य है, इसलिए अधिकारी समयबद्धता, संवेदनशीलता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राहत कार्यों से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समय रहते पूरी की जाएं, ताकि आवश्यक स्वीकृतियों और बजट में कोई बाधा न आए।उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार ने विशेष मुहिम चलाई है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस मुहिम में प्रशासन का साथ दें। आम जन कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध स्थान जहां पर नशे का सेवन किया जाता हो, उसकी रिपोर्ट अपनी पहचान बताए बिना व्हाट्सएप नंबर 93172-21001, ई-मेल dc-mandixx@gmail.com या ड्रग फ्री ऐप के माध्यम से प्रशासन को दे सकते हैं।

इसके उपरांत उपायुक्त ने जोगिंद्र नगर मिनी सचिवालय में स्थापित 'अपना पुस्तकालय' का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कुंडूनी गांव में हाल ही में हुई आपदा स्थल का जायजा भी लिया।अपूर्व देवगन ने अधिकारियों को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आपदा प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाना है, इसलिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में एसडीएम जोगिंद्र नगर मनीश चौधरी के अलावा तहसीलदार जोगिंदर नगर रजत सेठी, तहसीलदार लड़भड़ोल मुकुल शर्मा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# वोचिंग-रूलिंग मार्ग की पंचायत व ग्रामीणों ने मिलकर की मरम्मत

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**



दो चरणों में जेसीबी और टिप्पर लगाकर सुधारा मार्ग

**बरोट।** वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग पर झूरी नाला के पास क्षतिग्रस्त क्लाइंबिंग प्वाइंट को दो चरणों में जेसीबी और टिप्पर की मदद से ठीक किया गया। पंचायत प्रधान रमेश चंद ने बताया कि पहले चरण में मिट्टी बिछाई गई और दूसरे चरण में कशामल नाला से लाया गया गटका डालकर सड़क को काफी हद तक सुधारा गया। उन्होंने कहा कि बरसात में क्षतिग्रस्त प्वाइंटों को सुधारने में पंचायत व ग्रामीणों ने पूरा सहयोग दिया। वर्ष 2025-26 में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कई बार सड़क मरम्मत के प्रस्ताव भेजे गए, पर प्राकृतिक आपदाओं के चलते बार-बार जेसीबी लगानी पड़ी।

इस बार लोगों के सहयोग से पूरा क्लाइंबिंग प्वाइंट दुरुस्त किया गया। पहले चरण में दानवीरों में प्रधान रमेश चंद्र 5 हजार रुपये, खेम सिंह 5 हजार, करतार चंद 2 हजार, देशराज उपप्रधान 2700 रुपये, बीरी सिंह 500 रुपये शामिल रहे। दूसरे चरण में सुभाष चंद्र 1500, भागमल 800, अंकुश 800, लोक राज 3500, रामलाल 1100, संजय कुमार 1000, कांशीराम 1000, रोशन लाल 1200, पूर्व प्रधान लाल सिंह 500, बलवीर सिंह सचाण 1500, दीनानाथ 800, तथा भारतीय सेना के सैनिक रमेश कुमार ने 800 रुपये दिए। ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया।

# गड्ढों में फंसा महादेव-भलवाहन मार्ग, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**भीम बसेड़ु राजपूत, अनंत ज्ञान**

▶ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मार्ग बदहाल

▶ कायाकल्प के लिए सांसद से मांगी मदद

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के महादेव-भलवाहन मार्ग की हालत बेहद खराब है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने इस मार्ग में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालक और पैदल यात्री दोनों परेशान हैं। स्थानीय लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बड़े-बड़े बोर्ड जरूर लगाए गए हैं, लेकिन वास्तविकता में मार्ग उपेक्षित और जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है।

यह मार्ग करीब तीस साल पुराना है और नाचन क्षेत्र के अलावा बल्ह और सराज क्षेत्रों को जोड़ता है। लेकिन वर्तमान में यह मार्ग गड्ढों और पानी भर जाने के कारण यातायात के लिए जोखिमपूर्ण बन गया है। बरसाती पानी निकासी के लिए न तो नाली व्यवस्था है और न ही कोई योजनाबद्ध सुधार। वाहन चालकों के लिए मार्ग चलना मुश्किल है, जबकि पैदल यात्रियों के लिए यह ठोकर मार्ग बनकर रह गया है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि वोट बटोरने वाले नेता केवल अपने घर-आंगन को संवारने में लगे हैं और आम जनता की मूलभूत जरूरतों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मार्ग की बदहाली से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है और लोग नाराज हैं। रुप लाल, हरदयाल सिंह, कश्मीर सिंह, हीरा लाल, लोभी राम, मस्त राम, ग्याहर राम, रुकमणी देवी, कर्म सिंह, मुनी लाल, शिवानी, भूपा, कालीदास, सुभद्रा और शालु सहित कई ग्रामीणों ने नाराजगी का इजहार किया। स्थानीय लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि महादेव-भलवाहन वाया अप्पर बैहली मार्ग का कायाकल्प शीघ्र किया जाए। उनका कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और विकास जरूरी है, ताकि क्षेत्र की ग्रामीण जनता सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन का लाभ उठा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी में फ्री जांच व जागरूकता शिविर कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय पाइल्स दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह, मंडी में 20 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक पाइल्स (बवासीर/हैमोरोइड्स) संबंधी निशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्थान की प्रभारी डॉ. विनीता नेगी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पाइल्स जैसे सामान्य लेकिन उपेक्षित रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही जानकारी व उपयुक्त उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सक पाइल्स, फिशर और फिस्टुला की निःशुल्क जांच करेंगे, परामर्श देंगे तथा आवश्यकता अनुसार उपचार संबंधी सुझाव प्रदान करेंगे। प्रतिभागियों को रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम, आहार-विहार और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। डॉ. नेगी ने कहा कि गुदद्वार में दर्द, रक्तस्राव, खुजली या सूजन जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह शिविर अत्यंत लाभकारी रहेगा और सभी नागरिकों को इसमें भाग लेना चाहिए।

### दैनिक दिनचर्या के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** दी सुकेत सीनियर होम आनंद धाम देहरी में हेल्प एज इंडिया की ओर से आश्रम निवासी वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला आश्रम के प्रधान डॉ पदम गुलेरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हो गया। हेल्प एज इण्डिया से संबंधित राकेश ठाकुर और सीआर सी सुंदरनगर की ओर से डॉ शशी भूषण ने कार्यशाला की अगुवाई करते हुए विभिन्न प्रयोगों द्वारा वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य जांच कार्यशाला, वरिष्ठ नागरिक डे केयर केंद्र, मनो केंद्र, आजीविका तथा दैनिक दिनचर्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के निष्कर्ष में यह पाया गया कि इस आश्रम के सभी वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य का स्तर बहुत अच्छा है। इस अवसर पर ध्यान के प्रधान सहित सचिव उत्तम चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष धीमान, प्रबंधक शम्मी चौधरी, दीपक बहादुर, राधा देवी, टेक चंद, सुनील, धर्मा देवी, कमला देवी और रेखा उपस्थित रहे।

### सरकाघाट में मतदान जागरूकता बढ़ाने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में मंगलवार को ईएलसी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 35-सरकाघाट से आए सभी नोडल अधिकारी शामिल हुए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उपमंडल के स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को मतदान प्रक्रिया, सक्रिय भागीदारी और लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने बताया कि उपमण्डल में हर माह के तृतीय शनिवार को स्कूलों में ईएलसी गतिविधियाँ आयोजित होंगी, जबकि चौथे शनिवार को सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की मदद से चुनावी पाठशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। यह पहल छात्रों और नागरिकों में लोकतंत्र और जिम्मेदार मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी।

### मुल्थान में युवाओं को दिखाई फिल्म केसरी-2

**अनंत ज्ञान, बरोट।** यूथ फॉर विकसित भारत अभियान के तहत महाविद्यालय मुल्थान में फ़िल्म की पाठशाला लगाई गई, जिसमें युवाओं को देशभक्ति की भावना से जोड़ने के लिए जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित फिल्म केसरी-2 प्रदर्शित की गई। फ़िल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आंदोलन को समझने, देश के नायकों के त्याग और बलिदान को याद करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने युवाओं तथा डॉ. अभिषेक सिंह का आभार व्यक्त किया।

### यूएई में डिलीवरी राइडर्स के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नून फूड एलएलसी के लिए डिलीवरी राइडर्स की भर्ती का अवसर उपलब्ध हुआ है। इच्छुक उम्मीदवारों को 22 नवंबर तक निर्धारित गूगल फॉर्म पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा संचालित की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 2500 दिरहम वेतन के साथ कमीशन और टिप्स मिलेंगे, जिससे कुल आय 70,000 से 1,00,000 रुपये तक पहुंच सकती है। कार्य समय 10 घंटे प्रतिदिन और सप्ताह में छह दिन रहेगा। केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं, तथा न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और वैध इंग्लिश अनिवार्य है। वैध मोटरसाइकिल ड्राइविंग लाइसेंस, क्लीन शेव और रंग-अंधता रहित अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता मिलेगी। चयनित उम्मीदवारों को यूएई ड्राइविंग लाइसेंस शुल्क एवं अन्य निर्धारित प्रप्त शुल्क का भुगतान करना होगा।

### लपास स्कूल के होनहारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लपास में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लपास पंचायत के उपप्रधान देश राज मुख्यातिथि रहे। स्कूल पहुंचने पर स्कूली बच्चों, स्टाफ व प्रबंधन कमेटी ने ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह, वेज व टोपी देकर सम्मानित किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ, पहाड़ी नाटियां, एकांकी व नशे के कुप्रभाव पर लघु नाटक पेश किए। कार्यकारी प्रधानाचार्य घनश्याम ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि ने बच्चों को नशे से दूर रहने, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आयोजन के लिए 10 हजार रुपये की राशि भेंट की, जबकि पंचायत प्रधान रमेश कुमार की ओर से छठी से जमा दो तक प्रथम आने वाले सात बच्चों को पांच-पांच सौ रुपये दिए गए। समापन पर मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में चयनित छात्रों को इनाम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रधान रक्षी कुमार, पंचायत सचिव मान सिंह, वार्ड सदस्य राम चंद, बवली देवी, मनसा देवी, कमला देवी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

### विहिप ने संदिग्ध गतिविधियों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश में नशे, अवैध और आपराधिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि को लेकर विश्व हिंदू परिषद जोगिंद्रनगर इकाई ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद ने तहसीलदार रजत सेठी के माध्यम से राज्यपाल को विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें सामाजिक सौहार्द, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक विरासत पर मंडरा रहे खतरों को बताया गया। ज्ञापन में नशीले पदार्थों की तस्करी, चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई है। परिषद ने युवाओं को नशे से बचाने, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, धार्मिक स्थलों के आसपास सीसीटीवी और गश्त बढ़ाने की मांग की। परिषद ने सरकार से तुरंत संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की अपील की।

# एम इंस्टीट्यूट जोगिंद्रनगर में पुलिस भर्ती में पास अभ्यर्थी किए सम्मानित





एम इंस्टीट्यूट जोगिंद्रनगर में पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एम इंस्टीट्यूट जोगिंद्रनगर में पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एम इंस्टीट्यूट के निदेशक राजकुमार ठाकुर व उनकी पत्नी एवं होली चाइल्ड स्कूल की निदेशक कौशल्या ठाकुर ने मुख्य अतिथि का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जीवन ठाकुर को शाल, टोपे और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट के निदेशक राजकुमार ठाकुर ने बताया कि एम इंस्टीट्यूट में कोचिंग प्राप्त करने वाले कई अभ्यर्थियों का चयन हाल ही में संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में हुआ है। इसके अलावा संस्था से प्रशिक्षण लेकर अनेक युवा विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर भी तैनात हैं।मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई में पूरी निष्ठा के साथ ध्यान देना चाहिए तथा नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने करियर पर फोकस करना चाहिए। इंस्टीट्यूट प्रबंधन और स्टाफ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं युवाओं को सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत मंडल मंडी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना का कार्य शुरू हो गया है। यह जानकारी वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता ई. राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर प्रणाली उपभोक्ताओं को सटीक और पारदर्शी बिलिंग, रियल-टाइम खपत मॉनिटरिंग तथा सेवा संबंधी शिकायतों के त्वरित निपटारे की सुविधा प्रदान करेगी। नई तकनीक से बिजली आपूर्ति में आने वाले दोषों की पहचान भी अधिक तीव्रता से हो सकेगी और मैनुअल रीडिंग पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मोबाइल ऐप और पोर्टल से जुड़े होंगे, जिससे उपभोक्ताओं के लिए खपत की निगरानी और बिल प्रबंधन आसान हो जाएगा। यह प्रणाली लोड प्रबंधन और सेवा गुणवत्ता में सुधार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

ई. राजेश कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा अधिकृत कर्मचारी और ठेकेदार घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर स्थापित करने पहुंचेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे फील्ड स्टाफ को पूरा सहयोग प्रदान करें।

## हिमाचल डेंटल कॉलेज में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक शुरू

# क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट की सहभागिता व सफाई कर्मियों को सम्मानित कर दिया सामाजिक संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**





हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए।

हिमाचल डेंटल कॉलेज में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस अवेयरनेस वीक का शुभारंभ मंगलवार को जागरूकता व सामाजिक सरोकार के अनूठे संगम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट भी सक्रिय भागीदार रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में बढ़ते एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर जागरूकता फैलाना व स्वच्छता के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल ने कॉलेज के सफाई कर्मचारियों को गर्म कपड़े भी वितरित किए।

इस अवसर पर डॉ. सिंगला ने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का आधार है और ये कर्मचारी प्रतिदिन हमारे स्वस्थ वातावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करते हुए यह संदेश दिया गया कि जब स्वच्छता बेहतर होगी, तब संक्रमण कम फैलेंगे और एंटी माइक्रोबियल दवाओं का उपयोग भी न्यूनतम रहेगा। इस पहल ने समाज में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कॉलेज के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। एंटीबायोटिक को डॉक्टर की सलाह के बिना लेने से शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है, जिसके कारण भविष्य में दवाएं असर करना बंद कर सकती हैं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को गंभीर लेकिन सरल तरीके से समझाया कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक बढ़ता खतरा है व इससे निपटने के लिए जिम्मेदार व्यवहार जरूरी है। हिमाचल डेंटल कॉलेज और क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट की संयुक्त पहल समाज में बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में सराहनीय कदम है।

कॉलेज प्रशासन का मानना है कि यदि लोग एंटीबायोटिक्स का उपयोग केवल जरूरत पड़ने और विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही करें। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि ऐसी गतिविधियों से लोगों की सोच बदलेगी और वह स्वच्छता, स्वास्थ्य व दवा उपयोग के प्रति अधिक जागरूक बनेंगे।

## न्यू क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह

# नौनिहालों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



न्यू क्रिसेंट स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान डीसी मंडी का स्वागत करते हुए।

न्यू क्रिसेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की, जबकि डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मुनीश चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल पहुंचने पर निदेशक विजय शर्मा, प्रधानाचार्य किरण शर्मा और स्टाफ ने मुख्य अतिथि का शॉल, टोपी व मोमेंटो भेंट कर भव्य स्वागत किया। समारोह में स्कूल के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रों द्वारा प्रभु श्रीराम की जीवनी को संगीत और नृत्य के माध्यम से आकर्षक रूप में पेश किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। दूसरी कक्षा के बच्चों की प्रस्तुत पहाड़ी नाटी ने भी सबका दिल जीत लिया, जिसे उपायुक्त ने विशेष रूप से प्रशंसा की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मेहनत और परिश्रम सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास करना है। उपायुक्त ने छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति को उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों, खेल और अन्य गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उपायुक्त ने प्रदेश में बढ़ रहे नशे के खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों से आह्वान किया कि वे खुद को सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ें और कठिन परिश्रम के महत्व को जीवन में अपनाएं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिमाचल शिक्षा बोर्ड की जमा दो परीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा नव्या को 25 हजार रुपए की नकद राशि और मोमेंटो देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी, डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा, थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर सकिनी कपूर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आरओडब्ल्यू नियम में संशोधन करवाएं सड़क परिवहन मंत्री गडकरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विस रमेश चंद भारद्वाज ने सामाजिक कार्यकर्ता राम लाल शर्मा व अमी चंद के सहयोग से उपमंडल अधिकारी (ना0), सरकाघाट के माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेज कर मांग की हैं, कि वो सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले आर.ओ.डब्ल्यू वाले नियम में, जनता हित में बदलाव करवाएं। वर्तमान आरओडब्ल्यू के अनुसार सड़क निर्माण कंपनिया आरओडब्ल्यू के हिसाब से ही काम कर रही हैं, जबकि उस संपत्ति, घरों, रास्तों, पुरानी सड़कों या पानी इत्यादि के स्त्रोतों का पुनः निर्माण नहीं कर रही, जिन्हें उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान खराब कर दिया। उन्होंने मांग की हैं, कि एन एच 03 निर्माण संबंधी बैठकों में अधिकारियों के साथ साथ संबंधित इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ताओं, जानकार सेवानिवृत कर्मचारियों तथा कुछ एक पीड़ितों को भी बैठकों में बुलाया जाए, जिससे आगामी रणनीति बनाने में अधिकारियों को मदद मिले।

उन्होंने हिमाचल में एनएच निर्माण संबंधी शिकायतों का डाटा एकत्रित कर, जनहित में आरओडब्ल्यू, ईपीसी मोड़ कॉन्ट्रैक्ट, डीपीआर व अन्य सड़क निर्माण संबंधी नियमों में बदलाव की मांग के साथ गावर, एलएन मालविया कंपनी के साथ किए करार में बदलाव की मांग की है।

# सुक्खू सरकार सिर्फ खोखले वादों में व्यस्त : सीमा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सुखविंदर सरकार के पास न बजट है और न ही विकास को लेकर कोई ठोस विजन। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता से खोखले वादे कर सिर्फ समय बिताने में लगी है। डॉ. ठाकुर ने कहा कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट हैं। सरकाघाट और बल्द्वाड़ा अस्पतालों की नई इमारतों का निर्माण बजट के अभाव में अटका हुआ है। सिविल अस्पताल सरकाघाट में 9 डॉक्टरों के पद और बल्द्वाड़ा अस्पताल में 3 पद रिक्त चल रहे हैं, जिससे मरीजों को नेरचौक मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर व एम्स बिलासपुर जैसे दूरस्थ अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। उन्होंने एचआरटीसी सरकाघाट डिपो की बदहाल स्थिति का भी उल्लेख करते हुए बताया कि यहां आरएम और लगभग 40 ड्राइवरों के पद खाली हैं, जिससे परिवहन सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा है। बीडीओ गोपालपुर का पद भी कई महीनों से रिक्त पड़ा है।डॉ. ठाकुर ने कहा कि डीएसपी सरकाघाट का तबादला हमीरपुर कर दिया गया है, लेकिन इसे अब तक रोका नहीं गया, जिससे कानून-व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग नाराज़ है और विकास पूरी तरह ठप हो चुका है।

# भवन मानचित्रों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी में आयोजित बैठक के दौरान नगर आयुक्त रोहित राठौर ने जानकारी दी कि नगर निगम कार्यालय में आदर्श योजना अधिकारी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग), द्वारा अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किए जाने के उपरांत निगम द्वारा भवन मानचित्र स्वीकृति से संबंधित कार्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर निगम में लंबित भवन मानचित्रों के निस्तारण की प्रक्रिया को गति प्रदान करना है। आगामी एक माह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर उन्हें निपटाया जाएगा, ताकि संबंधित आवेदकों को मानचित्र स्वीकृति सरल, पारदर्शी व सुगम रूप से प्राप्त हो सके। नगर आयुक्त ने संबंधित शाखाओं को निर्देश दिए कि इस अवधि में आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अनावश्यक विलंब को समाप्त करें व आवेदकों को कार्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। प्रक्रियाओं को अधिक सरल, परिणाम-उन्मुख व नागरिक हित में सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष बल दिया गया।

**आदर्श** विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित गंभीर मरीजों के लिए अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध

# करसोग अस्पताल बना आदर्श स्वास्थ्य संस्थान

**अनंत ज्ञान, करसोग**



राज्य सरकार के सुधारात्मक कदमों से करसोग अस्पताल बना आदर्श।

▶ टोकन सिस्टम और हेल्थ बुलेटिन से अस्पताल में पारदर्शिता व सुविधा में वृद्धि

लोगों को घर-द्वार के समीप बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू की गई आदर्श स्वास्थ्य संस्थान योजना के तहत प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मंडी जिले में भी इस योजना के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में उच्च स्तरीय सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। करसोग सिविल अस्पताल में भी इसी योजना के तहत कई सुधार किए गए हैं। अस्पताल में स्त्री रोग, हड्डी रोग, सर्जरी, शिशु रोग, दंत चिकित्सा सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। हाल ही में रेडियोलॉजिस्ट की भी नियुक्ति हुई है, जिससे अब करसोग और आसपास के हजारों मरीजों को बड़े शहरों की यात्रा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अस्पताल में नई एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई गई है और जल्द ही सीटी स्कैन मशीन भी लगाई जाएगी। ओपीडी व्यवस्था में टोकन सिस्टम लागू किया गया है, जिससे मरीजों को लंबी लाइनों और अव्यवस्था से निजात मिली है। आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग पंजीकरण व्यवस्था की गई है, जिससे गंभीर मरीजों का तुरंत इलाज संभव हो रहा है।

गंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेटर सुविधा भी शुरू कर दी गई है। आईसीयू में आधुनिक बिस्तरों वाला अलग वार्ड बनाया गया है और स्टाफ को आईजीएमसी शिमला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। अस्पताल की एक और विशेष पहल है प्रतिदिन हेल्थ बुलेटिन जारी करना, जिसमें ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थियेटर और फील्ड कार्यक्रमों की जानकारी साझा की जाती है। इससे जनता को स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों के बारे में पहले से जानकारी मिलती है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अस्पताल प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष बल दिया है। प्रतिदिन एचआईवी, क्षय रोग, मौसमी बीमारियों और अन्य जन स्वास्थ्य मुद्दों पर फील्ड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि राज्य सरकार की पहल और दिशा-निर्देशों के कारण अस्पताल में मरीजों को बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे जनता में स्वास्थ्य सेवाओं पर भरोसा बढ़ा है।

# मांडव मशरूम क्लस्टर में नए पदाधिकारियों का पुनर्चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के सुखेत और मंडी वन मंडल के अंतर्गत आने वाले मांडव मशरूम क्लस्टर लेवल फेडरेशन में मंगलवार को स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों का पुनर्चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर थंगराज वेंकटेशन अरण्यपाल, वासु डोगर उप-अरण्यपाल, अंबरीश शर्मा वन मंडल अधिकारी, वीपी पठानिया सेवानिवृत्त एचपीएफएस अधिकारी, जितेन शर्मा एसएमएस मंडी और डॉ. विजय कुमार एसएमएस सुखेत उपस्थित रहे। जेआईसीए समर्थित वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन एवं आजीविका सुधार परियोजना के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय समिति के नए अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। क्लस्टर ने बटन और ढींगरी मशरूम की खेती से बीस लाख सत्तर हजार आठ सौ सत्ताईस रुपये की अभूतपूर्व बिक्री दर्ज की, जिससे क्षेत्र में आजीविका सुधार का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया। अधिकारियों ने समूह सदस्यों को आश्वासन दिया कि वन विभाग मशरूम उत्पादन और प्रगति हेतु आवश्यक सहयोग जारी रखेगा।

# हर पंचायत में बनेगी नशा निवारण समिति : डीसी

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिले की सभी 245 पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन किया जाएगा। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों को निर्देश जारी करते हुए उन्होंने कहा कि वे दो दिन के भीतर अपने-अपने विभाग से संबंधित सदस्यों के नाम प्रस्तावित कर पंचायतवार सूची उपलब्ध करवाएं, ताकि समितियों को औपचारिक रूप से नोटिफाई किया जा सके।

डीसी मंगलवार को डीआरडीए बैठक कक्ष में इस मुद्दे पर आयोजित विभागीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रत्येक पंचायत में गठित होने वाली समिति का अध्यक्ष स्थानीय विद्यालय का प्रधानाचार्य होगा। समिति में पंचायत सचिव, पटवारी, आशा वर्कर, महिला मंडल प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक/समाजसेवी, स्वयंसेवी तथा पुलिस कांस्टेबल को शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का राज्य में नशा निवारण और एंटी-चिट्टा अभियान पर विशेष फोकस है। सरकार नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के साथ-साथ जन-जागरूकता को मिशन मोड में आगे बढ़ा रही है। पंचायत स्तर पर बनने वाली मजबूत समितियां जागरूकता, पारिवारिक व्यवहार परिवर्तन व बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। विद्यालय प्रधानाचार्यों को समिति का अध्यक्ष बनाने का उद्देश्य यह है कि वे बच्चों और अभिभावकों से सीधे जुड़कर प्रभावी जागरूकता अभियान चला सकें तथा स्कूल परिसर या आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देकर कार्रवाई सुनिश्चित कर सकें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल आदि मौजूद रहे।

## ऊना को तंबाकू मुक्त जिला बनाने के अभियान को दें निर्णायक गति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

डीसी जतिन लाल ने ऊना जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को निर्णायक गति देने पर जोर दिया है। मंगलवार को 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी विभागों को समन्वित व प्रतिबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में 9 अक्तूबर से संचालित 60 दिवसीय अभियान के तहत अब तक की जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई। डीसी ने अभियान के कार्यान्वयन में स्वास्थ्य विभाग व पंचायतीराज विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रदेश स्तर पर मिले पुरस्कार के लिए अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस अभियान को एक व्यापक जन-जागरूकता आंदोलन का रूप में आगे बढ़ा रहा है, ताकि युवा तंबाकू के दुष्प्रभावों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन असमय मृत्यु और गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है, तथा इसकी शुरुआत अक्सर कम उम्र में हो जाती है। इसलिए युवाओं को जागरूक करना अभियान का मुख्य लक्ष्य है। डीसी ने पंचायतों में 'तंबाकू मुक्त गांव' बनाने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के 30 गांवों को पूर्णतः तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए ठोस और समयबद्ध कार्रवाई की जाए।



डीसी ऊना जतिन लाल 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' की प्रगति की समीक्षा करते हुए।

### तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस अनिवार्य

उन्होंने शहरी विकास, पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग को 'तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग नियम-2018' का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तंबाकू उत्पाद बेचने वाले सभी विक्रेताओं के पास वैध वेंडर लाइसेंस होना अनिवार्य है। पंचायत क्षेत्रों में यह लाइसेंस पंचायत सचिव द्वारा तथा शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय कार्यालय द्वारा जारी किया जाएगा। डीसी ने शिक्षण संस्थानों को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने के साथ यह सुनिश्चित बनाने को कहा कि किसी भी स्कूल-कॉलेज के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री न हो। पुलिस विभाग को सीओटीपीए-2003 और पीईसीए-2019 के प्रावधानों का सख्ती से प्रवर्तन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने 'हिमाचल प्रदेश तंबाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम, 2016' तथा 'खुली सिगरेट एवं बीड़ी विक्रय निषेध अधिनियम, 2016' को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंकित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमसी में डोर-टू-डोर गार्बेज व संपत्ति कर बिलों का ऑनलाइन भुगतान शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना

नगर निगम ऊना ने शहरवासियों की सुविधा, पारदर्शिता और आधुनिक सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन (कूड़ा संकलन) एवं संपत्ति कर के बिलों के भुगतान की सुविधा अब पूरी तरह ऑनलाइन प्रारंभ कर दी है।

इस व्यवस्था के माध्यम से नागरिक बिना कार्यालय आए, घर बैठे सुरक्षित, तेज़ और सुविधाजनक तरीके से बिलों का भुगतान कर सकेंगे। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्येक महीने नागरिकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सरकारी अधिकृत आईडी AD-HPGOVT-G से कूड़ा संकलन बिल का संदेश भेजा जाएगा। संदेश में उपभोक्ता का नाम, गार्बेज आईडी और भुगतान लिंक शामिल होगा, जिसके माध्यम से नागरिक किसी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से आसानी से भुगतान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नागरिक सिटिजन सेवा पोर्टल httpsN//citizenseva.hp.gov.in/hp-udd/ पर जाकर भी भुगतान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक नागरिक मोबाइल पर प्राप्त संदेश के साथ नगर निगम ऊना कार्यालय में आकर कैश अथवा पोश मशीन के माध्यम से भी बिल जमा करवा सकते हैं। संयुक्त आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे केवल सरकारी अधिकृत आईडी AX-HPGOVT-G और AD-HPGOVT-G से प्राप्त संदेशों पर ही विश्वास करें तथा किसी अन्य स्रोत से भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें। यदि किसी नागरिक को बिल भुगतान के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई होती है, तो वह नगर निगम ऊना कार्यालय से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

मनोज कुमार ने कहा कि नगर निगम ऊना नागरिक सेवाओं को और अधिक सरल, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्काउट एंड गाइड को सर्टिफिकेट वितरित किए

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में मंगलवार को बच्चों की उपस्थिति में स्काउट व गाइड तृतीया सोपान सर्टिफिकेट का वितरण प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने किया। भरवाईं स्कूल के 4 स्काउट ने जिला स्तर पर आयोजित 5 दिवसीय तृतीया सोपान कैंप में स्काउट मास्टर संजीव कुमार के मार्गदर्शन में भाग लिया तथा कैंप में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने बच्चों को स्काउट और गाइड के महत्व के बारे में बताया तथा बच्चों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### 23 एनसीसी कैडेट्स को दिए 'ए सर्टिफिकेट'

अनंत ज्ञान, जोल। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकोली में मंगलवार को एक विशेष समारोह का आयोजन कर 23 एनसीसी कैडेट्स को 'ए सर्टिफिकेट' प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी एएनओ प्रिया शर्मा ने की। स्कूल के प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह ने कहा कि यह सर्टिफिकेट प्राप्त करना कैडेट्स की लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में एनसीसी से मिले अनुभवों और कौशलों को अपनाने की सलाह दी। एनसीसी एएनओ प्रिया शर्मा ने कहा कि आज का दिन सभी कैडेट्स के लिए गर्व का क्षण है। 'ए सर्टिफिकेट' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह आपके समर्पण, अनुशासन और देशभक्ति का परिणाम है। एनसीसी का आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' आपके जीवन का पथ प्रदर्शक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर एक ऐसा संगठन है जो हमारे देश के सबसे बड़ी एकजुट शक्तियों में से एक बनने का प्रयास करता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह, एनसीसी एएनओ प्रिया शर्मा, एनएसएस अधिकारी पूजा कुमारी, स्कूल परिवार सहित कई कैडेट्स उपस्थित रहे।

### आपदा से जूझ रहा प्रदेश, सरकार मेलों पर बहा रही पैसा

अनंत ज्ञान, ऊना। भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक राजीव वशिष्ठ ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को आपदा से जूझने के बावजूद उत्सवों पर लाखों खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों, पेंशनरों और आम जनता की सुध नहीं ले रही है, जबकि सरकारी नुमाइंदे 'ऐश-परस्ती' में मस्त हैं। वशिष्ठ ने आरोप लगाया कि सत्ता में तीन साल से अधिक समय होने के बावजूद कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लुभावने वादे पूरे नहीं किए। युवाओं को रोजगार नहीं मिला और मातृशक्ति को 1500 की गारंटी भी नहीं मिली है। वशिष्ठ ने लंबित कर्मचारी भुगतानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि 2016 से 2025 तक का रिवाइज़्ड पे स्केल, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन और चिकित्सा बिल लंबित हैं, जिसके कारण पेंशनरों ने मजबूरन धर्मशाला विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार से लंबित मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की, अन्यथा जनाक्रोश बढ़ने की चेतावनी दी।

### ऊना के समूरकलां में 'किताब घर' स्थापित

अनंत ज्ञान, ऊना। भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश ने जिला ऊना के लता मंगेशकर कला केंद्र, समूरकलां में 'किताब घर' स्थापित किया है। इस 'किताब घर' का उद्देश्य अध्ययन की परंपरा को सुदृढ़ करना और हिमाचल के साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास पर शोध सामग्री को पाठकों एवं शोधार्थियों तक आसानी से पहुंचाना है। प्रारंभिक चरण में यहां ऊना जिले के साहित्यकारों की रचनाएं और विभागीय प्रकाशन पढ़ने एवं खरीदने के लिए उपलब्ध हैं। शीघ्र ही अन्य प्रदेश स्तरीय साहित्यकारों की पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। 'किताब घर' प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। विभाग इसी परिसर में संग्रहालय स्थापना की दिशा में भी सक्रिय है, जहाँ वर्तमान में पांडुलिपियाँ और जीवाश्म प्रदर्शन के लिए रखे गए हैं। विभाग ने जिला वासियों से प्राचीन महत्व की वस्तुओं को संग्रहालय के लिए दान करने का आग्रह किया है।

### चिंतपूर्णी के दोनों मंडलों में नई कार्यकारिणी घोषित

अनंत ज्ञान, बढ़ूही। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने संगठन को मजबूत करने के लिए चिंतपूर्णी लोअर और चिंतपूर्णी अपर मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। यह नियुक्तियां प्रदेश, जिला और मंडल नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद की गई हैं और तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं। चिंतपूर्णी लोअर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हर्ष चौधरी ने नई टीम की घोषणा की। इसमें कमल किशोर, नमन शर्मा, नरेंद्र सिंह और रोहित कुमार (भैरा) को उपाध्यक्ष बनाया गया है। निखिल लठ (धुसाड़ा) और रक्षित (खरयालता) महामंत्री बने हैं, जबकि मनु शर्मा (धुसाड़ा) कोषाध्यक्ष का पद संभालेंगे। चिंतपूर्णी अपर युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल शर्मा ने अपनी नई टीम की घोषणा की। इसमें राहुल शर्मा, अमित गौतम, नितिन भाटिया, तुषार ठाकुर और अनमोल मेहरा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आकाश (कटौहड़ कलां) और शुभम कलिया (चिंतपूर्णी) महामंत्री बने हैं, और अनमोल कलिया (चिंतपूर्णी) को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दोनों अध्यक्षों ने कहा कि नई टीम संगठन को और सशक्त बनाएगी और युवाओं को भाजपा की नीतियों से जोड़ने पर विशेष ध्यान देगी। इन नियुक्तियों से संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल है।

### महोत्सव में शाहिल को आमंत्रण न देने पर रोष

अनंत ज्ञान, बढ़ूही। चिंतपूर्णी महोत्सव में प्रसिद्ध युवा कलाकार शाहिल पंडित को आमंत्रित न किए जाने पर क्षेत्र में गहरा रोष है। संगीत जगत में शाहिल पंडित ने छह बार स्टेट गोल्ड, दो बार नेशनल गोल्ड और एक बार इंटरनेशनल सिल्वर मैडल जीतकर हिमाचल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा मीडिया सह-संयोजक, लोअर मंडल चिंतपूर्णी, सुनील कुमार ने कहा कि शाहिल पंडित हिमाचल के पहले ऐसे युवा कलाकार हैं, जिन्होंने संगीत क्षेत्र में इतने उच्च सम्मान अर्जित किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उपलब्धि-सम्पन्न कलाकार को प्रमुख सांस्कृतिक महोत्सव में मंच न देना कलाकारों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। स्थानीय लोगों का मानना है कि स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देना सांस्कृतिक आयोजनों की पहली जिम्मेदारी है और भविष्य में ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को उचित सम्मान और मंच दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### विधायक बबलू ने अंब स्कूल में नवाजे मेधावी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू रहे, जिन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंदर कुमार, ईंदू धीमान समाजसेवी शादी लाल गोस्वामी, विकास कश्यप, रितेश शर्मा, नरेश कुमारी, केवल कुमार, नरदेव कुमार, प्रिंसिपल परसराम, दिनेश कौंडल, रमन भारद्वाज सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद वनियाल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी।

## ग्राम पंचायत मंदली को दिए 21 डस्टबिन

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की दस मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना अगलौर द्वारा ग्राम पंचायत मंदली में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विकास कार्य लगातार जारी हैं। इसी क्रम में परियोजना प्रबंधन की ओर से पंचायत प्रधान सुनीता देवी को 21 डस्टबिन भेंट किए गए।





ग्राम पंचायत मंदली को डस्टबिन देते परियोजना के प्रबंधक।

पंचायत भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में परियोजना के प्रशासक देवराज सौखला अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर चाय-पान का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने परियोजना प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। पंचायत प्रधान सुनीता देवी ने बताया कि सौर ऊर्जा परियोजना अगलौर समय-समय पर पंचायत क्षेत्र में जरूरतों के अनुसार सहयोग प्रदान करती रही है। परियोजना की यह पहल स्वच्छता अभियान को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। ग्रामीणों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए डस्टबिन अत्यंत उपयोगी रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सौर परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिम्मेदारी निभाने का यह प्रयास अनुकरणीय है और इससे पंचायत-परियोजना के बीच सहयोग की भावना और मजबूत होती है। प्रधान सुनीता देवी ने बताया कि मात्र दस दिन पूर्व भी परियोजना की ओर से 35 सोलर स्ट्रीट लाइटें पंचायत को प्रदान की गई थीं, जिन्हें प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच की संख्या में लगाया गया है। स्ट्रीट लाइटों के लगने से गांव की गलियों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो गई है, जिससे रात्रि समय ग्रामीणों को आवाजाही में सुविधा मिल रही है। परियोजना की यह सोच सराहनीय है कि जिस गांव में सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, उसी गांव को सबसे पहले इसका लाभ मिलना चाहिए। पंचायत प्रधान सुनीता देवी ने परियोजना प्रबंधन और पूरी टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह पंचायत और सौर परियोजना के बीच सहयोग बना रहेगा, जिससे गांव के विकास में और तेजी आएगी। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सौर परियोजना द्वारा किए जा रहे कार्य वास्तव में क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## मैमोग्राफी, सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर संपन्न, 159 महिलाओं की हुई जांच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना



रोटरी क्लब ऊना और रोटरी क्लब ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में दो दिवसीय मैमोग्राफी और सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर में कुल 159 महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 95 महिलाओं के मैमोग्राफी टेस्ट और 64 महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर जांच टेस्ट किए गए। समापन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजीव कुमार वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने रोटरी क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की निशुल्क जाँच कर उन्हें कैंसर जैसे रोग के प्रति जागरूक करने में रोटरी की भूमिका अहम है। उन्होंने जोर दिया कि कैंसर की समय पर पहचान होने से उसका उपचार संभव है और स्वास्थ्य विभाग दूर-दराज के क्षेत्रों में ऐसे आउटरीच शिविरों के आयोजन में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के समन्वयक ई. कुलदीप सिंह ने बताया कि गवर्नर रोटेरियन रोहित ओबरॉय के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में 11 स्थानों पर इस प्रकार के शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनसे बड़ी संख्या में महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। शिविर में सराहनीय सेवाएं देने के लिए ई. कुलदीप सिंह, रेडियोग्राफर जरनैल सिंह, विक्रम सिंह, डॉ. अतुल राणा सहित स्टाफ नर्स अर्चना व ममता सैनी और सुरक्षा कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान यशपाल ठाकुर और अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## परेड के नियम अनुशासन का महत्व समझाया

अनंत ज्ञान, बंगाणा। ऊना जिले के बंगाणा स्थित गृह रक्षा कंपनी 12/3 में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों को स्ट्रेचर तैयार करने और उसके उपयोग के तरीके सिखाए गए। इसके अलावा, उन्हें भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, 'क्या करें' और 'क्या न करें' के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कंपनी कमांडर हंस राज और अन्य प्रशिक्षकों ने परेड के नियम और अनुशासन का महत्व भी समझाया, जिसका प्रशिक्षुओं ने अभ्यास किया। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में रस्सियों की गांठों जैसे रिफ्नॉट, थम नॉट, सिंगल और डबल शीट बैंड और चेयर नॉट पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन गांठों का उपयोग भूकंप जैसी आपदा में रेस्क्यू ऑपरेशन, स्ट्रेचर बांधने और घायलों को प्राथमिक सहायता देने के लिए किया जाता है। सभी प्रशिक्षुओं ने इन तकनीकों को समझा और उनका अभ्यास किया।

## कोटला खुर्द में बाबा बाल जी महाराज ने रखी भगवान दत्तात्रेय मंदिर की नींव

अनंत ज्ञान, ऊना

एलजेएन हिमोत्कर्ष कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द के समीप स्थित कुष्ठ आश्रम परिसर में मंगलवार को भगवान दत्तात्रेय मंदिर की आधारशिला रखी। परम पूज्य राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने अपने कर-कमलों से भगवान दत्तात्रेय मंदिर की नींव रखी।

इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम मंदिर में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। बाबा बाल जी महाराज ने मंदिर निर्माण के लिए कुष्ठ आश्रम सोसायटी को 2 लाख रुपए सहयोग राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों से मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया। भगवान दत्तात्रय का मंदिर समाज के सहयोग से बनेगा। उन्होंने कुष्ठ आश्रम के सभी निवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने आश्रम में भजन-कीर्तन भी किया और भजनों की बरसात से सभी को आशीर्वाद भी दिया। इससे पहले कुष्ठ आश्रम में पधारने पर कुष्ठ आश्रम सोसायटी के सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कुष्ठ आश्रम सोसायटी के प्रधान भास्कर मिश्रा, सचिव लाल बाबू गोप, कोषाध्यक्ष राज किशोर, सदस्यों में अजीत कुमार, ओसिद्ध बाबी व अन्यों ने कहा कि कुष्ठ आश्रम में भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील की है। मंदिर निर्माण के लिए दान राशि, ईंट, बजरी, रेत व सरिया आदि लेकर सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज द्वारा मंदिर की नींव रखने व इसके निर्माण के लिए दो लाख की राशि देने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाना, हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, वरिष्ठ पत्रकार सुरिंद्र शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू धर्म का किया बहुत बड़ा अपमान

अनंत ज्ञान, ऊना। भाजयुमो का आरोप है कि जिले के प्रशासन द्वारा जो चिंतपूर्णी माता जी का महोत्सव करवाया गया, उसमें माता जी की ज्योति के सामने पंजाबी गायकों ने गाए अश्लील और हथियारों को प्रमोट करने वाले गाने बिना रोकटोक चलाए। नव कुश सैनी जिला भाजयुमो प्रवक्ता की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हिंदू धर्म का इतना बड़ा अपमान किया गया और हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया और तो और इस महोत्सव को लाइव यूट्यूब और दूसरे सोशल मीडिया पर चलाया गया। इसे करवाने वाला प्रशासन खुद इस महोत्सव में शामिल था। बहुत ही शर्मिंदगी और घटिया काम किया गया। पहले इस उत्सव में बीजेपी के मौजूदा विधायक सतपाल सत्ती को न बुला कर उनका अपमान किया गया। माता जी की ज्योत के सामने ऐसे गाने गाकर और लड़के लड़कियों को नचा कर.. पूरी दुनिया में हिंदू धर्म का मजाक उड़ाया गया।

## किसानों को हॉर्टिकल्चर के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के अगलौर में दस मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के तहत मंगलवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय किसानों को हॉर्टिकल्चर (बागवानी विज्ञान) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।





जागरूकता शिविर में मौजूद ग्रामीण और परियोजना प्रतिनिधि।

इस सेमिनार का उद्देश्य किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों से परिचित करवाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए प्रेरित करना था। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय से एमएससी हॉर्टिकल्चर की छात्रा कुमारी शिवानी शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने पेड़-पौधों और फलों के उत्पादन से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक नियमों और आधुनिक पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। मंगलम ने किसानों को बताया कि किस प्रकार पौधों की शुरुआती अवस्था से ही उनकी देखभाल की जाए, उचित सिंचाई, खाद व पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा कैसे दी जाए और रोगों की पहचान कर समय रहते उनका उपचार किस तरह किया जा सकता है। उन्होंने समझाया कि फलों व पौधों को बीमारियों से बचाने के लिए नियमित निरीक्षण, जैविक कीटनाशकों का उपयोग और स्वच्छ कृषि पद्धतियां अपनाना बेहद आवश्यक है। उनके अनुसार, अच्छा उत्पादन किसान की मेहनत, सही दिशा में किया गया वैज्ञानिक प्रयास और कीट-नियंत्रण के उपयुक्त तरीकों पर निर्भर करता है। परियोजना के प्रशासक देवराज सौखला ने बताया कि सौर ऊर्जा परियोजना के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि किसान आधुनिक बागवानी तकनीकों से अवगत होकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

**शुभारंभ** अंब में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय की भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू

## 48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियंका प्रथम

अनंत ज्ञान, अंब

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय की 3 दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू हुई। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र सुदर्शन सिंह बबलू रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में प्रतियोगिता के शुभारंभ पर विधायक सुदर्शन बबलू के साथ आयोजक और खिलाड़ी।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने मुख्यातिथि महोदय को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भारोत्तोलन एक ऐसा खेल है, जो न केवल शारीरिक बल को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी सिखाता है। इस आयोजन से हमारे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। हमें गर्व है कि हमारे महाविद्यालय में ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, जो विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हमारे महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस टूर्नामेंट के आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार पटियाल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से आए ऑफिशियल में पर्यवेक्षक की भूमिका डॉ. राजेश चौधरी निभा रहे हैं, जबकि प्रदीप शर्मा, डॉ. राज कुमार, डॉ. अश्वनी अवस्थी, रजनी बाला, रिपन शर्मा, विशाल सिंह, सुनील कुमार, कृष्णा शर्मा, अभिषेक जमवाल ने भी भारोत्तोलन प्रतियोगिता में ऑफिशियल के रूप में अपना सहयोग देंगे। मंच संचालन डॉ. सुजाता ने किया। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा।

आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार पटियाल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तहत आने वाले 14 महाविद्यालयों के महिला वर्ग की 55और पुरुष वर्ग के 64 खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिला वर्ग के 48 किलोग्राम भार वर्ग में जीसी नादौन की प्रियंका ने प्रथम स्थान, जीसी जवाली की मन्नत पाबा ने द्वितीय, जीसी नगरोटा बगवां की कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पीटीए प्रधान रविंद्र बंसल, उपप्रधान परमिंद्र बर्मा, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. नितिन कुमार शर्मा, प्रो. अमित शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, डॉ. अनय, डॉ. कुमारी सुजाता, प्रो. सुरेता, प्रो. जमीत, डॉ. राजेश, डॉ. अरुण, डॉ. रजनीश, डॉ. श्रुति, प्रो. अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सोलन कमेटी को बधाई : मदन

अनंत ज्ञान, बंगाणा

हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबॉल एसोसिएशन के राज्य महासचिव मदन राणा ने बताया कि बद्दी के कूड़वाला मैदान में 14 से 16 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस आयोजन का दायित्व जिला सोलन वॉलीबॉल एसोसिएशन ने निभाया। मदन राणा ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष संजीव ठाकुर, सचिव कमल चंदेल सहित सभी पदाधिकारियों तथा तकनीकी अधिकारियों का धन्यवाद किया और उन्हें शाबाशी दी। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में शिमला की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता।

ऊना उपविजेता रहा, जबकि तीसरा स्थान भी शिमला ने हासिल किया। महिला वर्ग में साई धर्मशाला की खिलाड़ी विजेता बनीं, ऊना की टीम दूसरे स्थान पर रही और शिमला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीन दिनों तक चले इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने भी खूब सराहा। मदन राणा ने बताया कि सीनियर महिला एवं पुरुष टीम के चयन हेतु एक माह का विशेष प्रशिक्षण शिविर 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह शिविर खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और टीम तालमेल को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके बाद 4 से 11 जनवरी तक वाराणसी में होने वाली राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीमें भाग लेंगी। चयन इसी प्रतियोगिता और प्रशिक्षण शिविर के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला से लेकर राज्य स्तर तक सभी इकाइयाँ अखिल भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रही हैं, ताकि प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। बद्दी में आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, बल्कि प्रदेश में वॉलीबॉल के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों के प्रति उत्साह को भी दर्शाती है।

## पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय लरी का विधायक अनुराधा राणा ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लरी, स्पीति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यक संसाधनों तथा शैक्षणिक चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विधायक ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी समग्र शिक्षा ही क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखें और विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित व प्रेरणादायक सीखने का वातावरण प्रदान करें। स्कूल में आ रही पानी की समस्या के निवारण का जल शक्ति विभाग को मौके पर मौजूद जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए और गांव वासियों से सहयोग का निवेदन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रशासन ने भी विभिन्न गतिविधियों व सुविधाओं की जानकारी विधायक को दी। साथ में मौजूद रहे टीएसी सदस्य छेवांग रिग्जिन, जीपीटीसी सदस्य, पीटीसी अध्यक्ष छेरिंग टशी, बूथ अध्यक्ष प्रकाश, यश बोध, कुंजुंग गटुक, यमा जी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### संवेदनशीलता की मिसाल बनी विधायक

**स्पीति** घाटी के प्रवास के दौरान मंगलवार को विधायक लाहौल-स्पीति ने पिन वैली का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने कलाकमुरती में रह रही एकल महिला छेतन लामो से भेंट की। उन्होंने छेतन लामो से उनकी वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एकल महिला की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विधायक ने अपनी ओर से 10,000 रुपये की नकद सहायता प्रदान की तथा आगामी सर्दियों में उनके रिवालसर में रहने की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने एडीएम क़ाज़ा शिखा को निर्देश दिए कि छेतन लामो को 'एकल नारी आवास योजना' के तहत यथाशीघ्र लाभान्वित कराया जाए। सनद रहे कि इससे पूर्व भी विधायक अनुराधा राणा ने कई बीमार, गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सहयोग किया है।

## मौसम में बदलाव से पर्यटन उद्योग प्रभावित

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** प्रदेश में तेज गर्मी के कारण पर्यटन व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साल दर साल तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और सर्दी के मौसम में भी ठंड की जगह गर्मी बढ़ रही है।

मौसम में आ रहे बदलाव से सैलानियों की संख्या में आई उल्लेखनीय कमी ने रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों से जुड़े व्यवसायियों की आय को बुरी तरह प्रभावित किया है। पर्यटन स्थलों पर सामान्य दिनों की तुलना में सन्नाटा पसरा हुआ है, जिससे एडवेंचर ऑपरेटरों की आय लगभग आधी रह गई है। कई ऑपरेटरों को स्टाफ की शिफ्ट कम करनी पड़ी है। मौसम विभाग के अनुसार, दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे पर्यटक दोपहर की गतिविधियों से बच रहे हैं। पर्यटन व्यवसायी वर्तमान सुस्ती से उबरने के लिए आगामी सीजनों से बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। उनकी निगाहें मुख्य रूप से दो प्रमुख सीजनों पर टिकी हैं। लिहाजा, नवंबर माह में भी तापमान में ठंडक की बजाए गर्मी होना पर्यटन कारोबार के लिए सही नहीं है।

अनंत ज्ञान स्पैशल



फाइल फोटो।

### सर्द ऋतु का 'कपल सीजन'

**नवंबर** से फरवरी के बीच हिमालयी पर्यटन स्थलों पर आने वाले हनीमून कपल्स पर्यटन कारोबार को नई रौनक देते हैं। सर्दियों में होटल बुकिंग, परिवहन और एडवेंचर गतिविधियां पूरे शबाब पर रहती हैं, जो सालभर की मंदी को संभालने में मदद करती हैं।

### ग्रीष्मकालीन 'कपल सीजन'

**मई** के अंत जून के शुरुआती दिनों में हनीमून कपल्स की बढ़ती संख्या से होटल, ट्रैवल एजेंसियां और एडवेंचर ऑपरेटरों की आय में तेजी आने की संभावना रहती है। कई होटलों ने इन कपल्स को आकर्षित करने के लिए रोमांटिक पैकेज, विशेष भोज और छूट योजनाएं तैयार की हैं। व्यवसायियों का मानना है कि यदि इस दौरान मौसम में थोड़ी नरमी आती है, तो यह सीजन कारोबार को काफी मजबूती दे सकता है।

### दिसंबर: मंदी को दूर करने का 'सबसे बड़ा अवसर'

**पर्यटन** जगत के लिए दिसंबर का महीना सबसे अधिक लाभकारी माना जाता है। क्रिसमस और नव वर्ष के आसपास पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने से होटल, कैफे, रेस्टोरेंट और एडवेंचर गतिविधियों में जबरदस्त रौनक रहती है। कई पर्यटन स्थलों पर इस महीने फुटफॉल साल के अन्य महीनों की तुलना में दोगुना तक पहुंच जाता है। व्यवसायी पैराग्लाइडर शंकर भल्ला, होटलियर नीरज उपाध्याय, टैक्सी ऑपरेटर सुरेश आचार्य का कहना है कि दिसंबर का यह त्योहारों का समय ही सालभर की मंदी को संभालने और अतिरिक्त लाभ अर्जित करने का सबसे बड़ा अवसर प्रदान करता है।

## आनी में राजीव ने संभाला नए डीएसपी का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, आनी**



उपमंडल मुख्यालय आनी में कार्यरत डीएसपी चंद्र शेखर कायथ के स्थानांतरण के बाद अब इस रिक्त पद पर जनजातीय जिला किन्नौर से स्थानांतरित होकर आए राजीव मेहता ने नए डीएसपी के रूप में अपना पदभार संभाला है।

डीएसपी राजीव मेहता ने आनी में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आनी से पहले वे सतर्कता विभाग किन्नौर में डीएसपी और सीआईडी में अपनी सेवाएं दे चुके है। मूलतः शिमला जिला के कोटगढ़ के निवासी राजीव मेहता हिमाचल प्रदेश पुलिस सर्विस में 2020 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि वे आनी की ट्रैफिक समस्या के सुधार के लिए स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जनता के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे। राजीव मेहता ने बताया कि इसके अलावा चरस व चिट्टा माफिया,वन माफिया,शराब माफिया व खनन माफिया से भी सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए पुलिस टीम द्वारा जगह-जगह नाके व पेट्रोलिंग की जाएगी। वहीं बुजुर्ग व्यक्तियों, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के साथ साथ समाज की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को भी बखूबी निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए समय समय पर स्कूल व कॉलेज में एंटी ड्रग अवेर्नेस कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जनता से कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की और कहा कि जनता अपने अधिकारों के साथ साथ,अपने कर्तव्यों को भी समझें। क्योंकि जनता व पुलिस के परस्पर सहयोग से ही एक आदर्श व अपराध रहित समाज की कल्पना की जा सकती है। डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने स्पष्ट तौर पर कहा कि गैर कानूनी कार्य करने वाले असामाजिक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का ट्रायल 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू की ओर से जिला स्तरीय युवा उत्सव का ट्रायल आगामी 22 नवंबर को सूत्रधार कला संगम कुल्लू में आयोजित किया जाएगा। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी ने बताया कि ट्रायल में सामूहिक लोकनृत्य (कुल प्रतिभागी 13), सामूहिक लोकगीत (कुल प्रतिभागी 13), चित्रकला, भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन तथा अन्य विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के विषय 'नशा मुक्त युवा,- युथ फॉर हेल्थी लाइफस्टाइल, भाषण में इमरजेंसी पीरियड एंड वायलेशन ऑफ़ कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया तथा सेफगार्डिंग डेमोक्रेसी एंड डेमोक्रेटिक वैल्यूज़ कहानी लेखन, कविता लेखन इत्यादि विधाओं में आयोजित करवाया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव ट्रायल में कुल्लू जिले के स्कूलों, कॉलेजों, युवा मंडलों एवं महिला मंडलों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का दैनिक भत्ता या यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीमें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगी। वहीं, राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने वाली टीमों को 12 जनवरी, 2026 को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी विभाग के दूरभाष नंबर 01902224702 पर संपर्क कर सकते हैं।

### डॉ. रंजीत ने किया रघुनाथ अस्पताल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू, डॉ. रंजीत ठाकुर ने मंगलवार को रघुनाथ अस्पताल कुल्लू का दौरा एवं निरीक्षण किया। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से उनको पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं, सेवाओं और संपूर्ण कार्यप्रणाली की विस्तृत जांच की। दौरे के दौरान डॉ. रंजीत ठाकुर ने अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों, कंसल्टेंट्स, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा प्रशासनिक टीम के साथ संवाद किया। उन्होंने टीम के सामूहिक प्रयासों, मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता और अस्पताल की कार्यसंस्कृति की सराहना की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओपीडी आपातकालीन सेवाएं, लेबोरेटरी, अल्ट्रासाउंड यूनिट, फार्मेसी तथा अस्पताल में उपलब्ध नई विशेषज्ञ सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की उभरती क्षमताओं, मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर संतोष व्यक्त किया। रघुनाथ अस्पताल के प्रबंधन ने डॉ. रंजीत ठाकुर का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया और उनके महत्त्वपूर्ण सुझावों को अस्पताल के निरंतर सुधार के लिए मार्गदर्शक बताया। अस्पताल ने उत्कृष्टता, सहानुभूति और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के साथ समुदाय की सेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### लोकनृत्य प्रतियोगिता में झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी के स्टूडेंट्स ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की ओर से गवर्नमेंट कॉलेज कुल्लू में आयोजित अंतर-महाविद्यालयी यूथ फेस्टिवल-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। फेस्टिवल के अंतर्गत हुई ग्रुप-3 लोक नृत्य प्रतियोगिता में कुकुमसेरी महाविद्यालय की टीम ने प्रभावशाली लाहौली नृत्य प्रस्तुत किया और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से 10 छात्राओं ने पारंपरिक लाहौली वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। यूथ फेस्टिवल में मिली इस उल्लेखनीय सफलता पर महाविद्यालय परिवार ने टीम को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी पारंगत हों छात्र: वीर

**अनंत ज्ञान, मनाली**



बरान स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मौजूद गणमान्य।

जिला परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में बच्चों का चहुंमुखी विकास अति आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का अन्य गतिविधियों में भी पारंगत होना जरूरी है।

उन्होंने ये विचार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरान के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। वीर सिंह ठाकुर ने बताया कि बरान स्कूल क्षेत्र का एक बहुत पुराना संस्थान है, जिसकी शुरुआत 1932 में एक प्राथमिक पाठशाला के रूप में हुई थी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में सीखना है और अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति सजग रहना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है और जल्द ही बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य भविष्य में बच्चों को देश में होने वाली किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में शिक्षा के स्तर में लगातार उन्नति होने का भी उल्लेख किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। गत वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम छठी से नौवीं कक्षा तक शत-प्रतिशत रहा, जबकि बोर्ड कक्षाओं का परिणाम 97 प्रतिशत रहा।उन्होंने बताया कि 12वीं की छात्रा लोबजंग वांग्मो का चयन कल्पना चावला उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना के तहत हुआ था, जो विद्यालय के लिए एक गौरव की बात है। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि द्वारा शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में ब्लॉक समिति सदस्य पुष्पा कटोच, ग्राम पंचायत प्रधान धनी देवी, उप प्रधान कुंज लाल, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देवी शर्मा और सलाहकार पुने राम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मनाली व भुंतर में 6 किलो चरस के साथ 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला पुलिस की ओर से नशे को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से लगातार मुहिम चलाई हुई है।

इस मुहिम के तहत जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर करीब 6 किलोग्राम चरस के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बजौरा फोरलेन पुल के नीचे गश्त के दौरान शक के आधार पर एक व्यक्ति को तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5 किलो 148 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान बंजार निवासी सुरेंद्र परमार (32) पुत्र महेन्द्र सिंह परमार के रूप में की गई है। वहीं, दूसरे मामले में भुंतर पुलिस की टीम ने ही गश्त के दौरान त्रेहन चौक के पास एक और तस्कर को दबोचा। उसके कब्जे से 550 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी सैंज निवासी ओम प्रकाश (28) पुत्र डीणे राम के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।तीसरे मामले में पुलिस थाना मनाली की टीम ने गश्त के दौरान होटल टियारा के पास एक युवक को पकड़ा और आनी निवासी तनुज उर्फ अब्बू (22) पुत्र जय सिंह के कब्जे से 235.700 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना मनाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल ने तीनों मामलों कि पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों आरोपियों को चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह नशा कहां से खरीदा गया था और इसे आगे किसे बेचा जाना था।

## युवाओं के लिए विदेश में नौकरी का अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू विनोद कुमार ने कहा कि विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से युवाओं को संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार उपलब्ध करवाने का अवसर प्रदान किया है। भर्ती प्रतिनिधि कंपनी जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के जरिए यूएई में भोजन और अन्य खाद्य वस्तुओं की डिलीवरी के लिए बाइक राइडरों की जरूरत है। पदों के लिए 20 से 37 वर्ष तक के दसवीं पास एवं अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान रखने वाले युवा पात्र हैं। उम्मीदवारों के पास गियर वाली बाइक का ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट होना चाहिए, जिसकी वैधता कम से कम एक वर्ष की हो। चयनित युवाओं को 2500 दिरहम मासिक वेतन के अलावा कमीशन और टिप मिलेंगे, जिससे वे हर माह 70 हजार से एक लाख रुपए तक कमा सकते हैं।

## 4 दिसंबर को होगा प्रदेश सरकार का विधानसभा में घेराव: सन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा है कि चार दिसंबर को प्रदेश की निकम्मी व झूठी सरकार का विधानसभा में घेराव किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस के लिए प्रदेश भर से युवा जाएंगे। मंगलवार को वे यहां कुल्लू में भाजपा युवा मोर्चा की परिचय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 7800 बूथों पर युवा मोर्चा एक बूथ 10 यूथ कार्यक्रम चलाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि एक वर्ष में एक लाख युवाओं को नोकरी दी जाएगी और पांच लाख युवाओं को नोकरी दी जाएगी। अब हर युवा सरकार से पूछेगा कि अभी तक कितने युवाओं को नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटी से सत्ता में आई सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा जनजागरण अभियान के तहत केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा और निकम्मी व झूठी सरकार की जनविरोधी नीतियों को भी जनता तक पहुंचाया जाएगा। इससे पहले युवा मोर्चा ने मोर्चा जिला अध्यक्ष दिग्विजय आनंद की अगुवाई में कुल्लू पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद सहित भीमसेन शर्मा, राहुल सोलंकी, नवल नेगी के अलावा भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिग्विजय आनंद व सभी मंडलों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## बच्चों को दिए साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शवाड़ में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नितेश नेगी मुख्यातिथि एवं संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत करने से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर ने नेगी का शॉल व सम्मान चिन्ह देकर अभिनंदन किया। संसाधन व्यक्ति नेगी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी और सोशल मीडिया ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को डिजिटल सतर्कता अपनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत करने की सलाह दी।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत नए निशुल्क एलपीजी कनेक्शन किए जाएंगे जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कहा कि पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला कुल्लू में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला उज्जवला समिति का गठन कर लिया गया है। यह समिति डीसी की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो योजना के सभी कार्यों की निगरानी करेगी। इस महत्वकांक्षी योजना का उद्देश्य जिले की गरीब परिवारों की महिला सदस्यों को निशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है, ताकि महिलाओं को स्वच्छ से खाना बनाने की सुविधा मिल सके और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना वर्ष 2017 में हिमाचल प्रदेश में प्रारंभ की गई थी और इस योजना का नया चरण 'उज्जवला 3.0' केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है।


### पात्रता की शर्तें

**प्रधानमंत्री** उज्जवला योजना के तहत वही परिवार पात्र होंगे, जिनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज न हो। परिवार की संरचना की पुष्टि राशन कार्ड आदि दस्तावेजों के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे परिवार जिनके परिवार का कोई सदस्य 10 हजार रुपए प्रति माह से अधिक आय वाला हो, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स या आयकर का भुगतान किया जा रहा हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार के नाम गैर-कृषि उद्यम सरकारी पंजीकृत हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का निजी मकान (सरकारी योजना से अलग) हो, मोटर चालित 3/4 पहिया वाहन या मछली पकड़ने वाली नाव हो, यांत्रिक कृषि उपकरण (3/4 पहिया) स्वामित्व में हो या पहले से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध हो, ऐसे किसी भी परिवार को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन के लिए अयोग्य माना जाएगा।

### उज्जवला 3.0 के अंतर्गत पात्रता व लाभ

**जिले** की गरीब परिवारों की व्यस्क महिला सदस्य इस योजना के अंतर्गत वंचना घोषणा पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकती हैं। पात्र लाभार्थियों को 2,050 मूल्य रुप का निशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसमें गैस सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर की सुरक्षा जमा राशि 1.2 मीटर सुरक्षा होज, डीजीसीसी पुस्तिका (गैस पास बुक) निरीक्षण, स्थापना, प्रदर्शन व दस्तावेजीकरण शुल्क शामिल हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत अब गृह निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि सही पात्र लाभार्थियों को वास्तविक रूप से गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सके। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में पूर्ण से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म व पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, वंचना घोषणा पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

## ढालपुर मैदान में एसपीयू इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर मैदान में मंगलवार को छात्र व छात्राओं की इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी की ओर से आयोजित की जा रही है। सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर ने इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 कॉलेजों के 350 के करीब छात्र व छात्राएं भाग ले रहे हैं। तीन दिनों तक ढालपुर मैदान में प्रदेशभर के इन 16 कॉलेजों से आए खिलाड़ी हैंडबॉल, हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे। कुल्लू कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राकेश राणा के द्वारा इस प्रतियोगिता के बारे में मुख्य अतिथि को अवगत करवाया गया। इस मौके पर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के पदाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि एसपीयू के इतिहास में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 कॉलेजों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वहीं, कुल्लू कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राकेश राणा ने बताया कि इससे पहले एचपी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ही खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाती थी। लेकिन पहली बार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के द्वारा इन खेलों का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के तहत यहां पर युवा महोत्सव आयोजित करवाया गया था और अब हॉकी बैडमिंटन तथा हैंडबॉल प्रतियोगिताएं भी यहां पर आयोजित की जा रही है। वहीं, सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर ने युवा खिलाड़ियों से खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि हार जीत कोई मायने नहीं रखती लेकिन हमेशा पूरे जज्बे के साथ खेल को खेल की भावना से खेलें।

**सराहना** कुल्लू दक्षिण मंडल ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मेले का किया गया आयोजन

## डाक जीवन बीमा में अर्जित किया एक करोड़ 12 लाख का कारोबार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

डाक विभाग के कुल्लू दक्षिण मंडल द्वारा मंगलवार को ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडी डाक मंडल प्रमुख सजंय कुमार के आदेशानुसार करवाया गया। बालीचौकी उप डाकघर के उप डाकपाल पवनेश्वर शर्मा ने बताया है कि मंगलवार को आयोजित इस मेले में ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत किए गए डाक कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस वित्तीय वर्ष में दक्षिण मंडल के समस्त डाक कर्मचारियों ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा डाक जीवन बीमा योजना में अपना भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा मेले में एक करोड़ 12 लाख का कारोबार किया गया। उपडाकपाल पवनेश्वर शर्मा ने कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा और डाक जीवन बीमा दो अलग-अलग योजनाएं हैं, जिनका लाभ आम उपभोक्ता उठा रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें कम प्रीमियम पर अधिक बोनस की सुविधा दी जा रही है, साथ ही आयकर में छूट का भी प्रावधान है। इस अवसर पर डाक पर्यवेक्षक सुनील कुमार, डाक सहायक भुवनेश्वर कुमार, मौजूद रहे।



ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मेले के आयोजन पर मौजूद लोग।

### डिजिटल हो रहा विभाग

**डाक** विभाग भी अब खुद को तेजी से डिजिटल बना रहा है। डाकघर के काउंटरों पर यूपीआई और डायनामिक कोड की सर्विस भी शुरू की गई है। डाक विभाग के द्वारा शुरू की गई यह एप्लीकेशन अब डाकघर की सेवा को और आधुनिक तथा यूजर फ्रेंडली बनाने का काम करेगी। इसे एक लाख से ज्यादा लोग डाउनलोड कर चुके हैं। इसके अलावा एप में डार्क मोड का फीचर भी दिया गया है जिससे रात में इस्तेमाल करना आसान हो जाता है। ऐप के ऊपर है।

### आधुनिक सेवाओं के लिए डाक सेवा 2.0 ऐप लॉन्च

**भारतीय** डाक विभाग ने अपनी सेवाओं को आधुनिक और तेज बनाने के लिए डाक सेवा 2.0 ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से डाकघर से जुड़े काम अब मोबाइल फोन से घर बैठे हो जाएंगे। एंड्रॉयड स्मार्टफोन यूजर्स गूगल प्ले स्टोर और आईफोन यूजर ऐपल ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। डाक विभाग के ऐप की मदद से आप अपने पार्सल और मनीऑर्डर की ट्रैकिंग कर पाएंगे। इससे डाक की गणना करना, मेल की बुकिंग, ई-रसीद, शिकायत दर्ज करने जैसे कई और काम कर सकते हैं। ऐप हिंदी के साथ अंग्रेजी, डोगरी, गुजराती, मराठी, पंजाबी, उर्दू, कोंकणी, मैथली और बंगाली समेत कुल 23 भाषाओं में काम की सुविधा देता है। ऐप के दाएं कोने में आपको भाषा का आइकन दिखेगा। इस पर क्लिक करके आप अपनी सुविधा के अनुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।

### शिकायत दर्ज कराने का भी मिलेगा विकल्प

**किसी** भी सुविधा को लेकर अगर आपकी कोई शिकायत है तो इस ऐप के जरिए वह भी दर्ज करवा सकते हैं। आप ऐप के जरिए पोस्ट ऑफिस, पार्सल, लेनदेन से जुड़ी कोई भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। साथ ही, शिकायत को ट्रैक भी कर सकते हैं। ऐप खोलने के बाद आप अपनी समस्या के लिए एक टोल फ्री नंबर पर कॉल भी कर सकते हैं, जो कि 18002666868 है। या आप ऐप के जरिए ऑनलाइन असिस्टेंट से चैट भी कर सकते हैं।

## एनएबी को 'जुगाड़' प्रोजेक्ट के लिए 'सॉल्यूशन ऑफ सॉल्यूशन' पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) संस्था को उनके 'जुगाड़' प्रोजेक्ट के लिए 'सॉल्यूशन ऑफ सॉल्यूशन' पुरस्कार मिला है। एनएबी हिमाचल प्रदेश स्टेट ब्रांच के लिए यह एक गर्व का क्षण है।

बेंगलुरु के ताज होटल में आयोजित एक समारोह में संस्था को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। एनएबी हिमाचल प्रदेश स्टेट ब्रांच की सचिव, शालिनी वत्स किमटा, ने 'इनेबल इंडिया' द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट डिस्कवरी के तहत यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह कार्यक्रम (ओपन स्काई, ओपन माइंड्स) थीम पर आधारित था। इस अवसर पर, एनएबी हिमाचल प्रदेश की सचिव शालिनी वत्स किमटा ने इनेबल इंडिया और प्रोजेक्ट डिस्कवरी की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमें नेत्रहीन समुदाय के लिए और अधिक प्रभावी तथा रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करेगा। सनद रहे कि इससे पूर्व दृष्टि बाधित व विशेष बच्चों के भविष्य संवारने की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की राज्य शाखा की सचिव शालिनी वत्स किमटा को हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें इस विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शालिनी वत्स किमटा ने बताया कि एनएबी हिमाचल प्रदेश को यह पुरस्कार छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा उपयोग किए गए एक अभिनव

# सेब मंडी सोलन में 2.49 करोड़ से बनेगा नया ऑक्शन प्लेटफॉर्म

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** कृषि एवं विपण समिति सोलन की सेब मंडी में जल्द नया ऑक्शन प्लेटफॉर्म बनने जा रहा है।

इसके लिए एपीएमसी ने अपनी औपचारिकता पूरी कर ली है। 2.49 करोड़ रुपए का एस्टीमेट बनाकर सरकार को भेज दिया गया है। अब हरी झंडी का इंतजार है। यदि सरकार से भी जल्द ही इस प्रोजेक्ट के लिए हरी झंडी मिली तो अगले वर्ष के सीजन में यहां तीसरा एक और बड़ा ऑक्शन प्लेटफॉर्म बनकर तैयार हो जाएगा। इसका सीधा फायदा बागवानों, आढ़तियों और व्यापारियों को मिलेगा। हालांकि सोलन सेब मंडी में फिलहाल दो बड़े ऑक्शन प्लेटफॉर्म बने हुए हैं, लेकिन यहां लगातार बढ़ती बागवानों की तादाद को देखते हुए अब एपीएमसी ने एक कदम आगे की सोचते हुए फिलहाल एक और ऑक्शन प्लेटफॉर्म बनाने का फैसला किया है। इसमें सैकड़ों की संख्या में आढ़ती दुकान ले सकेंगे। बता दें कि सोलन सेब मंडी में जिला सोलन के अलावा सिरमौर, शिमला, किन्नौर का सेब भी बड़ी मात्रा में पहुंचता है। अगस्त महीने में महीने से तो इतना रश बढ़ जाता है कि दो ऑक्शन प्लेटफॉर्म अब कम पड़ने लगे हैं। लिहाजा अब एक और बड़ा ऑक्शन प्लेटफॉर्म बनाने का फैसला किया गया है। एपीएमसी सोलन के अधिकारियों की मानें तो सोलन सेब मंडी पर बागवानों, आढ़तियों और व्यापारियों का पूरा करने के लिए 2.49 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। यह एस्टीमेट सरकार को भेजा जाएगा। मंजूरी के बाद टेंडर लगेंगे और काम शुरू हो जाएगा।


सब्जी मंडी सोलन। (फाइल फोटो)

### पार्किंग व ऑफिस बनाने की योजना

**एपीएमसी** सेब मंडी के अलावा सब्जी मंडी के पास पड़ी खाली जमीन का भी अब यूटिलाइजेशन करने जा रही है। मंडी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां दो मंजिला बिल्डिंग बनाने की योजना है। जिसमें पहले फ्लोर में पार्किंग तो वहीं दूसरे फ्लोर में ऑफिस बनाने पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इससे जहां एक तरफ यहां पार्किंग की समस्या खत्म होगी। वहीं दूसरी तरफ ऑफिस निर्माण होने से इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी होगी। सूचना है कि आने वाले दिनों में अध्यक्ष के ऑफिस को भी नई बिल्डिंग में ही शिफ्ट किया जा सकता है।

### लिफ्ट लगाने की भी योजना

**करीब** चार मंजिला सब्जी मंडी में फिलहाल लिफ्ट की सुविधा नहीं है। यहां लोगों को ऊपर-नीचे उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर बुजुर्ग लोग सबसे अधिक परेशान होते हैं। जब इलेक्शन का टाइम होता है यहां कई बार बूथ भी बनाया गया है। इस समय विकलांग और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब एपीएमसी सोलन ने यहां लिफ्ट लगाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया है ताकि लोगों को आने वाले दिनों में आसानी हो सके।

"**सेब** मंडी में बागवानों की संख्या बढ़ती जा रही है। दूर-दूर से बागवान यहां पैदावार बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। लिहाजा यहां इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बदलाव करने की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए एक और ऑक्शन प्लेटफॉर्म बनाने का फैसला किया गया है।

**राघव सूद, सेक्रेटरी, एपीएमसी, सोलन।**

## सोलन के ठोडो ग्राउंड पर व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**सरकार सहित सभी पक्षों को भेजा नोटिस**

अनंत ज्ञान, सोलन

ऐतिहासिक ठोडो ग्राउंड पर लगातार हो रही व्यावसायिक और लाभ कमाने वाली गतिविधियों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर हिमाचल हाईकोर्ट ने मंगलवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया।

कोर्ट ने राज्य सरकार सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए 29 दिसंबर, 2025 को अगली सुनवाई तय की है। याचिकाकर्ता कुशाल जठो व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर ठाकुर ने दलील दी कि ठोडो ग्राउंड लंबे समय से सोलनवासियों के लिए खेल, सुबह की सैर, योग के साथ-साथ सामुदायिक कार्यक्रमों का प्रमुख स्थान रहा है। लगभग 0-64-60 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह ग्राउंड आवासीय क्षेत्रों, स्कूलों, निजी व सरकारी अस्पतालों और अन्य संवेदनशील संस्थानों से घिरा हुआ है, ऐसे में यहां लगातार मेले, फेयर, एग्जीबिशन व अन्य वाणिज्यिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्थानीय लोगों को शोर व अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया है कि प्रशासन पिछले कुछ समय से इस ग्राउंड का उपयोग लगातार लाभ कमाने वाले आयोजनों के लिए कर रहा है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट का ध्यान 25 सितंबर, 2023 को दिए गए एक परमिशन लेटर की ओर आकर्षित किया। इसमें सरकार ने डायनेमिक इंडिया युवा मंडल, सोलन को आठ दिनों के लिए 50,000 रुपए किराये पर आयोजन की अनुमति दी थी। याचिका अनुसार यह एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से हो रहे हैं। अगली सुनवाई 29 दिसंबर 2025 को होगी।



## कल्याणकारी योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी: विनय कुमार


उपमंडल स्तरीय विकासात्मक कार्यों व शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित।

अनंत ज्ञान, राजगढ़/ नाहन

विधानसभा क्षेत्र पच्छाद के उपमंडल राजगढ़ में हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय विकासात्मक कार्यों तथा शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कांग्रेस नेत्री दयाल प्यारी, एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर, डीएसपी राजगढ़ विद्या चंद नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी, कार्यकारी खंड विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, समिति के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। विधानसभा उपाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याणार्थ अनेक कल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रम चला रखे हैं, उन्हें पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। सरकार लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी शिकायतों का घर-द्वार पर निवारण किया जा रहा है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, वन विभाग सहित क्रमवार सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं तथा किए गए कार्य से अवगत कराया गया। बैठक में शिकायत निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं व सुझावों को बैठक अध्यक्ष विनय कुमार के समक्ष रखा, जिस पर संज्ञान लेते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन व निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। विभाग और जनता के समन्वय से कार्य निर्बाध रूप से जल्द पूर्ण हो सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाप-बेटे को यूपी के बहराइच में ढूंढ निकाला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने सोलन के टैंक रोड से लापता हुए नेपाली मूल के व्यक्ति को तीन वर्षीय बच्चे के साथ यूपी के बहराइच में ढूंढ निकाला। जानकारी के मुताबिक पूनम पत्नी चांद निवासी नेपाल हाल रिहायिश टैंक रोड सोलन तह. व जिला सोलन ने पुलिस थाना सदर सोलन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर को इनके पति चांद पुत्र दल बहादुर निवासी नेपाल हाल रिहायशी टैंक रोड सोलन उम्र 28 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं, जो अपने साथ बेटे जिसका नाम सारांश जिसकी उम्र 3 वर्ष है, उसको भी अपने साथ ले गए। इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस थाना सदर सोलन द्वारा उक्त गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए समस्त थाना, चौकी, पड़ोसी राज्यों में गुमशुदगी के बारे में सूचित किया गया था तथा गुम हुए व्यक्ति की तलाश पुलिस टीम द्वारा शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा उक्त गुम हुए व्यक्ति की तकनीकी जांच व साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर उसे नेपाल बार्डर के पास ट्रेस किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा गुम हुए व्यक्ति चांद पुत्र दल बहादुर निवासी नेपाल हाल रिहायिश टैंक रोड सोलन उम्र 28 वर्ष को बच्चे सहित उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रूपेडिया से बरामद कर लिया गया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### छात्र 7.39 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पुलिस की एसआईयू की टीम, जब सोलन शहर में गशत व नाकाबंदी पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक अंश अरोड़ा नमक युवक जो निजी यूनिवर्सिटी में पढ़ता है और जीरो प्वांइट ओछघाट के समीप एक मकान में किराये के कमरा में रहता है, जो उपरोक्त युवक काफी समय से यूनिवर्सिटी व आसपास के शिक्षण संस्थानों में छात्रों को चिट्टा/हेरोइन बेचने का काम कर रहा है। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए उक्त किराये के कमरे में दबिश देकर उक्त कमरे में रह रहे युवक, जिसका नाम व पता अंश अरोड़ा पुत्र पवन अरोड़ा निवासी एमसी कॉलोनी फतेहबाद तहसील व जिला फतेहबाद हरियाणा उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 7.39 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। इस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर सोलन में पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी अंश अरोड़ा पुत्र पवन अरोड़ा निवासी एमसी कॉलोनी फतेहबाद तहसील व जिला फतेहबाद हरियाणा उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसे नयायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### कांग्रेस सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी महिला मोर्चा की परिचय बैठक मोर्चा अध्यक्षा प्रिया कंपोज की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला महिला मोर्चा सोलन की अध्यक्षा दर्पणा ठाकुर व जिला महामंत्री विशाखा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर 10 सक्रिय महिलाओं की भर्ती करके उन्हें भाजपा की मजबूत विचारधारा से जोड़ा जाएगा, ताकि महिला मोर्चा की शक्ति को जमीनी स्तर पर और व्यापक बनाया जा सके। महिला मोर्चा ने बिहार चुनाव में महिलाओं की अभूतपूर्व भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि उसी ऊर्जा और संकल्प के साथ हिमाचल प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस सरकार के झूठे वादों और महिला-विरोधी नीतियों के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। बैठक में साफ कहा गया। 'कांग्रेस सरकार महिलाओं विरोधी सरकार है, और इसे हटाने का संकल्प आज सभी महिलाओं ने लिया है। आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रणनीति बनाई गई, ताकि पार्टी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जा सके और महिला शक्ति को संगठित रूप से सक्रिय किया जा सके।

### फूल चंद के परिवार को प्रदान की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की क्षेत्र में अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था लगातार जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंच कर समाज में मानवीयता व अपनत्व की मिसाल पेश कर रही है। संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी बेसहारा भूखा या बिना सहारे के न रहे। इसी कड़ी में संस्था उन परिवारों तक पहुंच रही है, जिनका एकमात्र कमाने वाला सदस्य अब इस दुनिया में नहीं रहा। इसी क्रम में दाड़लाघाट की रौड़ी पंचायत के जाबलू गांव निवासी स्वर्गीय फूल चंद (पुत्र देवी राम) के परिवार को संस्था ने आर्थिक सहायता प्रदान की। स्व. फूल चंद काफी समय से शिमला आईजीएमसी में उपचाराधीन थे और कुछ समय पहले उनका निधन हो गया। इससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी माता पहले से ही गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें लगातार ऑक्सीजन की आवश्यकता रहती है। घर में उनके असमय चले जाने से पत्नी और दो छोटे बच्चों पर भी संकट गहरा गया। स्थिति को देखते हुए अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था की टीम दाड़लाघाट के जाबलू पहुंची, जहां उन्होंने परिवार से कुशलक्षेम पूछा और 11,000 रुपए की फौरी राहत राशि प्रदान की।

### सहकारी बैंकिंग को मजबूत बनाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के नव-गठित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की पहली बैठक बैंक के मुख्य कार्यालय में चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंक की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और सदस्य-केंद्रित बनाना रहा। शुरुआत में वरिष्ठ अधिकारियों ने नए निदेशकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिसमें निदेशकों ने संवैधानिक मूल्यों व सदस्यों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया। इसके बाद बोर्ड ने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा सहकारी बैंकिंग के विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इसी क्रम में नाबार्ड द्वारा 27 अक्तूबर से जारी बैंक का वैधानिक निरीक्षण 17 नवंबर को सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

### वरिष्ठ नेताओं ने संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता पार्टी दाड़लाघाट मंडल की संयुक्त मोर्चों की विशेष बैठक मंगलवार को झरने के पास मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा विभिन्न मोर्चों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पाल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रतिभा कंवर और किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मोर्चों के पदाधिकारियों का परिचय सत्र हुआ, जिसमें किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश्वर शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता ठाकुर, एस.सी. मोर्चा अध्यक्ष संत राम और युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश पूरी ने अपनी गतिविधियों व आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पाल ने कार्यकर्ताओं को नियमित समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन और मजबूत आपसी तालमेल के साथ भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## सीएम करेंगे करोड़ों की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास

अनंत ज्ञान, बद्दी


पत्रकारों से बातचीत करते हुए दून के विधायक राम कुमार चौधरी।

दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 नवंबर को दून के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह 350 करोड़ की योजनाओं के शिलान्यास व लोकापर्ण करेंगे। सीएम इस दौरान नए स्कूलों की घोषणाएं भी करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीड बेस पर यह स्कूल खोले जा रहे हैं।

इसकी पहले सरकार को रिपोर्ट भेजी गई थी और सरकार ने माना कि यहां पर स्कूल की जरूरत है, तभी इन स्कूलों को खोला गया है। वर्तमान में दून में 475 करोड़ के कार्य चल रहे हैं या पूरे हो चुके हैं। इसमें सौ करोड़ रुपए का बद्दी रामशहर वाया साई मार्ग, 38 करोड़ का मिनी सचिवालय, 36 करोड़ का बस अड्डा, 36 करोड़ का सीवरेज योजना, 66 करोड़ का शीतलपुर जगतपुर रोड़, 11 करोड़ के बिजली की लाईनों की मुरम्मत, 13 करोड़ में बद्दी व बरोटीवाला का भवन समेत दर्जनों कार्य शामिल हैं। विधायक ने कहा कि दिंसबर 2023 को सीएम का बद्दी में पहला दौरा था और अब यह दूसरा दौरा है। पहले दौरे के दौरान उन्होंने जो भी घोषणाएं की थी, वह पूरी हो गई हैं।

बद्दी में एसडीएम कार्यालय, बीएमओ कार्यालय, पट्टा में ब्लाक कार्यालय व बीईईओ कार्यालय खोलने उनकी कार्याकाल की उपलब्धि रही है। 2016 में पूर्व कांग्रेस सरकार के समय में स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने बद्दी में 50 बैड का अस्पताल खोलने की घोषणा की थी। उसके लिए सरकार ने बजट भी मुहैया कराया गया, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी पूर्व भाजपा सरकार इसे चालू नहीं कर पाई। करोड़ों रुपए की देनदारी ठेकेदार की थी, जिसे उन्होंने आने के बाद चुकाया। उन्होंने जो कार्य अपना कार्यकाल में छोड़े थे, वह वहीं पर ही रहे। उनका कोई भी काम आगे नहीं बढ़ा और अब उन्होंने आने के बाद कार्यों को पूरा कराया है। बद्दी अस्पताल को दर्जा बढ़ा कर वह 100 बैड का कराने वाले है। राम कुमार चौधरी ने बताया कि सांसद यहां पर आकर खाली भाषण बाजी करते हैं, लेकिन फोरलेन के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने इसके लिए धरना-प्रदर्शन दिया और हर रोज मार्ग के रिपेयर की अपडेट लेते हैं, जिससे अब यह चलने लायक हुआ है। अभी भी कई प्वाईंट पर मार्ग की रिपेयर होना बाकी है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सोलन में निकाला जाएगा एकता मार्च

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला प्रशासन और मेरा युवा भारत के अधिकारियों ने सरदार पटेल 150वीं यूनिटी मार्च के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अधिकारियों ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक जिले में प्रस्तावित पद यात्रा मुख्य आकर्षण हैं। जिला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलन जिले में यह पद यात्रा 20 नवंबर को प्रात: 9 बजे पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित पुराने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से आरंभ होकर सपून चौक में सम्पन्न होगी। इस अवसर पर लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, छात्रों और युवाओं के सहयोग से यह आयोजन व्यापक पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। एनएसएस, एनसीसी और भारत स्काउट व गाइड से जुड़े विद्यार्थियों को अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता में एपीए सुरेंद्र शर्मा और विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि यह यात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और युवा शक्ति के प्रदर्शन का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि आयोजन में लेखराज कौशिक (रेडक्रॉस सोसायटी, सोलन) का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि सोलन में कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात एकता यात्रा क्रमश: कसौली, फिर सराहां (सिरमौर) होते हुए पांवटा साहिब पहुंचेगी, जहां अंतिम समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। पांवटा साहिब में समापन कार्यक्रम के मुख्यातिथि सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, तथा विधायक रीना कश्यप होंगे।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पट्टा मेहलोग में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एकदिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में 18 बच्चों ने भाग लिया। पंजाब के मौहाली की संस्था अलिमको ने डाईट सोलन के सहयोग से यह शिविर लगाया। बीईपीओ पार्वती नेगी ने बताया कि शिविर में आंखों की समस्या, कम सुनने वाले, मांस पेशियों की विकलांगता समेत अन्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जांच की गई। डॉ. मधुर शर्मा व डॉ. सोनाली सिंह ने इन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जांच की। जल्द ही संस्था की ओर से इन्हें उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य मोनिका वर्मा, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पार्वती नेगी, सहायक लेखाकार पवना कुमारी, डॉ. मधुर शर्मा, डॉ. सोनाली सिंह, तकनीशियन अमित, डाटा आपरेटर लक्ष्य, एजुकेटर रंजना शर्मा व ललिता उपस्थित रही।

## विनय कुमार बताएं गाताधार आकर कौन सी जनसमस्याएं सुनीं: रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से सवाल करते हुए पूछा है कि अपने गाताधार आकर कौनसी जनसमस्याएं सुनीं।

पंचायत में पिछले ढाई सालों से पंचायत सचिव नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाताधार में पिछले दो साल से चिकित्सक नहीं है और उपस्वास्थ्य केंद्र सागंना में भी पिछले कई सालों से ताला लटका हुआ है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन में पिछले दो सालों से प्रधानाचार्य का पद खाली है और अध्यापकों के भी बहुत सारे पद खाली हैं। इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडवाच गाताधार में भी प्रधानाचार्य का पद पिछले दो वर्षों से खाली है और अध्यापकों के भी बहुत सारे पद खाली है। इतना ही नहीं राजकीय प्राथमिक पाठशाला अवाठा राजकीय प्राथमिक पाठशाला निचला गाता व राजकीय प्राथमिक पाठशाला चिंयाडो भी एक ही अध्यापक के सहारे चल रहे हैं।

भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने बताया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है, तब से ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन सड़क संपर्क मार्ग भी यातायात के लिए बंद है। जबकि इस सड़क संपर्क मार्ग को बहाल करने के लिए हम लोग लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी मिले थे लेकिन उसके उपरांत भी यह सड़क संपर्क मार्ग यातायात के लिए आज भी बंद पड़ा है। स्थानीय सार निवासी आज भी अपनी नगदी फसले तीन किलोमीटर दूर मैन सड़क सागंना तक पीठ पर ढोकर ला रहे हैं फिर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार कौनसी जन समस्याएं सुनने की बात कर रहे गाताधार क्षेत्र की जनता उनसे जानना चाहती है।

## 1.584 किलो चरस सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई में पुलिस ने नशे का करोबार चला रहे लोगों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर, रोनहाट की तरफ से आ रही एक गाड़ी की तालाशी के दौरान 1.584 किलो चरस पकड़ी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर शिलाई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ने बताया कि पुलिस स्टेशन शिलाई की टीम ने गस्त के दौरान मुकाम फेडूवाला (शिलाई) के पास रोनहाट की तरफ से आ रही गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका। डीएसपी ने बताया कि गाड़ी में तुला राम पुत्र गीता राम चालक उम्र 28 साल, रामचंद्र पुत्र गुमान सिंह उम्र 34 साल निवासी गांव बिंदला डा., मिल्ला तहसील शिलाई सवार थे। पुलिस टीम ने रामचंद्र के पास रखे एक बैग को चेक किया, जिसके अंदर 1.584 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना शिलाई में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## पुलिस नशे की रोकथाम के लिए कर रही सराहनीय कार्य: सोलंकी

अनंत ज्ञान, नाहन



पुलिस विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अजय सोलंकी।

जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी मुख्यातिथि के रूप में तथा उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा विशिष्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यातिथि अजय सोलंकी ने पुलिस विभाग द्वारा नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और कहा कि युवा किसी भी देश की रीढ़ होते हैं, इसलिए उन्हें मादक द्रव्यों के सेवन से दूर रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं को पीट एनडीपीएस अधिनियम 1988 की जानकारी देते हुए नशे के विरुद्ध सतर्क रहने तथा नशे की चपेट में आए लोगों की परामर्श व सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि जिला सिरमौर में प्रशासन और पुलिस द्वारा जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए नशा उन्मूलन से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। विशिष्टातिथि उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है और प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों द्वारा नशा मुक्त हिमाचल अभियान को जिला सिरमौर में प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने नशा विरोधी अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि जागरूकता ही नशे की रोकथाम का सबसे सशक्त साधन है। इसी उद्देश्य से यह जागरूकता कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी गुन्नूघाट सुरेश मेहता ने नशा विरोधी संदेश प्रस्तुत किया। इसके पश्चात हिमाचल पुलिस बैंड हारमनी ऑफ पाईनस ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों और स्कूली विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

**योजना** राजेश धर्माणी ने जामन की सैर तथा सुरला जनोट गांव का किया दौरा

## सैटेलाइट टाउनशिप की संभावनाएं जांची

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान


पच्छाद के घिन्नी घाड़ क्षेत्र में दौरे के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

**नाहन।** नगर व ग्राम योजना, आवास तथा तकनीकी शिक्षा राजेश धर्माणी ने गत सायं जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के अंतर्गत घिन्नी घाड़ क्षेत्र में सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए जामन की सैर तथा सुरला जनोट गांव का दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमुडा सुरेंद्र वशिष्ट, निदेशक प्रदीप सुर्या, अधिशाषी अभियंता कुशल शर्मा, तहसीलदार पच्छाद प्रवीन कुमार तथा नायब तहसीलदार रहीस अहमद के अतिरिक्त राजस्व तथा विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर व ग्राम योजना मंत्री ने बताया कि चंडीगढ़ तथा पंचकूला की तर्ज पर हिमाचल में भी सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजना है, जिसके लिए पच्छाद उप मंडल के हरियाणा राज्य के साथ लगते क्षेत्र में इसकी संभावनाओं को तलाशा जाएगा, जिससे प्रदेश के लोगों को बेहतर हाउसिंग सुविधा में साथ-2 इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी तथा इस पिछडे क्षेत्र के उत्थान तथा यहां के लोगों को रोजगार के साधन भी सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप विकसित करने के लिए इस क्षेत्र के भू-मालिकों से स्वेच्छा से भूमि ली जाएगी। लवासा चौकी से महलप्रीत नगर तक हरियाणा राज्य के साथ लगते क्षेत्र में इस परियोजना की संभावना को तलाशा जाएगा। सुरला जनोट राजस्व गांव में 148 बीघा राजस्व भूमि उपलब्ध है। सुरला जनोट से हरियाणा राज्य की मोरनी हिल्स के गांव धमेशा गांव की दूरी मात्र 4 किलोमीटर है तथा वहां से पंचकूला वाया बड़ी सैर की दूरी 36 किलोमीटर है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द ही यहां सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए जमीन के ततीमा तथा जमाबंदी का कार्य करें तथा उसे सरकार को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री दयाल प्यारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जनता के मुद्दों पर जमीनी स्तर पर काम जारी: उदय

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** आम आदमी पार्टी दून विधानसभा क्षेत्र की बैठक पर्यवेक्षक सोलन जिला आम आदमी पार्टी उदय डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विशेष रूप से जिला अध्यक्ष जतिन मुसाफिर, उपाध्यक्ष रणवीर मंढोत्रा, उपाध्यक्ष चेतन कुमार, उपाध्यक्ष अनुराधा, सचिव अशोक चंदेल, को-ऑर्डिनेटर अर्की रीता ठाकुर, को-ऑर्डिनेटर सोलन सुशील पंवर, वरिष्ठ कार्यकर्ता बीएल गाजटा , नरेंद्र तोमर व अन्य ने भाग लिया। बैठक में दून विधानसभा का चुनाव सर्वसमिति से किया गया, जिसमें पूर्व प्रत्याशी स्वर्ण सिंह सैनी, राजेश तोमर, गुरदयाल, सोनू पंडित, इंदरपाल धीमान, हेमा तोमर, सुमित्रा आदि ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक उदय डोगरा ने कहा कि दून क्षेत्र की जनता बेहतर शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छ राजनीति और सशक्त स्थानीय प्रशासन की अपेक्षा रखती है। आप इन सभी मुद्दों को लेकर जमीनी स्तर पर काम कर रही है और आने वाले दिनों में जनता तक सीधे पहुंच बढ़ाई जाएगी।

## हब्बी मान सिंह कलाकेंद्र में जिलास्तरीय युवा महोत्सव

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान



**राजगढ़।** सांस्कृतिक सरोकारों से संबद्ध सिरमौर जिले के राजकीय महाविद्यालय पझौता व आसरा संस्था जालग के संयुक्त तत्वावधान में जालग स्थित हब्बी मान सिंह कलाकेंद्र में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का सफल व भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान अनेक आकर्षक व सृजनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, कोलाज, नारा लेखन, कढ़ाई, निबंध लेखन, कार्टूनिंग, माटी की गंध: लोक संस्कृति परख लेख लेखन प्रतियोगिता तथा युवा संवाद शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कला, ज्ञान, विवेक, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना तथा युवाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। महोत्सव के दौरान निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल आयोजन बताया। उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश निदेशालय उच्च शिक्षा के ओएसडी डॉ. गोपाल कृष्ण संघाइक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की राह पर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। जानी-मानी समाजसेवी डॉक्टर कल्पना संघाइक उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहीं, जिन्होंने महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में जागरूकता पर उद्बोधन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब बचाओ मोर्चा की लड़ाई को दोआबी का साथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मिस्ल मिसल शहीदा तरन दल के चेयरमैन सरदार भगत सिंह दोआबी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब बचाओ मोर्चा और इसके अध्यक्ष तेजस्वी मिन्हास को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मोर्चा पंजाब में हो रहे अवैध धार्मिक कन्वर्जन के गंभीर मुद्दे को उठाकर समाज और प्रशासन को वास्तविकता से अवगत करा रहा है। दोआबी ने बताया कि तथाकथित 'पादरी' जादू, चमत्कार, धोखे और लालच के सहारे मासूम लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, जबकि मोर्चा के बयान और प्रेस कॉन्फ्रेंस पंजाब की ज़मीनी हकीकतों पर आधारित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बजिंदर सिंह जैसे लोग दुष्कर्म के दोषी हैं और उन्हें 'पादरी' कहना स्वयं इस शब्द का अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि अंकुर नरूला ने बाइबल पर केक काटकर उसकी बेअदबी की थी और वह भी जल्द कानून के दायरे में आएगा। दोआबी ने दावा किया कि ये सभी 'फर्जी पास्टर' बिना किसी प्रमाण, प्रशिक्षण या नियमन के काम कर रहे हैं और धार्मिक ढांचे को अपने व्यावसायिक हितों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ईसाई धर्म कभी भी 'तत्काल चमत्कारी इलाज' का समर्थन नहीं करता, जबकि ये डेरे बीमार और सीधे-सादे लोगों से भारी धनराशि ऐंठने के लिए ऐसे झूठे दावे कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भगत सिंह दोआबी ने कहा कि पंजाब बचाओ मोर्चा की मुहिम न केवल समय की मांग है बल्कि समाज को अंधविश्वास, पाखंड और धोखाधड़ी से मुक्त कराने की दिशा में निर्णायक कदम भी है।

### बिना पूर्व सूचना पेंशन वसूली पर हाईकोर्ट की रोक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पेंशनरों को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि अधिक भुगतान या किसी भी अन्य कारण का हवाला देकर पेंशन से बिना पूर्व सूचना, सहमति और नोटिस के कटौती न केवल अवैध हैं, बल्कि यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन भी है। कोर्ट ने रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को आदेश दिया है कि वह सभी बैंकों को स्पष्ट निर्देश जारी करे कि वे पेंशन खातों से एकतरफा या अचानक कटौती न करें। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनकी पेंशन खाते से पंजाब नेशनल बैंक ने बिना किसी पूर्व सूचना के 6,63,688 रुपए काट लिए। बैंक ने इसे अधिक पेंशन की वसूली बताया था। जस्टिस हरप्रीत बराड़ ने सुनवाई के दौरान कहा कि पेंशन एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के जीवन की अंतिम अवस्था में उसकी आर्थिक सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। अचानक की गई कटौतियां न केवल उसकी योजनाओं को तहस-नहस कर देती है। अधिकांश पेंशनर्स चिकित्सा, दवाइयों और दैनिक जरूरतों के लिए पूर्णतः पेंशन पर ही निर्भर रहते हैं और ऐसे में बिना सूचना की गई सूली उनके बुनियादी जीवन स्तर को प्रभावित कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि पेंशनर को न कोई नोटिस दिया गया और न ही कोई स्पष्टीकरण मांगा गया। यह सुनवाई का अवसर देने के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन है। आरबीआई की मास्टर सर्कुलर का हवाला देते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि बैंक केवल उन मामलों में ही सरकार को राशि लौटाने के लिए बाध्य है जब गलती बैंक की हो। लेकिन यदि गलती सरकारी विभाग की है, तो बैंक पेंशन खाते से एकतरफा धनराशि नहीं काट सकता। हाईकोर्ट ने कटौती को अवैध घोषित किया और बैंक और संबंधित विभाग को आदेश दिया कि वे पूरी राशि पेंशनर को 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस करें।

### सीईटी का रिजल्ट जल्द जारी किया जाए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने राज्य सरकार पर भर्ती प्रक्रिया में लापरवाही और देरी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह अव्यवस्था प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा को हुए करीब साढ़े तीन महीने बीत चुके हैं लेकिन अब तक परिणाम जारी नहीं किया गया। इससे लाखों अभ्यर्थी असमंजस और चिंता से घिरे हुए हैं। उन्होंने जल्द सीईटी का रिजल्ट जारी करने की मांग उठाई। दिग्विजय ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले एक साल में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) एक भी नई भर्ती पूरी नहीं कर पाया है। न भर्ती कैलेंडर जारी हुआ और न सिलेबस तय हो पाया। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में देरी अब स्थायी समस्या बन गई है। सरकार की सुस्त कार्यशैली के कारण युवा इंतजार, अनिश्चितता और मानसिक तनाव में जीने को मजबूर हैं।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, कार्यों से होंगी नई पीढ़ियां प्रेरित : मुख्यमंत्री सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वालों का जब भी जिक्र होता है, तो श्री गुरु तेग बहादुर जी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है।

उनके जीवन और कार्यों से नई पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए 350वें बलिदान वर्ष को पूरे राज्य में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुनानगर के कलेसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके नाम पर वन, वन्य जीव व जैव विविधता संरक्षण ब्लॉक का उद्घाटन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी वन एवं वन्य जीव संरक्षण ब्लॉक में विद्यार्थियों के साथ 350 पौधे लगाए और इस राष्ट्रीय उद्यान में सफारी ट्रेल का शुभारंभ और श्री गुरु तेग बहादुर जी द्वार का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने एआई आधारित मॉनिटरिंग टावर, ट्री कैनोपी वॉक और तीन स्तरीय वॉच टावरों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने यमुनानगर के प्रतापनगर, किशनपुरा के 45 एकड़ में बनने वाले



कृषि महाविद्यालय का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने तथा यमुनानगर कपालमोचन सड़क बाईपास की फिजिबलिटी चैक कर उसके निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेसर की इस हरी-भरी धरा पर एक असीम ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं, जिसमें यह ब्लॉक, प्रकृति, आध्यात्मिकता और मानवीय मूल्यों के संगम का प्रतीक बनेगा। उन्होंने हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी को शीश झुकाकर नमन किया। उन्होंने कहा कि यह वन प्रदेश के वन संरक्षण और जैव विविधता के संवर्धन में मील का पत्थर साबित होगा, जो श्री गुरु तेग बहादुर जी के पर्यावरण के प्रति प्रेम की विरासत को आगे बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंद की चादर नववें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी त्याग, करुणा साहस की मिसाल हैं। उन्होंने दुनिया को सिखाया है कि सच्ची शक्ति दूसरों की रक्षा में छिपी होती है। सच्चा धर्म वही है, जिसमें प्रकृति, प्राण और मनुष्य तीनों के प्रति समान प्रेम हो। प्रकृति उनके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा है। शांत जल की गहराई, घने पेड़ों की विनम्रता और पर्वतों जैसी दृढ़ता श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन में झलकती है। इसलिए, आज कलेसर में गुरुजी के नाम पर यह वन, वन्य जीव एवं जैव विविधता संरक्षण ब्लॉक स्थापित होना, उनकी शिक्षाओं का जीवंत रूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वन, शिक्षा, साधना और लोक कल्याण के केंद्र रहे हैं। आश्रम परंपरा, गुरु परंपरा, इन सबका आधार प्रकृति ही रही है। सिख इतिहास में भी कई ऐसे वृक्ष जुड़े हैं, जो गुरुजी के जीवन से संबंध रखते हैं। इनमें दुखभंजन बेरी वृक्ष तो संकट के समय शांति और आश्रय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर, हमें चुनौतियों से निपटने के लिए स्वच्छता, पौधारोपण और जीव संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। इसलिए राज्य में वनों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के हर कोने को हरा-भरा बनाने का लक्ष्य है। हम केवल पेड़ नहीं लगा रहे, बल्कि जीवन लगा रहे हैं, जो हवा को शुद्ध करने वाले फिल्टर का काम करेंगें। हम उन जड़ों को मजबूत कर रहे हैं, जो हमारी धरती को बांधकर रखती हैं और उसे बंजर होने से बचाती हैं।

## हार्ट प्रॉब्लम व कैंसर के बाद सीओपीडी दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा किलर : डॉ. हितेश गौड़



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पार्क हॉस्पिटल, मोहाली के डॉक्टरों की टीम, पल्मोनोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. हितेश गौड़, इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. क्षितिज वशिष्ठ, डॉ. गुरसेवक सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार शामिल ने मंगलवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के बारे में फैक्ट्स और मिथ शेयर कीं।

पार्क हॉस्पिटल्स नॉर्थ इंडिया का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नेटवर्क है, जिसमें 19 हॉस्पिटल, 3500 बेड, 800 आईसीयू बेड, 14 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ओटी और 1000 से ज्यादा डॉक्टर हैं। पल्मोनोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. हितेश गौड़ ने कहा, सीओपीडी दुनिया भर में हार्ट की समस्याओं और कैंसर के बाद तीसरा सबसे बड़ा किलर है। बहुत से लोग सांस फूलने और खांसी को बढ़ती उम्र का नॉर्मल हिस्सा समझ लेते हैं। बीमारी के शुरुआती स्टेज में, किसी को इसके लक्षण पता नहीं चल पाते। डॉ. गौड़ ने आगे कहा कि सीओपीडी कई सालों तक बिना सांस की तकलीफ के हो सकता है। बीमारी की ज्यादा गंभीर स्टेज में आपको इसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीओपीडी फेफड़ों की बीमारी का एक बढ़ता हुआ रूप है, जो हल्का से लेकर गंभीर तक हो सकता है। इसकी पहचान फेफड़ों में हवा के अंदर और बाहर जाने में रुकावट से होती है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है, डॉ. गौड़ ने बताया। इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. क्षितिज वशिष्ठ ने कहा कि भारत में लगभग 63 मिलियन लोग सीओपीडी से पीड़ित हैं, जो दुनिया की सीओपीडी आबादी का लगभग 32 फीसदी है।

## यूटी सचिवालय में मुख्य सचिव ने दिलाई 'नशा मुक्त भारत' की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन आज यूटी सचिवालय, चंडीगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अमृतसर में आयोजित राष्ट्रीय समापन समारोह के साथ संयुक्त रूप से आयोजित हुआ।

अमृतसर से प्रसारित राष्ट्रीय कार्यक्रम, जो मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। इसका सीधा प्रसारण यूटी सचिवालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रधानमंत्री का विशेष संदेश मंत्रालय के एक अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया तथा लाइव प्रसारित किया गया। यूटी सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में राजेश एच प्रसाद, मुख्य सचिव; मनदीप सिंह ब्रार, सचिव गृह; दिप्रवा लकड़ा, सचिव वित्त; प्रेरणा पुरी, सचिव शिक्षा; सचिव आईटी सुश्री अनुराधा चगटी, सचिव सामाजिक कल्याण; सहित चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नशा मुक्त भारत के निर्माण की शपथ मुख्य सचिव राजेश एच प्रसाद द्वारा दिलाई गई, जिसमें नशा विरोधी जन-भागीदारी को और सुदृढ़ करने तथा समाज को अधिक सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम में यूटी प्रशासन के 100 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। इसके साथ माहभर चली जागरूकता गतिविधियों का प्रभावी समापन हुआ। 1 अगस्त से 18 नवंबर, 2025 के बीच चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कुल 292 जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## शहीदी नगर कीर्तन में उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिंद की चादर, नौंवी पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाले जा रही ऐतिहासिक शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का मंगलवार प्रातः गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से शुभारंभ हुआ। नगर कीर्तन आरंभ होने से पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा परिसर में अरदास हुई और पंज प्यारों की अगुवाई व धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्र-छाया में नगर कीर्तन निकाल गया। इस मौके पर हरियाणा के उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नगाड़े बजाते हुए संगत के साथ बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों का उद्घोष किया। नगर कीर्तन को लेकर छावनी के सभी रास्तों को सजाया गया था। इस दौरान युवाओं की गतका पार्टी व बैंड आकर्षण का केंद्र रहे।

## विश्व डायबिटीज दिवस पर पंचकूला में मुफ्त हेल्थ कैंप

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



विश्व डायबिटीज दिवस पर पारस हेल्थ पंचकूला द्वारा आयोजित मुफ्त डायबिटीज हेल्थ कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

कैंप का उद्देश्य डायबिटीज की रोकथाम, जल्दी पहचान और लंबे समय तक होने वाले कॉम्प्लिकेशन से बचाव पर जागरूकता फैलाना था। पारस हेल्थ के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि डायबिटीज धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है। अक्सर लोग लक्षण न होने की वजह से जांच नहीं कराते, जबकि समय पर जांच और जीवनशैली में छोटे बदलाव बड़े कॉम्प्लिकेशन से बचा सकते हैं। हमारा उद्देश्य लोगों में झिझक दूर कर नियमित स्वास्थ्य जांच को आदत बनाना है। एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) नरेंद्र कोटवाल ने कहा कि देर से पहचान होने पर नसों, किडनी और आंखों पर असर बढ़ जाता है। 'नियमित स्क्रीनिंग से जोखिम को बहुत पहले पहचानना संभव है और 60-70 फीसदी कॉम्प्लिकेशन रोके जा सकते हैं, उन्होंने कहा। युवाओं में बढ़ती डायबिटीज पर डॉ. गौरव पालिखे, एसोसिएट डायरेक्टर (एंडोक्रिनोलॉजी), ने चिंता जताई। उन्होंने बताया कि 25-35 वर्ष के युवाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस तेज़ी से बढ़ रहा है, जो तनाव, अनियमित दिनचर्या और अधिक कैलोरी वाले भोजन का नतीजा है। पारस हेल्थ ने कहा कि आगे भी ऐसे समुदाय-केंद्रित हेल्थ कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर जांच करा सकें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों। कैंप में प्रतिभागियों को मुफ्त ब्लड शुगर टेस्ट, डायबिटिक फुट चेक-अप, पर्सनलाइज्ड डाइट सलाह दी गई। साथ ही बीएमआई चेक, बॉडी कंपोजिशन टेस्ट और डेक्सा स्कैन पर विशेष छूट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में हेल्थ टॉक, डायबिटीज़ क्विज और गिफ्ट वितरण भी किया गया।

# देश-विदेश

## ताइवान को लेकर चीन और जापान के बीच भारी तनाव

**एजेंसी, बीजिंग/टोक्यो**

**जापानी** प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान पर दिए बयान से चीन और जापान के बीच तनाव बढ़ गया है। दरअसल साने ताकाइची ने 7 नवंबर को कहा था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा।

**जापानी पीएम बोलीं- हमला हुआ तो सेना भेजेंगे**

चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया, जब ओसाका में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। बिगड़ते माहौल के बीच, रविवार को चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे। इसके बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने उन्हें इलाके से बाहर किया था। अमेरिका ने क्लियर किया कि जापान-अमेरिका सुरक्षा समझौते के तहत अगर इन द्वीपों पर हमला होता है, तो अमेरिका जापान की रक्षा करेगा। (अनंत ज्ञान)

## नाइजीरिया में बोर्डिंग स्कूल पर हमला, 25 छात्राएं की किडनैप

**एजेंसी, केब्बी।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजीरिया के केब्बी राज्य में सोमवार सुबह हथियारबंद गुंडों ने एक बोर्डिंग स्कूल पर हमला कर दिया। हमलावर कई हथियारों के साथ आए, पहले एक शिक्षक और गार्ड को मार डाला, फिर गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर 25 छात्राओं को अगवा कर लिया। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। पुलिस ने बताया कि अभी तक एक मौत की पुष्टि हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि दो लोग मारे गए। अभी किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ये अपहरणकर्ता फिरौती के लिए काम करने वाले स्थानीय गिरोह के बताए जा रहे हैं। पुलिस व सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## फांसी की सजा भी कम, अब शेख हसीना को सौंपे भारत

### छात्र लीडर बोले- कत्लेआम में दोस्त खोए, अब इंसाफ मिला

**एजेंसी, ढाका**

**छात्र** आंदोलन का हिस्सा रहे स्टूडेंट लीडर फैसले से खुश हैं। हालांकि, उनका मानना है कि जुलाई-अगस्त 2024 में शेख हसीना के आदेश पर प्रदर्शन के दौरान हुए कत्लेआम के लिए फांसी की सजा भी कम है। वे भारत से हसीना को सौंपने की मांग कर रहे हैं। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना ने पद से इस्तीफा देकर बांग्लादेश छोड़ दिया था। पिछले 15 महीनों से वे दिल्ली के एक सेफ हाउस में रह रही हैं। उन्होंने कहा कि हसीना को फांसी की सजा भी कम है। मुझे उम्मीद थी कि तीनों आरोपियों को सजा-ए-मौत होगी, लेकिन पूर्व आईजी पुलिस को सिर्फ 5 साल की सजा हुई। हमारी मांग है कि उन्हें कम से कम उम्रकैद की सजा दी जानी चाहिए। स्निग्धो बांग्लादेश में छात्र आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं। वे शेख हसीना के मामले में आए कोर्ट के फैसले से खुश नहीं है। 18 जुलाई 2024 को उनके भाई मीर महामुबुर रहमान मुग्धो की छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। तब से स्निग्धो भाई को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने फैसले की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## सोना 1.21 लाख प्रति 10 ग्राम पर आया, 3 दिन में दाम 5188 रुपए गिरे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सोना-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,558 रुपए गिरकर 1,21,366 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,22,924 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 3 कारोबारी दिनों में सोना 5,188 रुपए सस्ता हो चुका था। 13 नवंबर को सोना 1,26,554 रुपए पर था।

सोने के दाम में शुक्रवार और सोमवार को भी गिरावट रही थी। वहीं शनिवार और रविवार को बाजार बंद था। चांदी 3,083 रुपए गिरकर 1,51,850 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,54,933 प्रति किलोग्राम थी। वहीं 3 कारोबारी दिनों में चांदी का दाम 10,880 रुपए कम हो चुका है। बीते गुरुवार को ये 1,62,730 रुपए पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। (अनंत ज्ञान)

## ईरान ने भारतीय नागरिकों की वीजा-फ्री एंट्री पर लगाई रोक

**एजेंसी, तेहरान**


**ईरान** ने भारतीय नागरिकों की वीजा-फ्री एंट्री पर रोक लगा दी है। यह फैसला 22 नवंबर से लागू होगा। ईरान सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले महीनों में कई भारतीयों को फर्जी नौकरी, ट्रांजिट ट्रैवल, और मानव तस्करी के झांसे में फंसाकर देश में लाया गया और फिर उन्हें किडनैप किया गया। ईरान ने फरवरी 2024 में भारतीयों को बिना वीजा प्रवेश की सुविधा शुरू की थी। यह सुविधा सिर्फ टूरिज्म के लिए थी और हर छह महीने में 15 दिन तक रहने की छूट देती थी। हालांकि, इस दौरान कई मामलों में पाया गया कि कुछ एजेंट भारतीयों को नौकरी या यूरोप पहुंचाने के नाम पर ईरान बुला रहे थे। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने बयान जारी करके कहा कि अब से भारतीय नागरिकों को ईरान में एंट्री या ट्रांजिट के लिए वीजा लेना अनिवार्य होगा। भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि ईरान जाने की प्लानिंग कर रहे लोगों को अलर्ट रहना चाहिए। किसी भी एजेंट के वीजा-फ्री एंट्री या ट्रांजिट से दूसरे देश भेजने वाले दावों पर भरोसा न करें। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 277 और निफ्टी 103 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में 18 नवंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 277 अंक की गिरावट के साथ 84,673 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 103 अंक की गिरावट रही, ये 25,910 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में बढ़त रही। आज फाइनेंस, आईटी और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 2.21% और इंफोसिस का शेयर 1.33% गिरकर बंद हुआ।

जापान का निक्केई 3.22% नीचे 48,702 पर, कोरिया का कोस्पी 3.32% नीचे 3,953 पर और हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 1.72% नीचे 25,930 पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार में 17 नवंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.18% गिरकर 46,590 पर



बंद हुआ था। एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजी का आईपीओ 19 नवंबर को खुलेगा और 21 नवंबर को बंद होगा। यह बुक-बिल्ट इश्यू 500 करोड़ का है, जिसमें 1.50 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू 180 करोड़ का है। साथ ही, 2.67 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल 320 करोड़ का होगा। प्राइस बैंड 114 से 120 प्रति शेयर रखा गया है।

## वोटर लिस्ट रिवीजन: केरल के बाद तमिलनाडु में भी बायकॉट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केरल** में एसआईआर के विरोध में बीएलओ ने चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पश्चिम बंगाल के बाद केरल और तमिलनाडु में विरोध बढ़ता जा रहा है। तमिलनाडु के बीएलओ के साथ ही तहसीलदार लेवल तक के अधिकारियों ने बायकॉट का ऐलान किया है।

उधर, कांग्रेस ने 12 राज्यों में एसआईआर को लेकर बैठक की। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, संबंधित राज्यों के कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता तथा उन राज्यों के कांग्रेस कार्यसमिति सदस्यों सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठक में खड़गे ने कहा कि कांग्रेस वोटर लिस्ट पर की रक्षा करेगी। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कम हो रहा है, चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है। चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है। भाजपा वोट चोरी के लिए स्ढ्ढ, को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है,अगर चुनाव आयोग ने नजरअंदाज कर दिया, तो यह चुप्पी साध लेने जैसा होगा। (अनंत ज्ञान)

## सऊदी अरब को एफ-35 जेट्स बेचेगा अमेरिका

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका सऊदी अरब को एफ-35 फाइटर जेट्स बेचेगा। ये जेट्स दुनिया के सबसे एडवांस मिलिट्री विमान माने जाते हैं। ट्रम्प ने सऊदी अरब को ग्रेट पार्टनर बताया है। एक एफ-35 जेट की कीमत करीब 100 मिलियन डॉलर (करीब 900 करोड़ रुपए) है।

**एक विमान 900 करोड़ का मिडिल ईस्ट में यह सिर्फ इसराइल के पास**

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान व्हाइट हाउस आएंगे। सऊदी अरब कई सालों से स्न-35 विमान खरीदना चाह रहा है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में सिर्फ इसराइल के पास ही ये फाइटर जेट्स हैं। अमेरिकी संसद चाहे तो इस सौदे को रोक सकती है, लेकिन आम तौर पर ऐसा नहीं होता है। एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना में शामिल है। ये पेंटागन के इतिहास का सबसे महंगा विमान है। एफ-35 के 3 वैरिएंट्स हैं, जिनकी कीमत 700 करोड़ रुपए से शुरू होकर 944 करोड़ रुपए के बीच है। इसके अलावा एफ-35 को ऑपरेट करने के लिए हर घंटे 31.20 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आता है। प्रिंस सलमान आखिरी बार 2018 में अमेरिका गए थे। उनकी विजिट के कुछ महीनों बाद ही वॉशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या हो गई थी। इसके बाद प्रिंस सलमान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि बीते 7 सालों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति काफी बदल चुकी है। अमेरिका और सहयोगी देशों के बीच कई मुद्दों पर विवाद सामने आया है। गाजा जंग में इजराइल को मदद देने की वजह से अमेरिका को कई देशों की नाराजगी झेलनी पड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## सऊदी अरब में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

**एजेंसी, रियाद**

**सऊदी** अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जाएंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गए थे। तेलंगाना मंत्रिमंडल ने फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जाएगा।

हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जाएगा। हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलाना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है। (अनंत ज्ञान)

## द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट बंद

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग**

**द्वितीय** केदार मदमहेश्वर के कपाट मंगलवार प्रातः शीतकाल के मार्गशीर्ष कृष्ण चतुर्दशी स्वाति नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में बंद हो गए। साढ़े तीन सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के मौके पर साक्षी बने। कपाट बंद होने के बाद मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली भंडार निरीक्षण और मंदिर की परिक्रमा के पश्चात ढ़ोल-दमाऊं के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार के लिए प्रस्थान कर गई। तीन दिवसीय मदमहेश्वर मेला 20 नवंबर से शुरू हो रहा है। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पूजा-अर्चना के बाद 7 बजे से कपाट बंद ही प्रक्रिया शुरू हो गई। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### नाओमी ओसाका ने लिया ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से नाम वापस

**एजेंसी, वेलिंगटन।** चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने जनवरी में होने वाले ऑकलैंड के एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। ओसाका अब न्यूजीलैंड के बजाय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले यूनाइटेड कप 2026 में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगी। ओसाका ने सितंबर में घोषणा की थी कि वह अपनी 2026 सीजन की शुरुआत ऑकलैंड से करेंगी, जहां उन्होंने इस साल की शुरुआत में फाइनल तक पहुंचकर शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन अब उन्होंने टूर्नामेंट निदेशक निकोलस लैम्पेरिन को सूचित किया कि वह अपना प्री-ऑस्ट्रेलियन ओपन तैयारी चरण ऑस्ट्रेलिया में ही शुरू करना चाहती हैं। यूनाइटेड कप में ओसाका जापान की टीम में शिंटारो मोचिजुकी के साथ खेलेंगी। टूर्नामेंट 2 से 11 जनवरी तक पर्थ में होगा, और ग्रुप स्टेज में जापान का सामना ब्रिटेन और ग्रीस से होगा। गौरतलब है कि साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

### आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन पर बाबर आजम पर जुर्माना

**एजेंसी, दुबई।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम पर रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई, जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और राशिद रियाज, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने आरोप लगाए, जबकि आईसीसी के मैच रैफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के अली नकवी ने प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा। (अनंत ज्ञान)

### ढाका हवाई अड्डे पर 10 घंटे तक फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

**एजेंसी, कोलकाता।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था, उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत हॉकी खिलाड़ी डेनिएल ग्रेगा

डेनिएल ग्रेगा एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 में अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम में नामित किया गया था। वह अपने पदार्पण के बाद से राष्ट्रीय टीम में लगातार उपस्थिति रही हैं, और पैन अमेरिकन गेम्स और एफआईएच प्रो लीग जैसे आयोजनों में भाग ले रही हैं।



# ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी की भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में वापसी

## दूसरे टेस्ट मैच से पहले कोलकाता पहुंचे, प्रैक्टिस सेशन में नहीं लिया भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**साउथ** अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में वापस बुला लिया है। वह कोलकाता पहुंच गए हैं। हालांकि, उन्होंने प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया। वहीं, शुभमन गिल टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे, लेकिन अगर दर्द बना रहा तो उन्हें बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजा जा सकता है। दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। शुभमन गिल ने रेड्डी को दो मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन कोलकाता में हुए पहले टेस्ट से ठीक पहले उन्हें रिलीज कर दिया गया और भारत-ए की साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ सीरीज के लिए भेज दिया गया था।

बीसीसीआई पहले ही साफ कर चुका था कि वे दूसरे टेस्ट से स्क्वॉड में जुड़ेंगे, लेकिन अब उन्हें निर्धारित समय से पहले बुला लिया गया है। पहले टेस्ट में भारत हारा, मैच ढाई दिन में ही खत्म पहला टेस्ट ईडन गार्डन्स में खेला गया था, जो ढाई दिन में ही खत्म हो गया। भारत को इस मैच में 30 रन से हार झेलनी पड़ी। 14 नवंबर से शुरू हुआ मुकाबला 16 नवंबर की दोपहर में ही समाप्त हो गया, जबकि इसे 18 नवंबर तक खेला जाना था। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 159 और दूसरी पारी में 153 रन बनाए। रेड्डी ने साउथ ए के खिलाफ पहले मुकाबले में 37 रन बनाए थे। राजकोट में पहले भारत-ए मैच में रेड्डी ने 37 रन बनाए और गेंदबाजी में 1/18 का स्पैल डाला। दूसरे मैच में उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में मौका नहीं मिला। अब स्क्वाड में वापसी के कारण वे 19 नवंबर को होने वाला तीसरा भारत-ए मैच नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को कोलकाता में वैकल्पिक नेट सेशन में केवल छह खिलाड़ी पहुंचे, जिनमें सीनियर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा भी शामिल थे। उन्होंने काफी देर तक बैटिंग की। साईं सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने प्रैक्टिस सेशन के दौरान स्पिन गेंदबाजों को केवल एक पैड पहनकर अभ्यास किया, ताकि वे लंबा फ्रंट फुट लेकर गेंद को खेलने की आदत विकसित कर सकें। हैड कोच गौतम गंभीर सुदर्शन के अभ्यास पर लगातार नजर रखते दिखे। (अनंत ज्ञान)

महिला प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी की तारीख तय

## दीप्ति और वोलवार्ट पर लग सकता है बड़ा दांव

**एजेंसी, मुंबई**

**महिला** प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की मेगा नीलामी की तारीख तय हो चुकी है। डब्ल्यूपीएल 2026 के लिए नई दिल्ली में 27 नवंबर को मिनी नीलामी का आयोजन होगा। टीमों को 73 जगह भरनी है, जिसमें 23 विदेशी खिलाड़ी होंगी। यूपी वॉरियर्स की टीम सबसे बड़े पर्स के साथ उतरेगी। फ्रेंचाइजी के पास कुल 41.1 करोड़ रुपए खर्च करने के लिए हैं।

दीप्ति शर्मा सहित कई दिग्गज खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगी। मेगा नीलामी में दीप्ति और वोलवार्ट पर बड़ा दांव लग सकता है। टूर्नामेंट की गवर्निंग काउंसिल इसके एक दिन पहले बैठक करेगी, ताकि सभी विवरणों को अंतिम रूप दिया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूपीएल 2026 नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम पर आयोजित किया जा सकता है और टूर्नामेंट सात जनवरी से तीन फरवरी तक होने की उम्मीद है। दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस डब्ल्यूपीएल 2026 में खिताब की रक्षा करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि हम 26 नवंबर को बैठक करेंगे, ताकि डब्ल्यूपीएल के अगले संस्करण के लिए स्थल और शेड्यूल को अंतिम रूप दिया जा सके।

डब्ल्यूपीएल 2026 को इसकी सामान्य विंडो से पहले आयोजित किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि भारत-श्रीलंका के साथ मिलकर पुरुषों का टी-20 विश्व कप सह-मेजबानी करेगा, जिसके तुरंत बाद दो महीने लंबा आईपीएल खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सहवाग के बेटे आर्यवीर ने 99 रन बनाकर दिलाई टीम को जीत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कमाल की बैटिंग कर अपनी टीम को जीत दिलाई है। कूच बेहार ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेल रहे आर्यवीर सहवाग ने बिहार के गेंदबाजों को रिमांड पर लिया और मैच में 99 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। आर्यवीर सहवाग के अलावा तेज गेंदबाज लक्ष्मण ने कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करते हुए कुल 11 विकेट चटकाए। इस खिलाड़ी ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 4 विकेट उड़ाए। पालम के एयरफोर्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में दिल्ली की शुरुआत खराब रही। आराध्य चावला महज 4 रन बनाकर आउट हो गए। तन्मय चौधरी भी खाता नहीं खोल सके, लेकिन इसके बाद आर्यवीर सहवाग ने कप्तान प्रणव पंत के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 147 रन जोड़े। इन दोनों खिलाड़ियों ने चौकों की बरसात कर दी। हालांकि, आर्यवीर और पंत दोनों शतक नहीं लगा पाए। (अनंत ज्ञान)

## भारत की हार के बाद ईडन गार्डन्स पिच पर टीम मैनेजमेंट घिरी

**एजेंसी, कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ईडन गार्डन्स में खत्म हुए पहले टेस्ट ने भारतीय क्रिकेट में एक बड़ा भूचाल ला दिया है। 124 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया 93 पर ऑल आउट हुई और महज तीन दिनों में मैच हार गई। इस प्रदर्शन ने नए विवाद को जन्म दिया। भारतीय टीम की यह पिछले 13 महीने में घर पर टेस्ट में चौथी हार रही। इससे खिलाड़ियों से लेकर टीम मैनेजमेंट की रणनीति तक पर सवाल उठे। हालांकि, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद पिच को लेकर बयान दिया था और इसने ईडन गार्डन्स को सवालों के कटघरे में ला खड़ा किया।

इस पर अब पिच क्यूरेटर का बयान सामने आया है। इसके अलावा सुनील गावस्कर और मोहम्मद कैफ ने भी गंभीर पर निशाना साधा है। ईडन गार्डन्स के पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने पहली बार अपनी बात खुलकर रखी। उनका कहना था, 'यह पिच बिलकुल खराब नहीं थी। मैंने वही किया जिसकी मुझे निर्देश दिए गए थे।' मुखर्जी ने साफ किया कि उन्होंने अपनी ओर से कोई मनमानी नहीं की, बल्कि टीम मैनेजमेंट के निर्देशों के अनुसार ही सतह तैयार की।

जब गंभीर ने मैच के बाद कहा कि 'विकेट में कोई डेमन नहीं थे' और बल्लेबाजों पर दबाव संभालने की कमी का आरोप लगाया, तो क्यूरेटर की बात और गंभीर की मांगों का मेल एक नई बहस को जन्म दे गया। (अनंत ज्ञान)

## भारत में होने वाले डब्ल्यूटीएल में भाग लेंगे मेदवेदेव, रयबाकिना और बोपन्ना

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है।

मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हाल ही में शीर्ष स्तर के टेनिस से संन्यास लेने वाले रोहन बोपन्ना, सुमित नागल, युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपती और माया रेवती लीग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।



रयबाकिना ने कहा, 'मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने के लिए रोमांचित हूं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने के लिए तैयार हूं।' डब्ल्यूटीएल में चार टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी। प्रत्येक मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल और दो युगल मैच खेले जाएंगे। राउंड रोबिन के बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। (अनंत ज्ञान)

## पायस ने आकाश को हराकर राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब जीता

**एजेंसी, पंचकूला**

दिल्ली के पायस जैन और पीएसपीबी की स्वास्तिका घोष ने यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करके पुरुष और महिला एकल खिताब जीते।

पुरुष एकल फाइनल में पायस ने रेलवे के आकाश की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 12-10, 10-12, 7-11, 11-9, 11-7, 11-8 से जीत हासिल की। महिला एकल फाइनल में स्वास्तिका ने पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास को छह गेम के रोमांचक मुकाबले में 12-10, 12-14, 12-10, 11-8, 9-11, 12-10 से हराया। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने एम. बालामुरुगन को 4-1 से हराकर लड़कों के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने तमिलनाडु की श्रेया आनंद को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)

## शाहीन अफरीदी के घर डिनर करने के बाद श्रीलंकाई कुछ प्लेयर्स हुए बीमार, स्वदेश लौटे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**श्रीलंका** की नेशनल क्रिकेट टीम इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर है। हालांकि इस सीरीज में श्रीलंका के लिए कोई भी घटनाक्रम सही होता नहीं दिख रहा है। दौरे के दौरान ही इस्लामाबाद में भीषण बम ब्लास्ट के बाद इस सीरीज के रद्द होने की बात कही जा रही थी। कई खिलाड़ियों ने अपनी सुरक्षा को देखते हुए सीरीज से हटने का फैसला भी किया था। वहीं, अब एक नए मामले में श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों को स्वदेश लौटना पड़ा है। दरअसल पिछले दिनों पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी के घर पर श्रीलंकाई खिलाड़ियों के लिए डिनर (रात्रिभोज) का आयोजन किया गया था। इस डिनर में लगभग सभी खिलाड़ी पहुंचे थे। लेकिन अब खबर मिली है कि, डिनर के बाद श्रीलंकाई कप्तान चरिथ असलंका और तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो गंभीर तौर पर बीमार हो गए है। (अनंत ज्ञान)

## जर्मनी ने किया फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई

### स्लोवाकिया को 6-0 से हराया; नीदरलैंड्स ने भी लिथुआनिया को हराकर अपनी जगह पक्की की

**एजेंसी, लीपजिग**

जर्मनी और नीदरलैंड्स ने यूरोपीय क्वालिफायर के अंतिम मुकाबलों में बड़ी जीत दर्ज कर 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। जर्मनी ने लीपजिग के रेड बुल एरेना में स्लोवाकिया को 6-0 से हराया। इसके साथ ही टीम लगातार 19वीं बार टूर्नामेंट में जगह बनाने में सफल रही। वहीं, एम्स्टर्डम में नीदरलैंड्स ने लिथुआनिया को 4-0 से मात दी।

लेरॉय साने ने जर्मनी के लिए दो गोल किए जर्मनी की ओर से निक वोल्टेमाडे (18वें मिनट), सर्ज ग्नब्री (29'), लेरॉय साने (36' और 41'), रिडल बाकू (67') और असन ओउएड्रागो (79') ने गोल किए। साने ने मैच में दो गोल दागकर टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, नीदरलैंड्स की जीत तिजानी रेनडर्स (16'), कोडी गाक्पो (58', पेनल्टी), जावी सिमन्स (60') और डोनियेल मालेन (62') के गोलों की बदौलत आई। टीम ने शुरुआती बढ़त को पूरे




मुकाबले में कायम रखा। जर्मनी ने 4 बार खिताब जीते ब्राजील फीफा वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है। ब्राजील ने सबसे ज्याया पांच बार वर्ल्ड कप जीते हैं, उसके बाद जर्मनी और इटली का स्थान है, जिन्होंने चार-चार बार खिताब जीता है। अर्जेंटीना ने तीन खिताब जीते हैं, जबकि फ्रांस और उरुग्वे ने दो-दो बार खिताब जीते हैं। इंग्लैंड और स्पेन ने एक-एक बार यह टूर्नामेंट जीता है। नीदरलैंड की टीम अभी तक वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। वह 1974, 1978 और 2010 में उपविजेता रही थी। पहली बार 3 देश मेजबानी करेंगे फीफा वर्ल्ड कप 2026 अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा मिलकर आयोजित करेंगे। इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि तीन देशों को वर्ल्ड कप की मेजबानी सौंपी गई है। 2026 का मुकाबले के लिए 16 मेजबान शहरों की घोषणा की है। इस बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। अब तक 32 टीमें ही हिस्सा ले रही थीं। 80 में से 60 मैच अमेरिका में होंगे 2026 में होने वाले इस टूर्नामेंट में 80 में से 60 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। कनाडा और मेक्सिको में 10-10 मैच खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज वनडे सीरीज से डेरिल मिचेल बाहर

### हैगले ओवल में खेले गए पहले वनडे मैच में मिचेल को जांघ में आया खिंचाव

**एजेंसी, वेलिंगटन**



**न्यूजीलैंड** के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दूसरे वनडे के लिए नामित किए गए हेनरी निकोल्स अब पूरी सीरीज में टीम का हिस्सा बने रहेंगे। पहले वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ हैगले ओवल में खेले गए मैच में शतक जमाने के दौरान मिचेल को जांघ में खिंचाव महसूस हुआ था। उनकी शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने यह मैच 7 रन से जीता था।

चोट के कारण वह दूसरी पारी में मैदान पर नहीं लौट सके। स्कैन में हल्की ग्रोइन इंजरी (माइनर टियर) की पुष्टि हुई है, जिसके लिए दो सप्ताह के रिहैब की आवश्यकता होगी। टीम प्रबंधन के अनुसार, मिचेल के 2 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि इंजरी के कारण किसी खिलाड़ी का सीरीज़ से जल्दी बाहर होना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर जब वह शानदार फॉर्म में हो। डेरिल इस समर में हमारे सबसे बेहतरीन वनडे खिलाड़ी रहे हैं, और उनकी कमी तय है। अच्छी बात यह है कि चोट मामूली है और वह टेस्ट सीरीज़ के लिए उपलब्ध रहेंगे। निकोल्स की वापसी पर उन्होंने कहा, 'हेनरी फोर्ड ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में हैं और अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऐसे खिलाड़ियों को मौका देना हमेशा खुशी की बात होती है, और हमें भरोसा है कि मौका मिलने पर वे अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। (अनंत ज्ञान)

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, सिडनी।** भारत के स्टार शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। महिला युगल में हालांकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने पहले मैच में इंडोनेशिया की एफ कुसुमा और एम पुष्पितसारी की जोड़ी से 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। आखिर में भारतीय जोड़ी अपने तीसरे गेम प्वाइंट को भुनाने में सफल रही। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल 2026 के लिए 9 टीमों के कप्तान तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आईपीएल** 2026 ऑक्शन के लिए सभी टीमों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस को टीम की कमान सौंपने की घोषणा भी कर दी है। इस तरह अब 10 में से 9 टीमों के कप्तान तय हो गए हैं। अब सबकी नजर राजस्थान रॉयल्स पर है।

आईपीएल की रिटेंशन लिस्ट सामने आने के बाद अब सभी टीमों ने दिसंबर में होने वाले मिनी ऑक्शन के लिए अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है, ताकि कमियों को पूरा करने के लिए अच्छे विकल्प तलाशे जा सकें। इसी बीच सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस को टीम की कमान सौंपने की घोषणा भी कर दी है। इसका मतलब है कि 9 टीमों ने आईपीएल के 19वें सीजन के लिए अपने कप्तान तय कर लिए हैं। सीधे शब्दों में कहें तो ये वे टीमें हैं, जिन्होंने अपने कप्तानों में कोई बदलाव नहीं किया है या नहीं करेंगी। हालांकि, उपकप्तानी की भूमिका के लिए नए चेहरे सामने आ सकते हैं। अब सबकी नजर राजस्थान रायल्स पर टिकी हैं, जिसे संजू सैमसन के जाने के बाद अपना नया कप्तान चुनना है। (अनंत ज्ञान)

### आईपीएल 2026 के कप्तान

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़
**सनराइजर्स हैदराबाद** : पैट कमिंस
**गुजरात टाइटन्स** : शुभमन गिल
**लखनऊ सुपर जायंट्स** : ऋषभ पंत
**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार
**दिल्ली कैपिटल्स** : अक्षर पटेल
**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर
**मुंबई इंडियंस** : हार्दिक पंड्या
**कोलकाता नाइट राइडर्स** : अजिंक्य रहाणे
**राजस्थान रॉयल्स**: अभी तय नहीं

### संजू सैमसन को सीएसके में मिलेगी नई जिम्मेदारी

**ऐसे** संकेत हैं कि सीएसके, राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड के बाद अपने नए खिलाड़ी संजू सैमसन को अपना उप-कप्तान बना सकता है। बेशक, एमएस धोनी अपनी नेतृत्वकारी भूमिका में बने रहेंगे, लेकिन इस सलामी बल्लेबाज को चेन्नई में भी जिम्मेदारी मिलनी तय है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स से संजू के जाने पर अब नया कप्तान चुनना होगा। रिपोर्ट में रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपनी की बात कही जा रही है। ऐसे में रियान पराग, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को उप कप्तानी सौंपी जा सकती है। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स इस भूमिका के लिए शशांक सिंह को चुन सकता है।

### टीमों ने इन प्लेयर्स को रिलीज कर चौंकाया

**जहां** आईपीएल 2026 के रिटेंशन की बात है, तो कुछ चौंकाने वाले खिलाड़ी बाहर हुए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने डेवोन कॉनवे और मथीशा पथिराना को बाहर कर दिया, मुंबई इंडियंस ने मुजीब उर रहमान को जाने दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डु प्लेसिस को अलविदा कह दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डेविड मिलर और रवि बिश्नोई को रिलीज कर दिया। केकेआर ने किसी तरह आंद्रे रसेल को रिलीज कर दिया।

### अबू धाबी में 16 दिसंबर को होगी आईपीएल की नीलामी

**अब** आईपीएल 2026 की नीलामी 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली है। साथ ही यह सिर्फ एक दिवसीय आयोजन होगा, क्योंकि यह एक छोटी नीलामी है और सभी फ्रैंचाइजियों के लिए ज्यादा स्थान नहीं बचे हैं।